e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 10, अंक 55
हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

शनिवार
25.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जीवन में ज्यादा रिश्ते होना जरूरी नहीं है, जो रिश्ते है, उनमे जीवन होना जरुरी है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

विस स्थित स्पीकर कक्ष में आयोजित विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए सीएम

# बजट सत्र को लेकर सरकार तैयार: हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू होना है। सत्र सुचारू रूप से चले इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रटीनाथ महतो ने सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई थी। मगर हर बार की तरह भाजपा ने फिर इस बैठक से दूरी बनाई। भाजपा की ओर से कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। हालांकि, इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि बजट सत्र प्रारंभ होना है।

इसको लेकर अध्यक्ष ने हमें यहां बुलाया। सरकार पूरी तरह से तैयार है। सत्र को बेहतर ढंग से चले। राज्य की समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने कहा कि इस बैठक में लगता है विपक्ष को भी बुलाया गया था, लेकिन वे क्यों नहीं आए, ये उनका विषय है। कुल मिलाकर हम सब पूरी तरह से तैयार हैं।

वहीं, बैठक में माले के विधायक विनोद सिंह और निर्दलीय विधायक सरयू राय बैठक में थे। स्पीकर ने बैठक के दौरान सभी से सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। वहीं, सरकार से कहा कि सदन में आने वाली सभी सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तैयारी के साथ आएं।

### चार मार्च को बजट पर वाद-विवाद के बाद होली की छुट्टी

बैठक के दौरान बैठकों की तारीख को लेकर भी चर्चा हुई। माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि 4 मार्च को बजट पर वाद-विवाद है। इसके बाद होली की छुट्टी है। फिर 13 मार्च को वाद-विवाद रखा गया है। इतने लंबे गैप के कारण बजट पर ठीक से चर्चा नहीं हो सकेगी इसलिए चर्चा लगातार दो दिनों तक होनी चाहिए। इसके अलावा 23 और 24 मार्च को भी विधानसभा की बैठक रखी गई है। इसमें भी सुधार की मांग की गई।



### सवाल का जबाव स्पष्ट रूप से मिलना चाहिए

विधानसभा बजट सत्र को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अधिकारियों निर्देश देते हुए कहा कि सवाल का जबाव स्पष्ट रूप से मिलना चाहिए, ताकि सदर में उपस्थित सदस्य जवाब से संतुष्ट हो सके. बजट सत्र के दौरान अधिकारी सदन की कार्यवाही में भाग ले, यह सुनिश्चित होना चाहिए. उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित राज्य के सभी आला अधिकारी मौजूद थे.

### सदन चलाने में पक्ष और विपक्ष की भूमिका अहम

आलमगीर आलम ने कहा कि सदन की कार्यवाही ठीक ढंग से संचालित हो, इसमें पक्ष और विपक्ष की भूमिका अहम होती है. सरकार की ओर से कोशिश की जाएगी कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया जाए. मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा की सदन की कार्यवाही के दौरान सरकार की ओर से विपक्ष को संतुष्ट किया जाएगा. इसके लिए सरकार की ओर से तैयारी की गई है. विधायक सरयू राय और विनोद सिंह ने भी स्पीकर के समक्ष सरहुल की छुट्टी को लेकर चर्चा की.

# मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार : प्रधानमंत्री



एजेंसी

**शिलांग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए चुनावी नारा दिया मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करने से पूर्व रोड शो भी किया। उन्होंने चुनावी सभा में कहा कि राज्य में केन्द्र की तरह ही परिवारवाद हावी रहा है, जिसके चलते विकास यहां से कोसों दूर रहा है। परिवारवादियों ने राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया है। इसके चलते यहां सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधायें लोगों तक नहीं पहुंच पायी हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की निराशा पर तंज कसा और कहा कि जिन्हें देश ने नकार दिया है, 'वे कह रहे हैं कि मोदी तेरी क्रब खुदेगी।'

वहीं ऐसे लोगों को नकारते हुए देश की जनता कह रही है 'मोदी तेरा कमल खिलेगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद मेघालय सहित समूचे पूर्वोत्तर की परिस्थितियों में बदलाव आया है। पहले जहां परिवारवादी छोटे-छोटे मुद्दों में राज्य की जनता को उलझाए रखते थे, अब पूर्वोत्तर में कमल खिलने के साथ ही बदलाव होना शुरू हो गया है। इसी का परिणाम है कि राज्य देश की 'एक्ट इस्ट' का मजबूत स्तंभ बन गया है। अब राज्य वाणिज्य और पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया है। इसी के चलते राज्य की जनता कह रही है मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार। उन्होंने कहा कि वे मेघालय में प्रतिभा और जीवंत परंपरायें देखते हैं और यहां आशा और विकास का संदेश लेकर आये हैं। भारत सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और मेघालय इसमें एक मजबूत योगदान दे रहा है।

### विपक्ष कहे- 'मोदी तेरी क्रब खुदेगी' और जनता कहे 'मोदी तेरा कमल खिलेगा'

## क्विक न्यूज

### मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर मीडिया की कवरेज पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दिया. भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते. हम केवल इस मामले में अपना फैसला सुनाएंगे. यह याचिका वकील एलएल शर्मा की तरफ से दायर की गई थी.इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 17 फरवरी को शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की तरफ से पब्लिश रिपोर्ट के संबंध में चार याचिकाओं के बैच में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इसमें अडानी ग्रुप पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था. इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अडानी ग्रुप को 100 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था.बता दें कि याचिका दायर करने वाले वकील एलएल शर्मा ने सेबी और केंद्रीय गृह मंत्रालय को हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निर्देश देने की मांग भी की है. इसके साथ ही शर्मा ने लिस्टेड कंपनियों से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को रोकने के लिए एक गैग आदेश भी मांगा था.

### चाईबासा में आईईडी विस्फोट, महिला घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोंटो थाना क्षेत्र के पटातारोब गांव और रेंगड़ाहातु के बीच स्थित रुकुबुरु जंगल में एक आईईडी विस्फोट में जेमा बहान्दा ( 55) जख्मी हो गयी। वह लकड़ी चुनने के कार्य से जंगल की ओर गयी थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने शुक्रवार को टोन्टो थाना को दिया । इसके बाद पुलिस ने घायल महिला को उचित चिकित्सीय उपचार के लिए ग्रामीणों के सहयोग से घटना स्थल से निकाला । फिर महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की स्थिति स्थिर है।

### सड़क किनारे खाई में पलटी कार, पांच की मौत

**शोणितपुर (असम):** शोणितपुर के मिटसापलाई में शुक्रवार की तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने केस दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार एक कार तेजपुर की ओर जा रही थी। शुक्रवार की तड़के मिटसापलाई में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गयी। कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आकाशदीप बोरा (कावैमारी), भाईकन पाटदिहिंगिया (बालीपुखुरी), द्विपेन बोरा (गटंगा), बिद्युत नाथ (बेसेरिया) और बिश्वजीत सैकिया (लीकू) (रंगापुखुरी पार) के रूप में हुई है। सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी हुई कार को देख कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। पांच युवकों की मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### भारत के वैक्सीनेशन अभियान ने बचाई 34 लाख से अधिक लोगों की जान: डॉ. मनसुख

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टैनफोर्ड द इंडिया डायलॉग में कहा कि भारत ने वैक्सीनेशन अभियान चलाकर 34 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने सक्रिय, पूर्वव्यापी और श्रेणीबद्ध तरीके से संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज दृष्टिकोण अपनाया, इस प्रकार कोरोना के प्रभावी प्रबंधन के लिए एक रणनीति अपनाई। मांडविया ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल ही में 30 जनवरी को कोरोना अंतरराष्ट्रीय चिंता दिवस घोषित किया है। लेकिन इससे बहुत पहले भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी के खिलाफ एक सकारात्मक प्रतिक्रिया शुरू कर दी थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना(पीएमजीकेएवाई)के तहत, सरकार ने यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया कि कोई भी भूखा न सोए और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित किया गया।


# रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू




एजेंसी

**रायपुर :** कांग्रेस की संचालन समिति ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से फैसला किया कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्यों को नामित करने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अधिकृत होंगे. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी दी. उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि संचालन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला हुआ कि कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकार दिया जाए कि वह कार्य समिति के सदस्य नामित करें. उन्होंने यह भी बताया, ÷हम कांग्रेस के संविधान में संशोधन ला रहे हैं जिसके तहत कमजोर वर्गों, अनूसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए प्रतिनिधित्व सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान किया जाएगा. कांग्रेस के संविधान में कार्य समिति का चुनाव कराने या फिर सीडब्ल्यूसी के सदस्यों को नामित करने के लिए अध्यक्ष को अधिकृत करने का भी प्रावधान है. चुनाव होने की स्थिति में सीडब्ल्यूसी के कुल 25 सदस्यों में से 12 सदस्यों का चुनाव होता है और 11 सदस्यों को पार्टी अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया जाता है. कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल का नेता सीडब्ल्यूसी का स्वतः सदस्य होता है.शुक्रवार से रायपुर में शुरू हुई कांग्रेस अधिवेशन में गांधी परिवार पार्टी की संचालन समिति की बैठक में शामिल नहीं हुआ. यह स्पष्ट संदेश है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पार्टी पर पकड़ मजबूत हो गई है. सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के दोपहर में राज्य की राजधानी में उतरने की उम्मीद है. सूत्रों ने कहा कि बैठक में गांधी परिवार का शामिल न होना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खड़गे को पूरी कमान सौंपी गई है और वे यह संदेश नहीं देना चाहते कि पार्टी में फैसले गांधी परिवार के प्रभाव में किए जाते है.

# छत्तीसगढ़ : पिकअप-ट्रक में टक्कर 11 की मौत, सीएम ने जताया दुख



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापाटा में देर रात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक पिकअप वाहन की ट्रक से टक्कर में 4 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दस से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना बलौदाबाजार और भाटापारा के पास खमरिया की है। वहीं इस मामले में भाटापाठा एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि देर रात बलौदाबाजार और भाटापारा के ग्राम खमरिया के पास ट्रक और पिकअप वाहन में जबदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि मौके पर ही 11 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। डीआई वाहन में लगभग 25 से 30 लोग खिलोरा के लिए निकले थे।बताया गया कि साहू परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब खिलोरा से वापस अपने घर अर्जुनी लौट रहे थे, तभी खमरिया के पास पिकअप वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रायपुर रेफर किया गया है, वहीं अन्य घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतक सात लोगों के शव को भाटापारा पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है।

### कर्नाटक के धारवाड़ में सड़क हादसा, पांच की मौत

**धारवाड़ (कर्नाटक):** कर्नाटक के धारवाड़ में तेगुर गांव के पास गुरुवार रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। हादसे में चार अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी । पुलिस के मुताबिक एक कार चालक ने राहगीर को बचाने की कोशिश की। इस दौरान कार एक ट्रक से टकरा गई। इस दौरान पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी (29), महंतेश बसप्पा मुद्दोजी (40), बसवराज शिवपुत्रप्पा नरगुंड (35), इरन्ना गुरुसिद्दप्पा रामगौदर (35) और श्रीकुमार नरगुंड (5) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक घायलों की पहचान श्रवण कुमार बसवराज नरगुंड (7), मडियावलप्पा राजू अलनावर (22), प्रकाशगौड़ा शंकरगौड़ा पाटिल (22) और मंजूनाथ महंतेश मुद्दोजी (22) के रूप में हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कोल्ड स्टोरेज में बॉयलर फटा, 7 की मौत

**मेरठ (यूपी):** मेरठ जनपद के दौराला क्षेत्र में बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह के कोल्ड स्टोरेज में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज में बॉयलर फट गया, जिसके चलते गैस रिसाव हो गई है और पूरी छत ही उड़ गई। सूत्रों के मुताबिक, सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों मजदूर घायल हुए हैं। वहीं मरने वालों की उम्र 25 से 35 साल बताई जा रही है। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। मारे गए लोगों के प्रति दुख जताते हुए अधिकारियों को बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए।

# सरकार द्वारा वनोत्पाद को बढ़ावा देने का हो रहा संगठित प्रयास

### सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ कृषि एवं वन उत्पाद के क्षेत्र में मजबूत ब्रांड बनाने की ओर अग्रसर

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनोत्पाद से किसानों के स्वावलंबन को सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ते ठोस कदम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वन उत्पाद के मामले में झारखण्ड पर प्रकृति की विशेष मेहरबानी है। लाह, तसर, शहद, ईमली, चिरौंजी, साल बीज, महुआ आदि झारखण्ड के वनों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। राज्य गठन के बाद से राज्य के किसानों को वन उत्पाद का सही मूल्य दिलवा पाना चुनौती का विषय बना हुआ था। लेकिन इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वीर शहीद सिद्दो-कान्हो के नाम से सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ का निर्माण किया, जिसके तहत राज्य के सभी किसानों एवं वन उत्पाद संग्राहकों को संगठित करते हुए उनके विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना तैयार की गयी है। ताकि वनोत्पाद के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हेतु नव ऊर्जा का संचार किया जा सके।

**पैक्स लैंपस को किया जा रहा सशक्त, कार्यशाला का हो रहा आयोजन:** किसानों के वनोपज को उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध कराने के उदेश्य से सभी पैक्स को आधुनिक स्वरूप देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के तहत धरातल पर अब सकारात्मक



प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। इस कड़ी में सहकारिता के माध्यम से कृषि और वन उपज में आजीविका संवर्धन पर सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत रांची से 17 फरवरी 2023 को की गयी। प्रत्येक जिले में कार्यशाला के आयोजन के बाद जल्द ही सभी पैक्स को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। राज्य भर में पैक्स के सदस्यों को उनकी कृषि और उपज के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की योजना भी सरकार की है।

**एक मजबूत ब्रांड को खड़ा करने का प्रयास:** मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत पलाश ब्रांड की ही तरह सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ के विभिन्न उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की जिम्मेवारी निभाई जाएगी। इसका मूल उद्देश्य जिले के सभी लैम्प्स -पैक्स को उचित बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करना, क्षमता निर्माण, प्रसंस्करण और एक मजबूत ब्रांड को खड़ा करना है। सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ में त्रिस्तरीय संरचना का गठन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर लैम्प्स -पैक्स, जिला स्तर पर संघ एवं राज्य स्तर पर महासंघ कार्य करेगा। पंचायत स्तरीय समिति उत्पादन एवं संग्रहण का जिम्मा एवं जिला स्तरीय संघ प्रसंस्करण की जिम्मेवारी निभाएगी। विभिन्न सुविधाओं से जोड़ते हुए वनोत्पाद के साथ आगे बढ़ने की जो परिकल्पना की गयी है, उससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ कृषि एवं वन उत्पाद के क्षेत्र में देश में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल होगा।

### रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने का कार्यकाल अगले साल अक्टूबर तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने देश के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की सेवा में विस्तार को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर 2024 तक या अगले आदेश तक के लिए बढ़ाया गया है। उन्होंने देश के 40वें रक्षा सचिव के रूप में पिछले साल 01 नवंबर को कार्यभार संभाला था। उन्होंने इसी माह बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दूसरे दिन संयुक्त अरब अमीरात, म्यांमार, ब्राजील, कंबोडिया, बुल्गारिया और मॉरीशस के रक्षा प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात करके रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की।

# जिले के नए उपायुक्त ने बंशीधर मंदिर में टेका माथा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिले के नये उपायुक्त शेखर जमुआर प्रभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना किया। मंदिर के पुजारियों ने उपायुक्त को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया। उपायुक्त ने बाबा बंशीधर की पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना व जिले में अमन चैन व सुख-शांति के लिए प्रार्थना किया। मंदिर के पुजारियों ने नये उपायुक्त को बाबा बंशीधर की तस्वीर एवं बुके देकर सम्मानित किया तथा मंदिर के पुराने इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया. दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि आज श्री बंशीधर बाबा का दर्शन एवं पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दर्शन कर मैं धन्य हो गया. उन्होंने कहा कि ऐसी सुंदर और मनमोहिनी प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं है.इसके बाद भी विकसित नहीं होना दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इस मंदिर का विकास करने की दिशा में पहल किया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने जिले के नये उपायुक्त शेखर जमुआर को शॉल देकर व बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया. दर्शन के बाद उपायुक्त ने हेन्हों मोड़ के निकट निर्माणाधीन बस स्टैंड, अधौरा रोड स्थित सर्किट हाउस का जायजा लिया। उन्होंने नयाखांड स्थित बभनी खाड़ डैम एवं गोसाईबाग में आयोजित होने वाली बंशीधर महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, सीआई दुखन राम, नगर प्रबंधक रवि कुमार, पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार दास, कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन, नगर पंचायत के नाजिर दिलीप कुमार, कनीय अभियंता उदय शंकर, लिपिक हरिओम चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंचलाधिकारी से मिले लोहड़ा के रैयत, बाजार दर पर मुआवजा भुगतान की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** नेशनल हाईवे 75 के प्रभावित लोहड़ा ग्राम के रैयत शुक्रवार को पंडवा अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद से मिलकर मांग पत्र सौंपा। प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अंचलाधिकारी से मिलकर रैयतों ने कहा कि एनएचआई जमीन का अधिग्रहण कर रहा है। अधिग्रहण के कारण कई घर उजड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सर्किल रेट पर नहीं बल्कि बाजार दर को आधार बनाकर मुआवजा का भुगतान कराया जाए । कहा कि लोहड़ा गांव का सर्किल रेट बहुत ही कम है। सर्किल रेट पर मुआवजा भुगतान होने से प्रभावित लूट जाएंगे । प्रभावितों का बड़ा नुकसान होगा। लोहड़ा के सड़क किनारे की जमीन काफी महंगी बिक रही है। बाजार दर 2 लाख रूपए प्रति डिसमिल है। प्रभावित ग्रामीणों ने बाजार दर पर मुआवजा भुगतान की मांग अंचलाधिकारी के समक्ष रखी। अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से सुना। कहा कि प्रभावितों को न्याय मिलेगा। परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके पूर्व प्रखंड प्रमुख गीता मेहता व मुखिया सुमिता देवी ने कहा कि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में प्रभावित रैयतों के साथ खड़ी रहेंगी। मौके पर लोहडा के ग्रामीण पारस नाथ मिश्रा, श्री कांत मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, अनिल मिश्रा, दिनेश मिश्रा , शैलेन्द्र तिवारी सहित कई प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों ने अंचलाधिकारी को वर्ष 2011 से लेकर 2022 तक एनएच के किनारे बिक्री हुए जमीन के केवाला की छाया प्रतियां व हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा।

## बूथ कमिटी एंव पन्ना प्रमुख सशक्तिकरण को लेकर की गई बैठक



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड मुख्यालय में बूथ कमिटी एंव पन्ना प्रमुख सशक्तिकरण को लेकर की गई बैठक. ईस बैठक की अध्यक्षा पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह एंव संचालन मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय एंव श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व वन्दे मातरम गाकर शुभारंभ किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एंव कार्यक्रम के प्रभारी विनोद तिवारी, मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव उपस्थित रहे। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी ने कहा बूथ स्तर पर पार्टी कैसे मजबूत हो ईस पर बिचार करने एंव अभी से लग जाने की जरूरत है। आने वाले समय में सभी जगह भाजपा कैसे मजबूती के साथ जित हांसिल करें इसके लिए अभी से लग जाने की जरूरत है। कार्यक्रम के प्रभारी विनोद तिवारी ने बूथ को मजबूत करने एंव पन्ना प्रमुख के कार्यों के बारे में जानकारी दी। वही सिलदिली के बीसहीया निवासी श्रवण पहिया को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. मौके पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम पर शम्भूशरण सिंह, सतीश, बीरेंद्र सिंह, जवाहर पासवान, पंकज पांडेय, आशुतोष सुमन, जनक शर्मा, मुन्नी देवी, ननदेव सिंह, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, मनमोहन पांडेय, के साथ साथ अन्य कई लोग उपास्थित रहे।

# विवाहिता को जबरन उठा ले जाने वाला अभिषेक सिंह चार दिन बाद गिरफ्तार

### महिला द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर की गई कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** थाना क्षेत्र के मुसीखाप पंचायत क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय विवाहिता को उसके ससुराल से जबरन अपहरण कर उठा ले जाने के आरोपी अभिषेक सिंह पिता बृजदेव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पांडु के थाना प्रभारी पवन कुमार ने टेक्निकल सेल की मदद से आरोपी अभिषेक सिंह को गुरूवार के दिन गिरफ्तार किया था जिसके बाद शुक्रवार के दिन पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मुसीखाप पंचायत क्षेत्र से गत 19 फरवरी को एक 21 वर्षीय एक बच्चे की मां को उसी गांव का रहने वाला अभिषेक सिंह जबरन उठा ले गया था और उसे कानपुर में रखे हुए था। महिला किसी तरह कानपुर से मुसिखाप पंचायत क्षेत्र लौटी और इस संबंध पांडू थाना में अपहरण और दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई। सूचना पाकर पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि अभिषेक सिंह का गांव में भी लोगों से मारपीट करने, बेवजह लोगों से उलझने, पूजा-पाठ के जुलूस में बिघ्न डालने, आदि का मामला कई बार सामने आया है। यह भी जानकारी मिली है कि ईस लड़का के साथ अन्य कई लड़के गिरोह के रूप में कार्य करते हैं. पांडू पुलिस की पैनी नजर उन सभी लोगों पर भी बनी हुई है। हालांकि जिस महिला के साथ यह घटना घटी है उसका पति बाहर में रहकर काम करता है। महिला अपने बच्चे और सास-ससुर के साथ ससुराल में थी। गहन पुछ-ताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## झामुमो प्रखंड कमिटी गठन को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा इकाई के प्रखण्ड कमीटी के विस्तार को लेकर मनोज यादव के नेतृत्व में ब्रजेश कुमार सिंह के आवास पर एक बैठक किया गया।उक्त बैठक मे नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला उपाध्यक्ष ललू राम के द्वारा पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाकर पार्टी के निजी सिद्धांत के अनुरूप अनुशासित तरीके से पार्टी हित में कार्य करेंने का सपथ दिलाया गया, साथ ही पंचायत कमिटी का पुर्नगठन कर बुथ कमिटी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। 72 सदस्यीय प्रखंड कमिटी में समाज के सभी वर्गो के लोगों का समायोजन किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने शपथ लिया की सरकार की उपलब्धि को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। प्रखण्ड मे व्याप्त भ्रष्टाचार पर पैनी नजर रखी जाएगी, लापरवाह पदाधिकारीयों पर भी नजर रखी जायेगी। इस बैठक की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह तथा संचालन विनोद कुमार सिंह ने किया। बैठक के पश्चात सर्वसम्मति से नवनियुक्त पदाधिकारियों में मनोज प्रसाद यादव को प्रखंड अध्यक्ष जबकि उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, राम सुंदर दास, शैलेन्द्र कुमार यादव, सुनील सिंह खखार समशेर आलम, सचिव विनोद कुमार सिंह, सह सचिव हिरामन मुईया, शैलेस चौबे, प्रवक्ता अरविन्द कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अजमुदीन अंसारी उपकोषाध्यक्ष विजय राउत, संगठन सचिव राजकुमार मेहता, सह संगठन सचिव खदेरन बैठा,यमुना पासवान, संयुक्त सचिव विगन विश्वकर्मा, रामनिवास साह, गोपाल उरांव, सुखाडी भुईयां, नवलेश पासवान, मीडिया प्रभारी में शशि कुमार दुबे को घोषित किया गया।

## आज विश्रामपुर रेड रोज स्कूल में लगेगा विज्ञान प्रदर्शनी व होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर नगर परिषद में अवस्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में आज शनिवार 25 फरवरी को विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सारी तैयारी विद्यालय के शिक्षक व स्कूली बच्चों के द्वारा कर ली गई है। इसकी जानकारी स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने दी। श्री पांडेय ने बताया कि इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने विज्ञान से संबंधित कई अदभुत चीजें बनाई है। जिसका प्रदर्शन उनके द्वारा किया जाएगा। बच्चों ने कई अविष्कार भी किए है, जो इस प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम व विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर विद्यालय की ओर से सारी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक आयुक्त मोहम्मद परवेज आलम, विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन आदि होंगे।

## एसवीएम के प्रधानाचार्य ने शैक्षणिक यात्रा वृतांत पलामू किला नामक पत्रिका का किया विमोचन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने स्वरचित एवं स्व लिखित विद्या मंदिर का शैक्षणिक यात्रा वृतांत पलामू किला नामक पत्रिका शुक्रवार को कक्षा दसवीं के कक्षाचार्य नीरज कुमार सिंह एवं सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव को हस्तगत किया. प्रधानाचार्य रवि कांत पाठक ने बताया कि दिनांक 19 फरवरी 2023 को विद्यालय के कक्षा दशम के भैया-बहनों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेतला राष्ट्रीय उद्यान व पलामू किला का भ्रमण किया. इस यात्रा को सफल होने पर उन्होंने अपनी लेखनी से विभिन्न स्थानों के चित्र सहित सारगर्भित विवरणों द्वारा पत्रिका की रचना की.उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी भैया-बहन बेतला राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर काफी उत्साहित है.वे लोग म्यूजियम के साथ पलामू किला के विभिन्न भागों को ऐतिहासिक रूप में दर्शन किया साथ ही आवासीय कल्याण विद्यालय का भी भ्रमण कर वहां के छात्राओं से मिलकर काफी आनंदित हुए। इसी याद को बनाए रखने के लिए प्रधानाचार्य ने उसे पत्रिका में उकेरा शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज कुमार सिंह, विवेक पाठक, सुजीत कुमार दुबे, दीपक सिंह, नीतू कुमारी, रेनू पाठक अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सर्वसम्मति से मदीना मस्जिद का सदर चुने गए समी अख्तर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुस्लिम नगर में स्थित मदीना मस्जिद के सदर का चुनाव अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पलामू सदर गुलाम गौस उर्फ गुड्डू खान के नेतृत्व में सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सभी मेम्बरान एवं आसपास के सभी शहरवासी उपस्थित रहे। सदर पद के लिए पहला रागीब खान, दूसरा नौशाद खान उर्फ गुड्डू, तीसरा समी अख्तर नाम प्रस्तावित किया गया। जबकि सर्वसम्मति से समी अख्तर का नाम सदर पद के लिए घोषित किया गया। नवनियुक्त सदर समी अख्तर ने कहा कि अंजुमन कमेटी द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सदर के रूप में दी गई है मैं उस जिम्मेवारी को हर समय बढ़-चढ़कर निभाने का कार्य करूंगा और एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर समाज की भलाई एवं मस्जिद विकास के लिए कार्य भी करूंगा। इस मौके पर मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के सदर जिशान खान, जलील अंसारी, परवेज अख्तर, नोमान मजर, मोहम्मद जकरिया, अहमद कुरेशी, ईसाक हवारी, गुल खान उर्फ नन्हे, इरफान खान उर्फ बाबू, अहमदी खान, मिट्ठू खान, दानिश कुरैशी आदि मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी के नेता ने एसपी चंदन सिन्हा से मिल कर दी बधाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने पांकी की घटना को लेकर पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा से मूलाकात कर पांकी की घटना में जिला प्रशासन की सूझ बूझ से बड़ी घटना होने से पांकी को बचाने, बाजार में अमन चैन स्थापित करने को लेकर बधाई दी है साथ ही साथ घटना में निर्दोष लोगो को बेवजह पुलिस द्वारा परेशान नही करने का आग्रह किया श्री जायसवाल ने घटना चौक पर पुलिस चौकी स्थापित करने और पांकी बाजार में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने का भी आग्रह किया जिसपर पुलिस अधिक्षक श्री सिन्हा ने अस्वस्त किया की कोई भी निर्दोष परेशान नही होगा जो इस घटना में नही है वे अपनी बात आवेदन में लिखकर मुझे दे उनके साथ न्याय होगा श्री जायसवाल ने प्रेस को बताया की पांकी के लोग अमन पसंद लोग है और इस गरिमा को पूर्व की तरह लोग बनाकर रखेगे कानून को कोई भी व्यक्ति अपने हाथ में नही लेगा जो कुछ भी हो उसकी सूचना जिला प्रशासन को दे श्री जायसवाल के साथ आप के नेता अरविंद मेहता, संजय प्रजापति शामिल थे।

## धनमानी +2 उच्च विद्यालय के छात्रों ने किया आईटीआई में शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट धनमानी +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को हरिहरगंज के कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई का शैक्षणिक भ्रमण किया। एनएसक्यूएफ योजना की कड़ी में विद्यालय के कक्षा नवम से बारहवीं के 125 छात्र-छात्राएं आईटीआई पहुंचे। इस दौरान छात्रों ने इलेक्ट्रिशियन, फीटर, मशीनिस्ट, बेल्डर आदि ट्रेडों के शैक्षणिक प्रक्रिया को नजदीक से जाना-समझा। संस्थान के निदेशक सतेंद्र मेहता ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं आईटीआई के प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे छात्रों को कौशल विकास के व्यवहारिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों को कौशल विकास के महत्व से परिचित कराया। मौके पर रविरंजन वर्मा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रवि कुमार यादव शिक्षक राकेश रंजन अमित कुमार कंचन बाला साबीर अंसारी लालदेव राम राजेश सिन्हा अनुदेशक प्रशांत कुमार अरविंद सिंह राहुल कुमार कुंदन कुमार रमी सिंह सुदेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया एवं जी-20 विषयों पर शुक्रवार को चैनपुर के श्री सद्गुरु प्रताप हरि +2 उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष जागरूकता कार्यक्रम के प्री-प्रोग्राम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभागिता की। इससे पूर्व सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्द्धा की भावना विकसित होती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री ब्रजकिशोर तिवारी एवं शिक्षकों को नव वर्ष का विभागीय कैलेंडर भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजकिशोर तिवारी, राम प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार, अशोक कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिर्की ,उमेश राम, कुमारी रीता, श्वेता सुमन, बृज बिहारी, चंद्रशेखर, कृष्ण मुरारी, अर्चना कुमारी, प्रदीप कुमार चौरसिया, आकाश कुमार, भोला सिंह, राजेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम आज, प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत। सीबीसी डालटनगंज के द्वारा 25 फरवरी को रा. श्री सद्गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात भाषण, एवं क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। शनिवार को ही सभी प्रतिभागियों को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा।

## क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर उतारने को लेकर हमेशा तत्पर हैं। उक्त बातें हरिहरगंज हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हरिहरगंज के सुदूरवर्ती गांव सरसोत में भवन निर्माण विभाग अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम के ऑनलाइन संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि वे जनहित में सभी जनोपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटे हैं। कहा की वैश्विक महामारी कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुई थी किंतु अब क्षेत्र में विकास की गति रफ्तार पकड़ेगी। इसके पहले विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सह एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजीत सिंह ने निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन के बाद करीब 55 लाख की लागत से निर्माण होनेवाले उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधायक श्री सिंह के द्वारा विस क्षेत्र के सभी गांवों में सड़क, पुल पुलिया, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनकल्याण की सैंकड़ों योजनाओं की स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने विधायक के कई उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से इलाके के समुचित विकास के लिए एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की। इस दौरान हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने भी विधायक श्री सिंह के कार्यों की सराहना की। मौके पर पथरा पिकेट प्रभारी नितीश कुमार एनसीपी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह, आबिद हुसैन, विजय कुमार सिंह, पंसस शीलू सिंह, मनीष कुमार सिंह, जितेन्द्र मेहता, शिव बैठा, हंसराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, रामबृक्ष मस्ताना, भोला सिंह, डॉ0 अवध दास, सुरेन्द्र कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, इंद्रदेव भारती, अशोक मेहता सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएस के साथ धक्का मुक्की से क्षुब्ध डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ धरने पर बैठे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सिविल सर्जन ऑफिस में हंगामा और सदर अस्पताल के डीएस डॉ अवधेश सिंह के साथ कथित धक्कामुक्की और हाथापाई की घटना से क्षुब्ध डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ धरने पर बैठकर विरोध प्रकट कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह सदर अस्पताल में चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों, आयुष चिकित्सकों और एन आर एच एम के कर्मियों की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बीमार मरीज और पब्लिक को परेशानी नहीं हो इसलिए इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेगी। इमरजेंसी सेवा को छोड़ ओपीडी समेत सारे कार्य बाधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में कल की घटना में शामिल लोगों पर गढ़वा थाने में एफआईआर कराने, घटना से जिले के डीसी, डीडीसी और यूनियन के प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उनलोगों को आयुष चिकित्सकों और एन आर एच एम कर्मियों का समर्थन प्राप्त है। सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ अरुण कुमार सिंह, डीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह, पूर्व सीएस डॉ एनके रजक, पूर्व सीएस डॉ कमलेश कुमार, पूर्व सीएस दिनेश सिंह, डॉ दिवाकर, डॉ निशांत, डॉ दिनेश सिंह, डॉ विकास कुमार, डॉ रवि, डॉ जियाउल हक, डॉ पुष्पा सहगल, डॉ मेहरू यामिनी, डॉ सीमा, डॉ स्नेहलता, डॉ माया, डॉ राजेश सिंह, डॉ टी पीयूष, डॉ नाथुन साह, डॉ पी कसमूर, डॉ पीयूष प्रमोद, डॉ प्रशांत प्रमोद, डॉ पंकज प्रभात, डॉ अनिल साह, डॉ असजद अंसारी, डॉ राकेश तरुण, डीपीएम प्रवीण सिंह, डॉ आरएस सिंह, डीपीसी जे एक्का, सीसीओ कंचन कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार, बिमलेश कुमार, डॉ बीरेंद्र कुमार समेत सभी मेडिकल

**संक्षिप्त खबरें**

## मुख्यमंत्री के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार को ईडी ने किया समन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार को ईडी ने समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि ईडी ने उन्हें 28 फरवरी को पूछताछ के लिए रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। यह मामला प्रेम प्रकाश के यहां एके 47 बरामदगी से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय कि पवार ब्रोकर के नाम से चर्चित प्रेम प्रकाश को ईडी ने अगस्त महीने में गिरफ़्तार किया था। इस दौरान ईडी ने प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास से दो एके-47 और गोलियां बरामद किया था। हथियार कांस्टेबल मुकेश कुमार और श्यामल होरो को जारी किये गये थे। दोनों सिपाहियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वे मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थे।

## बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल प्रतियोगिता 26 से

**रांची:** झारखंड स्टेट बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल प्रतियोगिता का आयोजन रांची के हरमू रोड स्थित दिगम्बर जैन भवन में 26 फरवरी को होगा। इसमें झारखंड से 24 जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के बीच दो भागों में बांटा गया है। पहले में 23 साल के उपर के खिलाड़ी होंगे जबकि दूसरे भाग में 23 साल से कम उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। साथ ही साथ इस खेल में द अंटी डॉटेस बैंड के द्वारा म्यूजिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, लोहरदगा भाजपा प्रभारी मनोज मिश्रा और मिस फेमिना झारखंड 2023 श्रृष्टि श्रेया उत्साहवर्धन करेंगी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को एक लाख रुपये तक का पुरस्कार वितरित किया जाएगा। बीस्ट क्लासिक झारखंड स्टेट बेंचप्रेस डेडलिफ्ट और पुश-पुल चैंपियनशिप के ऑर्गेनाइजर विशाल कुमार झा और मोनू सिंह हैं। एमवीजे सप्लिमेंट, जिमहोलिक रांची, एमएस फिटनेस देवघर, बीएनूट, मंगल स्टोर स्पॉन्सर करेंगे।

# शादी का माहौल मातम में बदला, पुलिस जांच में जुटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शादी का माहौल अचानक मातम में तब्दील हो गया। देखते ही देखते पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना है लोअर बाजार थाना क्षेत्र के चर्च रोड की। बताया जा रहा है कि गुरुवार को देर रात शादी वाले घर में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक अमन सिद्दीकी चर्च रोड का ही रहने वाला था। अमन अपने करीबी के घर शादी के लग्न कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। मृतक अमन सिद्दीकी चर्च रोड के आरएस टावर के पास का रहने वाला था। चर्च रोड के ही रहने वाले उसके करीबी मोहम्मद नसीम के बेटे की शादी एक दिन बाद होने वाली है। इसी को लेकर घर में लग्न कार्यक्रम चल रहा था। लग्न कार्यक्रम में ही नाच गाने करने लगे। इसी बीच एक युवक जिसकी पहचान आशु के रूप



में हुई है उसने अपने पास रखें पिस्टल से अमन के ऊपर फायरिंग कर दी।फायरिंग के बाद लग्न कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच घायल अमन को लेकर कुछ लोग अस्पताल गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस पहुंची:** घटना की सूचना मिलने पर लोअर बाजार पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची, तब तक अमन को रिम्स ले जाया गया जहां पुलिस की एक टीम आनन-फानन में रिम्स पहुंची। अमन के परिजनों ने पुलिस को गोली मारने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी दी है ।

**थाना प्रभारी ने बताया:** लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि घटना देर रात की है। आरएस टावर में शादी के लग्न का कार्यक्रम चल रहा था । इसके बाद सभी अपने घर चले गए । कुछ युवक रात में नाच गाना करने के लिए रुक गए । इसी में एक आशू नाम का लड़का पिस्टल निकालकर चमका रहा था, जिसमें गोली चल गई और सिद्दीकी के पैर में गोली लग गई । इसके बाद सभी भयभीत हो गये और घर पर अपरा तफरी का माहौल बन गया। पैर में गोली लगने के बाद खून ज्यादा निकल रहा था । हालांकि रिम्स ले जाने के दौरान तक युवक जिंदा था । लगता है कि अस्पताल ले जाने में काफी देर कर दिया गया , जिस कारण से उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है और जिस युवक ने गोली चलाई वह फरार है , पुलिस लग्न कार्यक्रम का वीडियो फुटेज खंगाल रही है, दूसरी तरफ फरार युवक की तलाश भी जारी है।

# उत्पाद योजना के प्रचार-प्रसार के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) द्वारा भारतीय 'ओडीओपी संपर्क मीडिया कार्यक्रम' का आयोजन शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची के सहयोग से सूचना भवन के सभागार में किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि ओडीओपी के जरिए देश आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रणव पाल, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, झारखंड सरकार ने कहा कि जिलों को निर्यात केंद्र बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

सप्लाई चेन को बेहतर करने पर फोकस किया जा रहा है।आकाशवाणी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। हम सबको अपने लोकल उत्पाद के लिए वोकल



बनना होगा। डिप्टी डायरेक्टर निरंजन तिर्की ने कहा कि यह एक शुरुआत है। इंटरनेशनल मार्केट के लिये विक्रेताओं को झारखंड सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

शैलेंद्र सिंह, डेवलपमेंट ऑफिसर इंडस्ट्रीज़ ने कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा ओडीओपी के वर्कशॉप झारखंड में भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान सोहराई कलाकारी के विक्रेता ने कहा कि उन्हें सर्टिफिकेशन में सहायता चाहिए। वहीं एक शहद विक्रेता ने कहा कि उन्हें पैकेजिंग के लिए मार्गदर्शन की जरूरत है।

ईशदीप सिंह और सोनल चौधरी ने ओडीओपी, डीपीआईआइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ओडीओपी के पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएसआई इंडस्ट्रीज़ वन्दना दादेल, एमडी झारक्राफ़्ट आकांक्षा रंजन, इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट और पीआईबी, रांची का सहयोग रहा।

## ग्रामीण एसपी ने अरगोड़ा थाना का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को अरगोड़ा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देशों की जानकारी ली। साथ ही कार्यालय अभिलेखों का बारी-बारी से समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने पांच वर्षों से लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए इसके शीघ्र निष्पादन के सख्त निर्देश दिए। थाना में जब्त किए गए वाहनों को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उसे ऑक्शन कराने, थाना में आम आदमी के पीने के पानी की व्यवस्था करने और आम लोगों से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्य दायित्वों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई।

प्रशासी पदाधिकारी ने सभी कर्मियों के साथ प्रतिज्ञा पत्र को पड़कर भ्रष्टाचार को समाप्त करने, उच्चतम मानकों को स्थापित करते हुए वचनबद्ध रहने, भारत के संविधान के प्रति सदा सर्तक रहने, रिश्वत न लेने-न ही देने के साथ ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने का संकल्प लिया।



इस मौके पर डा राकेश दयाल, डा एसपी शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी परामर्शी, समन्वयक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, चालक आदेशपाल और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## कृषक उत्पादक संगठन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा, दुमका में नाबार्ड के तरफ से कृषक उत्पादक संगठन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिसमें नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शुभेंदु बेहरा के द्वारा सभी मुख्य कार्य पदाधिकारी एवम किसान उत्पादक कम्पनी के निदेशकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डीडीएम नाबार्ड ने सभी सीईओ एवम निदेशकों से कहा कि आप सभी प्रशिक्षण का लाभ लेकर अपने कम्पनी का बिजनेस को बढ़ाएं और सभी शेयर धारकों को लाभ कर उनको लाभान्वित करें।इस कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक केवीके एवम जिला

**नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शुभेंदु बेहरा के द्वारा सभी मुख्य कार्य पदाधिकारी एवम किसान उत्पादक कम्पनी के निदेशकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।**

कृषि अभियन्ता के द्वारा सभी को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर डीडीएम नाबार्ड शुभेंदु बेहरा,आरसेटी के संकाय उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार एवं मनोज कुमार सिंह तथा संजय सोरेन उपस्थित थे।

## 17 किमी की श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 26 फरवरी को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वधान में 26 फरवरी दिन रविवार को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी की परंपरा अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से शुरू हो कर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमु रोड़ में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी।ज्ञात हो कि खाटू धाम में यह परंपरा है की श्याम भक्त बाबा श्याम



की ध्वजा निशान यात्रा 17 कि.मी. की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते है।मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादें पूरी करते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने को समिति के श्याम भक्त दिन- रात बाबा श्याम की आज्ञा से सेवा कार्य में लगे हुए है। तथा तैयारियां जोरों पर है। इस आयोजन के कुशल संचालन का जिम्मा अशोक लड़ियां, हरी शंकर परसरामपुरिया, ललित कुमार पोद्दार, रवि चौधरी, राजेश ढाढणिया, मनोज खेतान, आनंद चौधरी,अरूण राजगढ़िया, प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी, रोहित अग्रवाल, संकी केडिया, प्रवीण अग्रवाल, संजय परसरामपुरिया एवं गोपाल मुरारका को दिया गया है।

## रांची में बिजली कर्मियों ने 12 सूत्री मांगों के समर्थन में किया धरना-प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अभियंता पदाधिकारी कर्मचारी समन्वय समिति ने शुक्रवार को अपनी 12 सूत्री मांग को लेकर धुर्वा स्थित झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। मौके पर समिति के संयोजक पीएन किड़ो ने कहा कि कई बार बिजली कर्मियों को छह फीसदी उर्जा भत्ता देने की बात कही गयी है लेकिन इस पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। इससे बिजली कर्मी इस भत्ता के लाभ से वंचित हैं, जबकि दिन रात




की कड़ी मेहनत से निगम को राजस्व वसूली में हर महीने उपलब्धि हासिल हो रही है। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों को देखें तो निगम को 510 करोड़ की राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके बावजूद इसके भी निगम कर्मचारियों से किये वायदे को लागू नहीं किया जा रहा है। किड़ो ने कहा कि निगम ने समिति के साथ कई बार पदाधिकारियों-कर्मचारियों के कल्याण के लिए लिखित समझौता भी किया है लेकिन वह समझौता फाइलों तक ही सीमित रह गई हैं। इससे कर्मचारी पदाधिकारी में रोष है। उन्होंने कहा कि समिति की प्रमुख मांगों में छह प्रतिशत ऊर्जा भत्ता को बिहार की तर्ज पर अविलंब लागू करने, वन विभाग द्वारा विभागीय पदाधिकारियों पर किये केस वापस लेने, 10 लाख रुपये का सामूहिक चिकित्सा बीमा कराने, कार्यक्षेत्र में होने वाली दुर्घटना से मृत्यु का मुआवजा राशि 50 लाख देने, प्रोन्नति प्राप्त अभियंताओं को प्रोन्नति की तिथि से प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देने सहित अन्य शामिल हैं।

## जगप्रीत बनी डिवाइन योगा अकादमी महाराष्ट्र की कोऑर्डिनेटर : डायरेक्टर

**रांची।** रांची की बेटी जगप्रीत कौर डिवाइन योगा अकादमी महाराष्ट की कोऑर्डिनेटर बनाई गई हैं। इस बात की सूचना डिवाइन योगा अकादमी के डायरेक्टर डा परिणीता सिंह ने दी। डॉ परिणीता ने जगप्रीत का अकादमी में स्वागत किया और अच्छे भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा जगप्रीत के आने से अकादमी को बहुत बल मिलेगा।ज्ञात हो कि डिवाइन योगा अकादमी विगत कई वर्षो से योग की जागरूकता के लिए कार्य कर रही है।

## उर्दू शिक्षको को योजना से गैर योजना मद में मंजूरी का संकल्प जारी होने पर संघ ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि राज्य योजनान्तर्गत झारखंड के प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित वेतनमान लेवल (93 00 से 34800 ग्रेड पे रू 4200) में उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत 4401 पदों को योजना मद से गैर योजना में स्थानांतरित करने का संकल्प सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी कर दिया है। पूर्व में हेमंत सरकार ने कैबिनेट में मंजूरी दी गई। संघ के अथक प्रयासों का परिणाम है की उर्दू शिक्षकों को योजना से गैर योजना मद में हस्तांतरित की गई। इसके लिए राज्य के कर्मठ युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पूरी कैबिनेट के सदस्यों का आभार। संकल्प जारी हेतु शिक्षा सचिव, निदेशक प्राथमिक शिक्षा का कोटी कोटी आभार इस जटिल कार्य को मुकाम तक पहुंचाने में और उर्दू शिक्षको को भी बधाई । उत्तील यादव, धीरज कुमार, सुनील कुमार, बिजेंद्र चौबे , राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ,दीपक दत्ता, बाल्मिकी कुमार, अनूप केशरी, असदुल्लाह, हरेकृष्ण चौधरी , राकेश कुमार ,अजय ज्ञानी, कृष्णा शर्मा , अजमतुल्ला शहजाद , अजय कुमार, प्रभात कुमार, उपेंद्र कुमार आदि लोग शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**रांची :** तमाड़ थाना क्षेत्र के जोजोडीह के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। घटना गुरुवार देर रात की है । जानकारी के अनुसार जोजोडीह के समीप एक कंटेनर खड़ी थी । इसी दौरान जमशेदपुर की ओर से एक कार ने खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी, जिसमें अनुराग कुमार चौबे की मौत हो गयी। मृतक सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर का रहने वाला है। जबकि घायलों में राजा महानंद, सोनल बॉस, दीपक कुमार और कृष्णा दुबे शामिल है। घायलों का इलाज रिम्स में चल रहा है।

## होली स्पेशल ट्रेन दो मार्च से साहिबगंज से होकर चलेगी , 26 फरवरी से बुकिंग शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रेलवे ने होली में बाहर से लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए साहिबगंज होकर होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च 2023 तक मालदा टाउन और वलसाड के बीच चलेगी। यह जानकारी मालदा डिवीजन से मिली है। ट्रेन संख्या (09011) वलसाड- मालदा टाउन होली स्पेशल ट्रेन दो से 23 मार्च, 2023 तक चार ट्रिप चलेगी। गुरुवार को वलसाड से यह 10:15 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या (09012) मालदा टाउन- वलसाड के बीच पांच से 26 मार्च, 2023 तक हर रविवार को 9:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। होली स्पेशल ट्रेन में सामान्य, शयनयान और वातानुकूलित कोच होंगे। बुकिंग 26 फरवरी से शुरू होगी। यात्री पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। ट्रेन में तत्काल कोटा उपलब्ध नहीं होगा। ट्रेन के चलने से रेलखंड के यात्रियों को पर्व पर घर वापसी के लिए सुविधा होगी। दूसरी ओर, दक्षिण पूर्व रेलवे के नारायणगड़-भद्रक तीहरी लाइन की कमीशनिंग के लिए 25 फरवरी से छह मार्च, 2023 तक प्री-एनआई एवं एनआई का काम किया जाएगा।

# ओडीओपी-पीआईबी मीडिया संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के ओडीओपी एक जिला एक उत्पाद द्वारा भारतीय ओडीओपी संपर्क मीडिया कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची के सहयोग से सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि ओडीओपी के जरिए देश आत्मनिर्भर बन रहा है। श्री. पर्णपाल, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, झारखंड सरकार ने कहा कि जिलों को निर्यात केंद्र बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। सप्लाई चैन को बेहतर करने पर फोकस किया जा रहा है। आकाशवाणी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। हम सबको अपने लोकल उत्पाद के लिए वोकल बनना होगा। डिप्टी डायरेक्टर निरंजन तिर्की ने कहा कि यह एक शुरुआत है। इंटरनेशनल मार्केट के लिये विक्रेताओं को झारखंड सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। शैलेंद्र सिंह,



डेवलपमेंट ऑफिसर इंडस्ट्रीज़ ने कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा ओडीओपी के वर्कशॉप झारखंड में भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम के दौरान सोहराई कलाकारी के विक्रेता ने कहा कि उन्हें सर्टिफिकेशन में सहायता चाहिए। वहीं एक शहद विक्रेता ने कहा कि उन्हें पैकेजिंग के लिए मार्गदर्शन की जरूरत है। ईशदीप सिंह और सोनल चौधरी ने ओडीओपी, डीपीआईआइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ओडीओपी के पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एनपीओपी, जेम, एनआईडी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। विक्रेताओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यहां के लोकल विक्रेताओं को पूरी सहायता करने का आश्वासन प्रकट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएसआई इंडस्ट्रीज़ वन्दना दादेल, एमडी झारक्राफ़्ट आकांक्षा रंजन, इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट और पीआईबी, रांची का सहयोग रहा।

## कांटा टोली चौक के समीप ट्रक में लगी आग

**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कांटाटोली चौक के समीप खड़ी ट्रक में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि ट्रक के अधिकांश डीजल गए। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा रहा है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहीं आग लगने की सही जानकारी अब तक सामने नहीं आ पाई है। बताया जाता है कि कांटाटोली चौक के समीप ट्रक खड़ी थी और उसी समय आग लग गई।


इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

डोरण्डा शाखा

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)]

**कब्जा सूचना** (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि,

**इंडियन बैंक, डोरण्डा शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रभुतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एवं उक्त अधिनियम की धारा–13(12) संपठित नियम 3 के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **ऋणी श्री राम वृत्त महतो, पिता श्री महावीर महतो** को मांग पत्र तिथि के 60 दिन के भीतर बकाया **रु. 3,45,850.00 (रुपये तीन लाख पैंतालीस हजार आठ सौ पचास मात्र)** तथा उस पर ब्याज चुकता करने हेतु मांग सूचना दिनांकीत **12.07.2021** को जारी किया था।

उधारकर्ता द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों एवं जन साधारण को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है की उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा– 13(4) संपठित उक्त नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित अचल सम्पत्तियों को **23 फरवरी, 2023** को अपने कब्जे में ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष तौर पर एवं जन साधारण को सामान्यतः इसके द्वारा सावधान किया जाता है की निचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों के सम्बन्ध में कोई भी लेन–देन ना करें। इन संपत्तियों के संबंध में किया गया कोई भी लेन–देन **इंडियन बैंक,** के प्रभार के अधीन होगा जो की **रु. 3,45,850.00 तथा 12.07.2021 से उस पर ब्याज** है।

**अचल सम्पति का विवरण**

सम्पत्ति के सभी भाग

**सम्पत्ति 1:** आर.एस. प्लॉट सं. 259, सब प्लॉट सं. 259 / भाग, खाता सं. 12, मौजा / मुहल्ला– करम टोली, ग्राम हत्मा, सरना टोली, थाना लालपुर, थाना सं. 200 में बिक्री विलेख सं. 13465/12035 दिनांक 12.08.2006 के अनुसार भूमि विस्तार क्षेत्र 1.0 कट्ठा में स्थित श्री राम वृत्त महतो के पक्ष में बंधन देवी द्वारा निष्पादित किया गया है। **विलेख के अनुसार चौहद्दी :** उत्तरः प्रदीप सांगा, दक्षिणः जागो नाग, पूर्वः क्रेता का निज, पश्चिमः विक्रेता का निज,

**संपत्ति 2:** आर.एस. प्लॉट सं. 259, सब प्लॉट सं. 259 / भाग, खाता सं. 12, मौजा / मुहल्ला– करम टोली, ग्राम हत्मा, सरना टोली, थाना लालपुर, थाना सं. 200 में बिक्री विलेख सं. 9159/ 8061 दिनांक 02.06.2006 के अनुसार भूमि विस्तार क्षेत्र 1.0 कट्ठा 8 छटाक में स्थित श्री राम वृत्त महतो के पक्ष में झिरगा मिर्धा द्वारा निष्पादित किया गया है। **विलेख के अनुसार चौहद्दी :** उत्तरः प्रदीप सांगा, दक्षिणः जागो नाग, पूर्वः 12 फीट चौड़ी प्रस्तावित सड़क, पश्चिमः बंधन देवी

दिनांक : 23.02.2023

स्थान : रांची

त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा ।

प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन बैंक)

## ऑल इंडिया लोको रनिंग एसोसिएशन ने परिचालन प्रबंधक के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च




**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार संध्या सीनियर परिचालन प्रबंधक के खिलाफ मुरी शाखा ऑल इंडिया लोको रनिंग एसोसिएशन द्वारा जुलूस निकाला गया।इस जुलूस में सीनियर डीएमओ हाय हाय का नारा लगाया गया ।इस जुलूस में दर्जनों की संख्या में स्टाफ मौजूद थे।ज्ञात हो कि आज मुरी रेलवे में सीनियर परिचालन प्रबंधक आ सकते हैं।

## सांसद ने इस्कॉन मंदिर में अगलगी स्थल का किया निरीक्षण, मरम्मती का दिया आदेश

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार के दिन बिसरिया पंचायत स्थित कुटाम गांव के इस्कॉन मंदिर का निरीक्षण किया।ज्ञात हो कि बीते बुधवार के दिन उक्त मंदिर में आग लग गई थी।लगी आग ने रौद्र रूप धारण करते हुए मंदिर परिसर के पुआल के छत को जलाकर राख कर दिया था।आगलगी के घटना की जानकारी मिलने पर सांसद ने घटनास्थल का निरीक्षण कर इस्कॉन मंदिर स्थित अगलगी वाली जगह के मरम्मती को लेकर आश्वासन दिया है।इसको लेकर मंदिर के सदस्यों ने सांसद का आभार प्रकट किया ।



## जंगल में लगी आग, दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार की दोपहर बांसारूली गांव से सटे प्लास के जंगल में आग लग गई।आग इतनी तेजी से फैलने लगी कि समीप के गांव के लिए खतरा पैदा हो गया ।आग को सबसे पहले गांव के स्थानीय युवा पवन महतो ने देखा और तत्परता से उन्होंने हिंडालको दमकल को फोन किया उससे पहले गांव वाले एकत्रित होकर आग को गांव में फैलने से रोकने के लिए पानी का बौछार करने लगे ।काफी हद तक आग तो काबू आया।फिर दमकल ने आकर 15 मिनट में उसे पूरा बुझा दिया। गांव वालों ने बताया कि इस तरह पहले भी आग पकड़ा था ,हमेशा हमारे गांव को आग से खतरा बना रहता है इसलिए हम लोग सतर्क रहते है।

## कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के विकास नगर कर्मा दोहर के पास कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. जानकारी के अनुसार ट्रक पिपरवार कांटा न0 4 से कोयला लोड कर टोरी साइडिंग जा रहा था. इस दौरान मैक्लुस्कीगंज चँदवा मुख्य पथ के विकास नगर कर्मा दोहर पास अनियंत्रित होकर पलट गया. घटना रात्रि लगभग 10 की जाती है. ट्रक जेएच 02 ए एक 8172 की दुर्घटना ग्रस्त की सूचना मैक्लुस्कीगंज पुलिस को मिली तो तुरंत दल बल के साथ घटना स्थल पहुँचकर जांच पड़ताल किया गया. ट्रक दुर्घटना में चालक बासदेव महतो किस्को बेलारी निवासी को हल्की चोट लगी है. ट्रक मालिक मुरारी सिंह बेलारी बहेरा थाना पिपरवार का है.



## कामगारों ने महाप्रबंधक को भेजा याचिका हस्ताक्षर की प्रति

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता मज़दूर संघ के आह्वान पर विगत 22 से 24 फरवरी को डकरा परियोजना के कर्मियों ने अपने माँग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया. संघ की मांग में डकरा परियोजना अंतर्गत आवास, डकरा इकाई के पात्रता रखने वाले कर्मियों के आवंटन के पक्ष में, चलाये गये याचिका हस्ताक्षर अभियान के समाप्ति पर कामगारों ने महाप्रबन्धक सहित एनके एरिया के सभी क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्यों के नाम प्रेषित हस्ताक्षर याचिका को भेजा. जनता मज़दूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव ने कहा कि ये अभियान अपने तरह अनोखा है. जिसमे परियोजना के सभी यूनियन के कामगारों ने संगठन के इतर जाकर हिस्सा लिया. अभी हमारे यूनियन को भी ये याचिका हस्ताक्षर प्राप्त हो गया है. निकट भविष्य में पूरे परियोजना के कर्मी इस तरह के और अभियान अन्य मांगो पर चला सकता है.

## चान्हो पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार के नेतृत्व में चान्हो पुलिस के द्वारा लुंडरी बरहे रोड स्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया. गया। इसमें गाड़ियों के कागजात की गहन जांच के अलावा आर्म्स, हेलमेट एवं आदि की भी जांच थाना के एएसआइ, साजिद खान व पुलिस जवानों द्वारा की गई । बिना हेलमेट वाले दर्जनों वाहन चालक को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।चार पहिए व दो पहिये वाहन का डिक्की खोलकर आर्म्स आदि की भी जांच की गयी। सभी वाहन मालिक के नाम एवं पता पूछकर पुलिस ने मोबाइल पर सबका तस्वीर भी लिया । एएसआइ साजिद खान ने बताया कि जांच का मकसद अपराध को रोकना है। साथ ही कम उम्र के युवकों द्वारा रफ ड्राइव और उससे होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकना भी है।

# डकरा कोल डंप में सीआईएसएफ व रैयत के साथ हाथापाई

### सीसीएल अधिकारियों ने घटना को सिरे से नकारा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा कोल डंप में सीआईएसएफ के द्वारा रैयतों को पीटने का मामला सामने आया है. सीआईएसएफ व रैयतों के बीच मारपीट होने के बाद से पूरा डकरा कोल डंप ठप हो गया. घटना के बाद से पूरा डकरा साइडिंग व कोल डंप व दोनों कांटा घर मे खाली कोल वाहनों की कतारें लगी हुई थी. जब घटना के संबध में सीआईएसएफ के विजलेंस अधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि ये सब हवा बाजी है.सीसीएल और रैयत के बीच कोई झड़प व मारपीट नही हुई है. कारण दूसरा है,सीसीएल से सम्बंधित जिसे लेकर ट्रंसपोटिंग रोक दिया गया था. वही केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम से पूछे जाने पर बताया कि समस्या का हल शाम होते ही कर दिया गया है. जिस कारण ट्रंसपोटिंग रोक दिया गया था.सम्बंधित समस्या को हल कर दिया गया.अथवा शाम के सात बजे तक ट्रंसपोटिंग शरू कर दिया गया. वही सूचना के अनुसार डकरा डंप में पूरे दिन कोयला धुलाई व लोडिंग ठप रहा. बताया जाता है कि कोल डंप में लोकल सेल का पैसा का बिडिंग के जगह स्पेशल कोयला का उठाव को लेकर पूरा विवाद हुआ था. बताना चाहते है कि एनके एरिया के विविन्न परियोजना में ये बड़ा धंधा कोल व्यवसाय अपनी धाक जमा कर चलाते रहते है. और इसमें सीसीएल अधिकारी व कोल व्यवसाय मामला होने का तरीका बताया जाता है.

# बेड़ो में थम नहीं रहा हाथियों का आतंक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली के बोदा नदी टोली और बंजारा में गुरुवार की रात तीन हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। नदी टोली में सलकु मुंडा, चरकु मुंडा, पुजन गोप और कलेशर गोप के खेतों में लगी गेहूं कि फसल को खा कर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं बंजारा गांव में चरिया धान, के खेत में लगे आलू को पुरी तरह पैर से कुचलकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। घटना कि सूचना मिलते ही मुखिया ने किसानों का आर्थिक क्षति का जायजा लेते हुए विभाग से हर संभव मदद दिलाने का अश्वासन दिया।ग्रामीणों के बिच में बम पटाखा और टॉर्च का वितरण किया।

## नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** जमीअत उल मोमिनीन इटकी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्थानीय नेशनल हाई स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर शुक्रवार को शपथ दिलाई गई। जमीयत के नवनिर्वाचित सदर तस्लीम अहमद, सेक्रेटरी रकीब अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी एव नायक सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन को इलेक्शन कमेटी के कन्वीनर शहाब हमज़ा ने इस्लाहूल इराकीन के सदर अकील अहमद व सेक्रेटरी हाजी मोइन, फलाही तंजीम के सरपरस्त लियाकत खान व हाजी मंजूर के अलावे जमीअत उल मोमिनीन के सरपरस्त और मेंबरों की मौजूदगी में शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज शोएब अंजुम के तिलावते कलाम पाक से हुआ। मौके पर जमीअत उल मोमिनीन के पदाधिकारियों के अलावा मोहम्मद सलीम उद्दीन , अबरार इमाम, मोहसीन मुमताज, जुबैर अहमद, सलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन तस्लीम रजा ने व धन्यवाद ज्ञापन वसीम इकबाल ने किया। मौके पर अफसर इमाम, जिब्राइल अंसारी, हाजी अली हसन, दानिश निजाम , नौशाद आलम,मास्टर अरशद, मास्टर राशिद , कारी जुबेर अहमद,अबू हसन, हाफिज शोएब अंजुम ,अब्दुल राज़िक, अब्दुल राशिद, मोहम्मद रजा, काशान मुस्तफा, अकील अहमद, शाकिर अली, अयाज़ अहमद, गुलजार



## चकला स्कूल में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शुक्रवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य रूप से उपस्थित बीपीओ रीना यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को अपने अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। ताकि उनकी पढ़ाई बाधित ना हो। विद्यालय के विकास में समुदाय का अहम योगदान होता है। इस गोष्ठी को ग्राम प्रधान बालक पाहन, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, सहित कई लोगों ने संबोधन किया। अभिभावक शिक्षक दोस्ती की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी, संचालन शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला ने किया। मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ रीना यादव, ग्राम प्रधान बालक पहान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी, उपाध्यक्ष मोइन अंसारी, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, वार्ड सदस्या परीना बेगम, मोबिन अंसारी, सुनिता देवी, ईमान अंसारी, आशा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, अनुपा शैलबाला कुजूर, संगीता कुमारी, प्रभादेवी सहित अभिभावक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यशाला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी बाल विवाह रोकने हेतु प्राधिकृत अधिकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की किशोरियों एवं 21 वर्ष से कम आयु लड़कों की शादी करना गैर कानूनी है और जो लोग भी इस तरह से कार्य करते हैं उन सभी के विरुद्ध लड़का लड़की, दोनों के परिवार सदस्य, ब्राह्मण, टेंट वाले आदि अन्य जो भी शामिल होते हैं सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बाल विवाह करने पर शामिल लोगों के विरुद्ध 2 साल का कारावास या रु100000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सांसद प्रतिनिधि धनंजय राय ने क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के कई दृष्टांत दिया। साथ ही उन्होंने कानूनी पक्षों के विषय में जानकारी दिये। छोटनागपुर संस्कृतिक संघ के के प्रतिनिधि प्रतीक जी के द्वारा उनकी संस्था के कार्यकलापों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1098 की जानकारी दिया कि अगर आपके क्षेत्र में कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हो तो इस नंबर पर कॉल करके जरूर से सूचित करें। इससे होता है तो इस नंबर पर कॉल करके आप अपना पहचान बताएं बगैर सूचना दे सकते हैं । बैठक में सुनील केसरी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया पंचायत स्वयंसेवक एवं ईटकी एवं बेड़ो के आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थिति उपस्थित थे।

## जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रबंधन समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** शुक्रवार को मांर्ड प्रखंड के विशहांखटंगा पंचायत सचिवालय कक्ष में झारखंड जैव विविधता पार्षद रांची के संयुक्त तत्वधान में प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची के द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिसाहाखटंगा, कैम्बो ,महुवाजरी, मंडरो, सरवा पंचायत के जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया एवं प्रखंड जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण में जैव विविधता का महत्व जो विविधता अधिनियम 2002 एवं झारखंड जैविकीय नियमावली 2007 जो विविधता प्रबंधन समिति के कार्य एंव जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची के सचिव दिनेश कुमार मेहता के द्वारा दिया गया।




**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301**
Email Id - deo_hazaribagh@rediffmail.com

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1724 दिनांक–30.11.2022 के कंडिका–5 के अनुसार प्रमण्डलीय पुस्तकालय, रूक्मिणी भवन, हजारीबाग में पुस्तक का क्रय किया जाना है। उक्त के आलोक में अनुमोदित सूची के पुस्तक आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ता से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–03.03.2022 को 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 02 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाहरणालय, हजारीबाग |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–04.03.2022 को 04:00 बजे अपराह्न |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | :– | उप विकास आयुक्त का कार्यालय, हजारीबाग |

नोट :– निविदा संबंधित शर्तों एवं पुस्तकों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.291143 School Education and Literacy(22-23):D

जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–43, वर्ष 2022–23 **PR N0.290229 Rural Development (22-23): D द्वारा प्रकाशित है, जिसमें आशिंक संशोधन कर पुनः संशोधित तिथि किया गया है :–**

| क0सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाशित की तिथि/समय | संषोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि | 24.02.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक। | 02.03.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक। |
| 2 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 25.02.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक । | 03.03.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक । |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25.02.2023 के 3.30 बजे अपराहन। | 03.03.2023 के 3.30 बजे अपराहन। |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR 291104 (Rural Development) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला**

**"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"**
**संख्या –31/2022–23**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 3.03.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of One Unit Drug Distribution Shed (36'x22') at Welfare Hopital Nagfeni in Gumla District for the year of 2022-23 | 3,88,100.00 | 7,800.00 | 750.00 | 1 Month |
| 2. | Construction of One Unit Waiting Shed (30'x20') at Welfare Hopital Nagfeni in Gumla District for the year of 2022-23 | 9,46,900.00 | 19,000.00 | 1250.00 | 3 Month |

नोट :- निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला

PR291118 (Building)22-23*D

**कार्यालय नगर परिषद विश्रामपुर**

**शुद्धि-पत्र**
**PR.no.-291089**

इस कार्यालय के पत्रांक 174 दिनांक 21.02.2023 से प्रकाशित निविदा संख्या UDD/NPB/04/2022-23(2nd Call), UDD/NPB/05/2022-23(2nd Call), UDD/NPB/06/2022-23(2nd Call), UDD/NPB/07/2022-23(2nd Call) AND UDD/NPB/08/2022-23(2nd Call) में निम्नवत संशोधित किया जाता है :–

| | |
|---|---|
| Date Of Publication Of Tender On Website | 25.02.2023 03:00 pm |
| Date Start Of Submission Of Bids | 25.02.2023 03:00 pm |
| Last Date/Time Of Submission Of Bids | 09.03.2023 05:00 pm |

शेष प्रकाशित सूचनाएँ यथावत रहेगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR.NO.291183 District(22-23):D

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–अति अल्पकालिन निविदा संख्या :–01/2022-23/NREP/ EE/Gumla दिनांक 20.02.2023 जिसकी PR No- PR290812 NREP/(22-23)#D है, दिनांक 22.02.2023 को प्रकाशित हुआ था के कंडिका (2), (3), (4) एवं (5) में निम्न प्रकार संशोधित की जाती है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.02.2023 के जगह पर 02.03.2023 पढ़ा जाय।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे के जगह पर 10.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
4. जिला नियंत्रण कक्ष गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 02.03.2023 के जगह पर 11.03.2023 अपराह्न 3.00 बजे पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.03.2023 के जगह पर 13.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0गुमला

PR291186 (NREP)22-23*D

**BUILDING CONSTRUCTON DEPARTMENT**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**

**Short Term e-Procurement Notice**
Date : 24/02/2023

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Cost of Bidding Document (Rs) | Bid Security (EMD)Rs. | Completion Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/RFP/05/2022-23 | Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of "Chief Minister Residence and Office Kanke Road at Ranchi, Jharkhand" | 10,000/- | Rs.10,00,000.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Bidding Document on Website | 27.02.2023 at 11:00 AM |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | 27.02.2023 at 11:00 AM |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | 20.03.2023 at 05:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bidding Document Fee in hard copy at e-Procurement Cell, Building Construction Department, 3rd Floor, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand | 22.03.2023 up to 11:30 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 22.03.2023 at 12:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting Bid | e-Procurement Cell, Building Construction Department, Project Building, 3rd Floor, Room No- 326, Jharkhand,Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446166 |
| 9 | e-mail ID | eprocurementbcd@gmail.com |

**Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building Construction Department,
3rd Floor, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand

PR.NO.291178 Building(22-23):D

## गम्हरिया के गायत्री नगर में चल रहे भागवत कथा यज्ञ में भक्ति में डूबे श्रद्धालु




**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया प्रखंड परिसर के निकट गायत्री नगर में बीते 3 दिन से जारी श्रीमद् भागवत सप्ताह अभियान यज्ञ महोत्सव में पहुंचे श्रद्धालुओं में गजब का भक्ति भाव देखा गया। जहां आसपास के बस्तियों और छोटे-छोटे कॉलोनियों से आए महिला पुरुष एवं छोटे बच्चों की भीड़ कथावाचक की बातें सुनने में भावविभोर देखे गए?। कोलकाता से आए कथाकार स्वामी प्रसन्नाचार्य ने बताया की प्रसिद्ध जगहों पर कई कथाकार जाकर भागवत की कथा सुनाते हैं और प्रसिद्धि भी पाते हैं लेकिन उनके अभियान का लक्ष्य है कि वह हर गली मोहल्ले तक पहुंच कर भागवत कथा का रसपान लोगों को करवाएं ताकि सनातन संस्कृति का विकास दूरदराज और छोटे-छोटे गांव गली मोहल्लों तक पहुंच सके और लोगों में भक्ति की भावना जाग सके। गायत्री नगर मैदान में जारी यह कथा अगले 26 फरवरी तक चलेगी।

## पुजारी की बेटी की शादी में मायुमं ने किया सहयोग




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जरूरतमंद एक पुजारी की बेटी की शादी में स्टील का अलमीरा समेत घरेलू सामान देकर सहयोग किया गया। इस पुनीत कार्य में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, आदित्य जजोडिया, विजय सोनी आदि का योगदान रहा।

## मायुमं टाटानगर अचीवर्स का टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा दो दिवसीय वार्षिक टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अचीवर्स कप सीजन 1 का आयोजन 25 एवम 26 फरवरी को केबुल टाउन मैदान गोलमुरी में होने जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा, यंग इंडियंस, जेवाईसीए, सीए स्टूडेंट कुल 8 टीम भाग ले रही हैं। यह जानकारी शुक्रवार को शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव चेतन अग्रवाल और स्पोर्ट्स संयोजक आनंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्घाटन 25 फरवरी की सुबह 10 बजे होगा। पहले दिन लीग मैच और दूसरे दिन सेमी फाइनल और फाइनल मैच होगा।

## पटमदा के टोटको नाला पर 58 लाख से बनेगा चेकडैम, कुलटांड़ में हुआ शिलान्यास



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत नेंगजूड़ी गांव के नजदीक टोटको नाला में जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग से स्वीकृत चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व मुखिया कानुराम बेसरा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इसकी प्राक्कलित राशि 58 लाख रुपये है और निर्माण कार्य किशोर कुमार कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाना है। इससे पूर्व ग्राम प्रधान चंदन सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना की। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि टोटको नाला के पानी पर क्षेत्र के सैकड़ों किसान निर्भर है। इसलिए किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए विधायक मंगल कालिंदी की ओर से ग्रामीणों की मांग पर अनुशंसा किया गया था। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को जल्द ही और भी कई योजनाओं की सौगात देने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्राम प्रधान चंदन सिंह, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, पंसस नवधन हांसदा, ग्राम प्रधान दोलगोविंद सिंह, उपमुखिया बुद्धेश्वर मुर्मू, महेश मुर्मू व चैतन महतो समेत कई किसान मौजूद थे।

## भाजपा ने नमो दिवस पर किसानों को किया सम्मानित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने शुक्रवार को पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत में किसानों के बीच नमो दिवस मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने पीएम किसान योजना के कई लाभुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का आज 4 वर्ष पूरा हो रहा है। इस दौरान प्रदेश किसान मोर्चा के मंत्री अजय मुंडा ने केंद्र सरकार की ओर से किसानों के हित में चलाए जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश किसान मोर्चा के कार्यालय प्रभारी अजय दुबे, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, बंकिम महतो, रेवती महतो, तरुण महतो समेत कई किसान मौजूद थे।

## राम कृष्णा फोर्जिंग्स में स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित राम कृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक मे तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान कंपनी में कार्यरत सभी स्थायी और अस्थायी समेत ठेका कर्मचारियों का रक्तचाप, ईसीजी, नेत्र, हीमोग्लोबिन आदि की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया जाएगा। किसी भी प्रकार के रोग की स्थिति में समुचित इलाज की व्यवस्था भी की जाएगी। इस मौके पर एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार, प्रवीण कुमार, मिथिलेश कुमार, सतीश कुमार महतो आदि भी मौजूद थे।

### जमशेदपुर में विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त व एसएसपी ने की बैठक

# होली, शब-ए-बारात व हिन्दू नववर्ष को लेकर विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण पर हुई चर्चा

### शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन सख्त, नगर निकायों को अभियान चलाने का निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्तरीय विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक डीसी विजया जाधव एवं एसएसपी प्रभात कुमार ने किया । बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, नगर निकाय पदाधिकारी संजय कुमार, सुरेश यादव, डीएमओ संजय शर्मा, डीपीआरओ रोहित कुमार, सभी सीओ, डीएसपी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । इस अवसर पर आगामी त्यौहार होली, शब-ए-बारात व हिन्दू नववर्ष के मौके पर जिले में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को विस्तृत चर्चा हुई । साथ ही 107 एवं 116 की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। कुछ जगहों पर नए थाना भवन निर्माण को लेकर जमीन उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस विभाग द्वारा बनाये जा वॉच टॉवर निर्माण के अधतन प्रगति की जानकारी ली गयी।

**विधि-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता:** डीसी ने कहा कि आगामी सभी त्यौहार के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए जरूरी है कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारी अभी से ही शुरू कर दें। एसडीओ तथा सीओ/बीडीओ सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति के साथ बैठक करें तथा अपने खुफियातंत्र को मजबूत करें ।

**अपराधिक छवि वाले तत्वों पर अपनायें जीरो टॉलरेंस की नीति:** एसएसपी ने सभी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक भी अपराधिक छवि के व्यक्ति किसी भी प्रकार से जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा नहीं बनें इसे अभी से ही सुनिश्चित करें। उपद्रवी तत्वों पर नजर रखें तथा निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**शहर में वेंडर फ्री जोन चिन्हित करें, अतिक्रमण हटायें:** शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए जरूरी है कि प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिक्रमण नहीं होने पाये । डीसी ने कहा कि शहर के व्यस्ततम बाजारों जैसे साकची, बिष्टुपुर आदि में फ्री वेंडर जोन चिन्हित करें तथा अतिक्रमण को लेकर सभी नगर निकायों में कार्रवाई तेज कर दें। उन्होने स्पष्ट कहा कि नगर निकाय अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध रूप से करेंगे ताकि एक बार अतिक्रमण हटने के बाद लोग दोबारा उसी जगह पर आकर ठेला, खोमचा और दुकान नहीं लगा पायें। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

**नशे के विरूद्ध चलेगा जागरूकता अभियान:** युवा वर्ग में नशा करने को लेकर बढ़ते क्रेज खासकर स्कूली बच्चों में ड्रग्स के सेवन के प्रति जागरूकता लाने को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया । जिला प्रशासन की अगुवाई में चलने वाले इस अभियान में नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ का भी सहयोग लिया जाएगा । शहर के निजी स्कूलों में विशेषकर 10-12 वीं के बच्चों तथा स्लम एरिया को लक्ष्य कर अभियान चलाया जाएगा । बैठक में उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की समीक्षा करते हुए लगातार अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। जिले में खनिजों के अवैध भंडारण, परिवहन एवं खनन को लेकर की गई कार्रवाई की भी गहन समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

## ईचागढ़ सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बड़ा चुनचुडीया मोड़ के पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की शाम को भीषण सड़क दुर्घटना में 8 वर्षीय पुनम कुमारी की मौत के बाद शुक्रवार को मृतकों कि संख्या बढ़कर 5 हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के मां बिमला देवी, 12 वर्षीय बेटा हलधर और 16 वर्षीय बेटी दिपाली सामिल है, जबकि घायल पिता कमला कांत प्रामाणिक सिंहपुर नर्सिंग होम मुरी में इलाजरत है। वहीं 35 वर्षीय अलका देवी की भी मौत हो गई। मालूम हो कि ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बड़ा चुनचुड़ीया में एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से डुमरा गांव के ओटो सवारी सहित करीब 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया था। 6 गंभीर रूप से हुए घायलों को वेहतर इलाज हेतु सिंहपुर नर्सिंग होम से रांची रिम्स भेज दिया गया। जहां शुक्रवार को फीर से 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। पोस्टमार्टम के बाद 4 लाशों के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। पुरे गांव में सन्नाटा पसर गया है।

## सरायकेला श्रम विभाग नही दे रहा ठेकाकर्मियों का साथ, करेंगे सीएम आवास का घेराव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कांड्रा :** सरायकेला श्रम विभाग में 2 साल से आवेदन देकर थक चुके तत्कालीन उषा मार्टिन कंपनी एवं वर्तमान में टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट्स के ठेका कंपनी आरके गुप्ता एंड एसोसिएट्स के कामगार अपने फाइनल सेटेलमेंट को लेकर गुहार लगाते परेशान है। जानकारी देते हुए कामगारों ने बताया कि वह आदिवासी समाज से आते हैं और जब उन्होंने अपना फाइनल सेटेलमेंट मांगा तो ठेका कंपनी के मालिक ने उन्हें अपशब्द कहकर अपमानित किया। वही मौके पर मौजूद सुपरवाइजर का काम करने वाले रविंदर कामत ने बताया की वे लोग 10 साल से भी ज्यादा समय से उस कंपनी में काम कर रहे थे। जब उस कंपनी का काम समाप्त हो गया तो वे अपने फाइनल भुगतान के लिए कंपनी के पास पहुंचे लेकिन तभी से लेकर अब तक वह कंपनी और श्रम विभाग का चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने बकायदा ऑनलाइन भी आवेदन दिया है। कहा 10 मार्च तक उनके आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो वे झारखंड के मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे।

## चार दिवसीय एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** प्रखंड संसाधन केंद्र सरायकेला में प्रखण्ड स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण के पांचवें एवं छठे बैच का प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविकांत भकत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रथम कक्षा में नामांकित होने वाले बच्चों को आनंददाई परिवेश स्थापित कर खेल खेल में रुचिकर शिक्षा दिया जाए। ताकि बच्चों के मन व मस्तिष्क में विद्यालय और शिक्षा के प्रति अपनत्व का भाव स्थापित हो सके। प्रशिक्षु शिक्षकों को शिक्षक प्रशिक्षक बिचित्रानंद प्रधान ने कहा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान का बोध कराना एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य है। इसके तहत विद्यालय के पहली कक्षा में नामांकित होने वाले बच्चों को प्रवेश बोध कराते हुए प्रथम तीन महीने तक आनंददाई वातावरण में खेल खेल के माध्यम से रुचिकर शिक्षा दी जानी है। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षक पिंटू कुमार मंडल, राजीव गोस्वामी एवं अनूप कुमार मंडल द्वारा प्रशिक्षु शिक्षकों को एफएलएन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर दोनों बैचों में 20-20 की संख्या में प्रखंड के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 40 शिक्षक मौजूद रहे।

## साप्ताहिक जनता दरबार में डीसी के समक्ष फरियादियों ने रखी अपनी समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अरवा राजकमल ने जिले के दूर-दराज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आए फरियादियों क़ी समस्याओं से अवगत हुए। मिली जानकारी अनुसार आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित, मुटेशन सम्बन्धित, पेयजल सम्बन्धित, भूमि अधिग्रहण समेत अन्य मामले लेकर लोग पहुंचे थे। जिनमे कल्याणकारी योजना सम्बन्धित कई मामलो का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया वही अन्य मामलो के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## योजनाओं के बारे में किया जा रहा जागरुक

**कोडरमा :** उपायुक्त कोडरमा के मार्गदर्शन में जिले के किसानों व ग्रामीणों को राज्य सरकार की कृषि क्षेत्र के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कृषि विभाग कोडरमा की टीम व पीएमयू के सदस्यों द्वारा चंदवारा, जयनगर, डोमचांच व सतगावां प्रखण्ड के कई का भ्रमण किया गया। इस क्रम में कृषि विभाग कोडरमा की टीम व पीएमयू के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## एसडीएम ने जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अनुमंडल कार्यालय परिसर, धालभूम से अभिहित अधिकारी-सह अनुमंडल पहासिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा ने 25 फरवरी को आयोजित होने वाले एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन / लाइसेंस कैम्प तथा ईट राइट ईस्ट सिंहभूम अभियान के प्रति जनजागरूकता को लेकर प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । पूर्वाह्न 11:00 बजे से 5:00 बजे तक अनुमंडल कार्यालय, धालभूम में एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन / लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया है। ईट राइट ईस्ट सिंहभूम अभियान के तहत खाद्य व्यवसायवेता को नमक, तेल, और चीनी की कम मात्रा में उपयोग की जानकारी दी जायेगी ताकि सही भोजन, स्वास्थ्य जीवन का आधार तैयार किया जा सके।

## ईएसआई अस्पताल मे सामाजिक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम शुरु, 10 मार्च तक चलेगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर ईएसआई अस्पताल मे बेहतर स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा पखवाड़ा के तहत 24 फ़रवरी से 10 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं. जिसके तहत स्वास्थ्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी एवं अस्पताल आने वाले लोगों को कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम अस्पताल के अलावा विभिन्न संस्थानों में भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ अशोक ने बताया कि सुरक्षा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य अलावा स्वच्छता पर ही फोकस किया जा रहा है. कार्यक्रम में फिजिशियन डॉ दीपक गुप्ता ने भी स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां लोगों को दी।

## टाटा कमिंस जमशेदपुर ने आईडीटीआर में चलाया कैंपस ड्राईव, 78 प्रशिक्षु चयनित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर में टाटा कमिंस की ओर से आयोजित कैंपस ड्राइव में कुल 78 प्रशिक्षुओं को चयनित किया गया। चयनित सभी बच्चे आईडीटीआर जमशेदपुर और टीआरटीसी पटना के चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग, तीन वर्षीय प्रोडक्शन इंजीनियरिंग तथा तीन वर्षीय डिप्लोमा इन मेकाट्रोनिक्स ब्रांच में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बताया गया है कि सभी चयनित प्रशिक्षु आगामी जुलाई माह में ज्वाइन करेंगे। विदित है कि इसके पूर्व अब तक टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद, आरेस्टी इंडिया हरियाणा, टिमकेन इंडिया जमशेदपुर एवं आरएसबी ग्लोबल जमशेदपुर के कैंपस ड्राईव में प्रशिक्षण ले रहे कुल 150 प्रशिक्षुओं का चयन हो गया था।

### खरसावां बासंती मंदिर में धूमधाम से मना भगवान परशुराम का तीसरा स्थापना दिवस

## ब्राह्मण समाज राजनीतिक दलों के निशाने पर : सुशील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के बासंती मंदिर प्रांगण में सरायकेला खरसावां परशुराम शक्ति सेना कमेटी की ओर से धूमधाम से तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान परशुराम की चित्र पर विधि-विधान पूर्वक पूजा करके फूल माला देकर प्रसाद वितरण किया।मौके पर श्री परशुराम शक्ति सेना के केंद्र उपाध्याय सुशील षड़ंगी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की एकता अति आवश्यक है। आज ब्राह्मण समाज राजनीतिक दलों के निशाने पर है। राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठन से जुड़ी हुई लोग अपना उल्लू सीधा करने के लिए अपना राजनीतिक हित साधने के लिए ब्राह्मण समाज को अनाप-शनाप बोल रहे हैं और अपमानित कर रहे हैं।आपको बता दें कि ब्राह्मण समाज सनातन धर्म में सबसे ऊंची जाति की श्रेणी में आता है। परंतु ब्राह्मण की हालत वर्तमान समय में काफी दयनीय है। ब्राह्मण गरीबी रेखा से नीचे रहकर जीवन यापन करने में विवश हैं। सरकार के द्वारा भी ब्राम्हणों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति को सुधारने सवारने का कोई पहल नहीं उठाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अजय कुमार षड़ंगी ने कहा कि अब समय आ गया हम सब को एकजुट होकर परशुराम शक्ति सेना को मजबूत कर गांव गांव में बैठक करके पंचायत कमेटी का गठन करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से श्री परशुराम सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुशील षड़ंगी, केंद्रीय मंत्री अजय कुमार षड़ंगी, आदि उपस्थित थे।

## न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में 2 को किया बरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को न्यायालय राजेंद्र प्रसाद प्रथम श्रेणी न्यायिक अधिकारी के न्यायालय से अभियुक्त अफजल हुसैन एवं जावेद खान को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया। इनके विरुद्ध उनकी 29 दिसंबर 2012 को बिष्टुपुर थाना में अश्वनी कुमार सिंह के द्वारा मुकदमा दर्ज करते हुए आरोप लगाया गया था कि बेलडीह चर्च स्कूल के पीछे ले जाकर सुनसान जगह पर मारपीट कर नोकिया का मोबाइल एवं ढाई सौ रुपया छीन लिया गया ।अभियोजन पक्ष से मात्र 2 गवाह प्रस्तुत की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, अखिलेश सिंह एवं बबीता जैन ने अपना पक्ष रखा था।

## फिल्म फेस्टिवल में युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती को कोलकाता में आयोजित फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया गया। देवी सुजाता सदन थिएटर, हाजरा कोलकाता में आयोजित बियोंड बॉर्डर्स फिल्म फेस्टिवल में समाजसेवी वर्णाली चक्रवर्ती को महिला सशक्तिकरण एवं आदिम जनजाति समुदाय के लिए उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। उन्होंने यह पुरस्कार मशहूर फिल्म निर्देशक राजा सेन के हाथों प्राप्त किया।

## संपादकीय

# पीएम के पिता का अपमान

**यही** हमारी राजनीतिक संस्कृति है? क्या ऐसे ही लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के नैतिक अधिकार पर हम गर्व से इतराते रहे हैं? क्या देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री का कोई सम्मान और राष्ट्र की गरिमा कुछ मायने रखती है अथवा नहीं? कांग्रेस बार-बार ऐसी शर्मसार हरकतें क्यों करती है? क्या पार्टी के बिखराव, उसकी लगातार घटती स्वीकार्यता और चुनावी पराजय की कुंठाओं से पनपी विक्षिप्त मनःस्थिति है, जो प्रधानमंत्री के लिए अभद्र शब्दों के इस्तेमाल को बाध्य करती रही है? शिकायत और नाराजगी प्रधानमंत्री की सरकारी नीतियों और उनके फैसलों से हो सकती है, प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता का अपमान करके कांग्रेस को क्या हासिल हो सकता है? कौन-सा मानसिक सुकून मिल सकता है? क्या देश की जनता यह सब कुछ नहीं देख रही, क्योंकि वह भी देश के प्रधानमंत्री के बार-बार अपमान से आहत होती है? प्रधानमंत्री तो कांग्रेस के लिए भी वही हैं, जो भारत देश का प्रथम लोकतांत्रिक और कार्यकारी चेहरा हैं। क्या ऐसे अभद्र और अपमानजनक शब्द बोलने वालों पर कांग्रेस के भीतर कोई आचार-संहिता, अनुशासन और नियंत्रण है अथवा वह भी 'शून्य' है? सरोकार भारत की राष्ट्रीय छवि और प्रतिष्ठा का भी है। पार्टी का एक बौना-सा प्रवक्ता, प्रधानमंत्री के पिता के नाम पर, मजाक करने का दुस्साहस कैसे कर सकता है? क्या इस संदर्भ में कोई निश्चित विधान नहीं है? शायद यही लोकतंत्र होता है! कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक सार्वजनिक मंच पर प्रधानमंत्री का पूरा नाम इस तरह लिया-नरेंद्र गौतम दास मोदी।' प्रधानमंत्री के पिता का नाम है-दामोदर दास। देश और राजनीति इससे बखूबी परिचित है। विवादास्पद उद्योगपति गौतम अडानी का नाम प्रधानमंत्री के साथ जोड़ कर, उनका उपहास उड़ाने की, विकृत पैरोडी बनाई गई। पवन खेड़ा ने यह जानबूझ कर कहा, क्योंकि उनके चेहरे के भाव से स्पष्ट था। इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के करीबी संबंधों का राजनीतिक वृत्तांत बनाया जा रहा है, ताकि घपले और भ्रष्टाचार के सवाल प्रधानमंत्री पर भी उठाए जा सकें। मुद्दा और विमर्श कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन हमारी घोर आपत्ति यह है कि प्रधानमंत्री के दिवंगत माता-पिता के नाम की विकृत पैरोडी क्यों बनाई जाए? दरअसल कांग्रेस में पवन खेड़ा तो बहुत जूनियर चेहरा हैं, लेकिन मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश, सुबोधकांत सहाय, रेणुका चौधरी, शशि थरूर, प्रमोद तिवारी, गुलाम नबी आज़ाद (तब कांग्रेस में) और संजय निरूपम आदि से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष रहे सोनिया और राहुल गांधी सरीखे वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए गालीनुमा शब्दों का इस्तेमाल किया है। मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने गुजरात चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री को 'रावण' करार दिया था। ऐसे मुद्दों पर कांग्रेस के छुटभैया प्रवक्ता दलीलें देने लगते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी गांधी-नेहरू परिवार के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया था और अब भी करते रहते हैं। यह आरोप अद्र्धसत्य भरा है। कुछ तंज प्रधानमंत्री कसते रहते हैं, लेकिन उन्होंने अभिधा शब्द-शक्ति में प्रत्यक्ष रूप से किसी को भी गाली नहीं दी। हम मानते हैं कि प्रधानमंत्री को भी कुछ संयम बरतना चाहिए, लेकिन सवाल है कि क्या कांग्रेस प्रतिशोध की राजनीति करना चाहती है? प्रधानमंत्री मोदी ने इस संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी शख्स के माता-पिता का अपमान कभी नहीं किया, यह हम अपने अनुभव के आधार पर दावा कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने तो प्रधानमंत्री की मौत के प्रकार तक गिना दिए कि कैसे उनको मारा जा सकता है! एक नेता ने तो 'बोटी-बोटी' कर देने तक का सार्वजनिक बयान दिया है। वह नेता अब कांग्रेस के बाहर हो चुका है। सवाल यह भी है कि क्या एक बार फिर कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री के संदर्भ में ऐसी अपमानजनक पैरोडी बनाकर 'सेल्फ गोल' कर लिया है। 2024 के आम चुनाव दूर नहीं हैं और भाजपा इसे 'सहानुभूति वाले मुद्दे' में तबदील कर सकती है।

> कांग्रेस के भीतर कोई आचार-संहिता, अनुशासन और नियंत्रण है अथवा वह भी 'शून्य' है? सरोकार भारत की राष्ट्रीय छवि और प्रतिष्ठा का भी है। पार्टी का एक बौना-सा प्रवक्ता, प्रधानमंत्री के पिता के नाम पर, मजाक करने का दुस्साहस कैसे कर सकता है? क्या इस संदर्भ में कोई निश्चित विधान नहीं है? शायद यही लोकतंत्र होता है! कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक सार्वजनिक मंच पर प्रधानमंत्री का पूरा नाम इस तरह लिया-नरेंद्र गौतम दास मोदी।' प्रधानमंत्री के पिता का नाम है-दामोदर दास। देश और राजनीति इससे बखूबी परिचित है। विवादास्पद उद्योगपति गौतम अडानी का नाम प्रधानमंत्री के साथ जोड़ कर, उनका उपहास उड़ाने की, विकृत पैरोडी बनाई गई। पवन खेड़ा ने यह जानबूझ कर कहा, क्योंकि उनके चेहरे के भाव से स्पष्ट था। इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के करीबी संबंधों का राजनीतिक वृत्तांत बनाया जा रहा है, ताकि घपले और भ्रष्टाचार के सवाल प्रधानमंत्री पर भी उठाए जा सकें। मुद्दा और विमर्श कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन हमारी घोर आपत्ति यह है कि प्रधानमंत्री के दिवंगत माता-पिता के नाम की विकृत पैरोडी क्यों बनाई जाए?

## बोध कथा

# जैसी संगत वैसा जीवन, यही है मूलमंत्र

**शादी** के ठिकाने पर क्या पहुंचे, मानो वज्रपात हो गया। अफरातफरी में वह अटैची ही घर में छूट गई थी जिसमें रखे कपड़े शादी के मौके से ऐन पहले पहने जाने थे। श्रीमान जी तो तैयार थे कि जिस लिबास में हैं उसी से काम चल जाएगा, पर श्रीमती जी को यह हरगिज मंजूर न था। वह बुदबुदाईं, ऐसी साधारण साड़ी में नाक कटवाने से तो न जाना बेहतर। स्वागत द्वार पर शगुन का लिफाफा एक परिचित को थमाया और उनकी कार ने डेढ़ घंटे के वापसी सफर का रुख किया। दंपती ने एक ठीक ठाक होटल में डिनर किया और दिल को समझाया। बेहतरीन और दमदार छवि के प्रति चिंतित व्यक्ति अपने सुनहरे पक्षों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करेगा और अप्रिय पक्षों की दूसरों को भनक तक नहीं लगने देगा। उसकी सोच और गतिविधियां एक ही बात पर टिकी होंगी- लोग क्या कहेंगे! अपने बाह्य रंग-रूप को संवारने-निखारने में वह कसर नहीं छोड़ेगा। नवजात शिशु को निमोनिया है, इसकी अनदेखी कर वह सोशल मीडिया के जरिए ऐलान करेगा कि डिलीवरी फलां नामी हॉस्पिटल में हुई है। बेचारा नहीं जानता कि एक पांव में चप्पल और दूसरे में जूता पहने लंबी मॉर्निंग वाक कर डालने पर भी उसे ताकने की किसी को फुर्सत नहीं है। जो लोग आपको बूझते हैं उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप क्या पहनते, खाते-पीते या कैसे रहते हैं? जो आपको समझते ही नहीं, बल्कि समझना ही नहीं चाहते, उनकी वाहवाही के लिए आप आतुर रहते हैं। उनकी आलोचना से आपकी नींद उड़ जाती है। समाज में व्यापक दुख-दर्द का इससे बड़ा कारण नहीं होगा! दुनिया कर्मस्थली है, अकर्मण्यों के लिए यहां कोई स्थान नहीं। अपने दिव्य स्वरूप को जानने वाला और तदनुसार आचरण, व्यवहार और कर्म को ढालने वाला कर्मठ व्यक्ति अपनी क्षमताओं का भरपूर दोहन करते हुए सही अर्थों में जीता है। दूसरों को सही जीवन की राह दिखाता है। अपने कार्य और निर्णय के लिए वह दूसरों की पुष्टि नहीं तलाशेगा। प्रश्न है, आपके रोल मॉडल कौन हैं और कैसी संगत आपको रास आती है? चूंकि जिस संगत में स्वयं को ढालेंगे उसी अनुरूप आपका भविष्य तय हो जाएगा। आपके बारे में लोग जो बोलते हैं उससे आपकी नहीं, उनकी असलियत झलकती है। अलबर्ट आइंस्टाइन के शब्दों में, मध्यम बुद्धि के व्यक्ति सदा महान विभूतियों का विरोध करते रहे हैं। इतिहास साक्षी है, मौलिक सोच के व्यक्तियों के बोल और कार्य सामान्य बुद्धि वालों के गले नहीं उतरते। लाओत्जे के अनुसार दूसरों के सोचने की परवाह करने का अर्थ है उन्हीं के अनुरूप चलना और उनका बंधक बन जाना। वर्जीनिया वुल्फ ने भी कहा कि दूसरों की निगाहें आपकी जेल नहीं बननी चाहिए। अपने मार्ग का राही संयत, संतुष्ट और प्रसन्नचित्त रहेगा। वह जानता है कि प्रसन्न रहना निजी मामला है। अंतःकरण प्रसन्न हो तो बाहरी स्वीकृति का अर्थ नहीं रहता। ऐसे में मौसम की दुश्वारियां भी बेअसर हो जाती हैं। मुखौटाप्रिय समाज में प्रचलित रस्मों की अनुपालना से आप न केवल अपनी सोच को उन्नत या व्यापक रखेंगे बल्कि वैचारिक समृद्धि की ओर प्रशस्त रहेंगे। तुच्छ सोच प्रगति की भारी बाधा है। याद करें, बचपन में आप दोस्तों के साथ बालू के ढेर में अपने-अपने मकान बनाते। कोई शरारती बालक दूसरे का मकान तोड़ देता तो बवाल मच जाता था। यह कच्ची उम्र की बात ठहरी। सयानी उम्र में इसी प्रकार की क्षुद्र सोच रखने का अर्थ है इतने वर्षों में स्वयं को बिलकुल परिमार्जित नहीं किया।

## एक दर्जन नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों की कार्रवाई चल रही

# भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने वालों पर एजेंसियों की कार्रवाई का स्वागत कर रही है जनता

ललित गर्ग

> दिल्ली में आम आदमी पार्टी हो या कांग्रेस या अन्य राजनीतिक दल, जब-जब उनके भ्रष्टाचार उजागर हुए, केन्द्रीय एजेंसियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की, उसे डराने का हथकंडा हका गया हो या राजनीति से प्रेरित, जनता ने एजेंसियों का स्वागत ही किया है। भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने की मानसिकता से उबरना ही होगा। इन दिनों छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लगभग एक दर्जन नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों की कार्रवाई चल हरी है इससे कांग्रेस में बौखलाहट देखने को मिल हरी है, पार्टी के नेताओं का हकना है कि इस तहर के हथकंडों से डराया नहीं जा सकता। प्रश्न हय है कि राजनीतिक दलों का सर्वोच्च नेतृत्व अपने नेताओं के भ्रष्ट कारनामों पर खुद सख्त क्यों नहीं होता? क्यों भ्रष्टाचार पर ये दल संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देते हैं? चूंकि ईडी की हय कार्रवाई राज्य में कांग्रेस के अधिवेशन के हपले हुई, इसलिए उसके कुछ ज्यादा ही राजनीतिक मायने देखे जा हरे हैं।

**केंद्रीय** एजेंसियां- ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग इन दिनों राजनीतिक दलों एवं नेताओं पर कार्रवाई करती हुई नजर आ रही हैं, आजादी के बाद से भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर नियंत्रण के लिये आवाज उठती रही है, इसके लिये आन्दोलन एवं अनशन भी होते रहे हैं, लेकिन सबसे प्रभावी तरीका केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई एवं न्यायालयों की सख्ती ही है, जो भ्रष्टाचारियों पर सीधा हमला करती हैं। देश में सर्वाधिक भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों में ही व्याप्त रहा है, इसलिये अब तक केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाईयां उन पर प्रभावी नहीं हो पा रही थीं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता हासिल करते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ कमर कसी है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। भले ही इन दिनों हो रही केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक प्रेरित बताया जाये, लेकिन इसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में एक कारगर एवं प्रभावी कदम कहा जायेगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी हो या कांग्रेस या अन्य राजनीतिक दल, जब-जब उनके भ्रष्टाचार उजागर हुए, केन्द्रीय एजेंसियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की, उसे डराने का हथकंडा कहा गया हो या राजनीति से प्रेरित, जनता ने एजेंसियों का स्वागत ही किया है। भ्रष्टाचार को शिष्टाचार मानने की मानसिकता से उबरना ही होगा। इन दिनों छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लगभग एक दर्जन नेताओं के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापों की कार्रवाई चल रही है। इससे कांग्रेस में बौखलाहट देखने को मिल रही है, पार्टी के नेताओं का कहना है कि इस तरह के हथकंडों से डराया नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि राजनीतिक दलों का सर्वोच्च नेतृत्व अपने नेताओं के भ्रष्ट कारनामों पर खुद सख्त क्यों नहीं होता? क्यों भ्रष्टाचार पर ये दल संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देते हैं? चूंकि ईडी की यह कार्रवाई राज्य में कांग्रेस के अधिवेशन के पहले हुई, इसलिए उसके कुछ ज्यादा ही राजनीतिक मायने देखे जा रहे हैं। वैसे यह अधिवेशन न होता तो भी यह तय था कि कांग्रेस की ओर से ईडी को कोसा जाता और यह आरोप लगाया जाता कि केंद्रीय एजेंसियों का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है। वास्तव में यह वह आरोप है, जो हर उस राजनीतिक दल की ओर से उछाला जाता है जिसके नेता ईडी, सीबीआई अथवा आयकर विभाग की जांच के दायरे में आते हैं। छत्तीसगढ़ में जो छापेमारी हुई, वह अवैध कोयला खनन के मामले में हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पता नहीं इस घोटाले का सच क्या है, लेकिन आज कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि राज्यों में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर के भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। नेताओं और



नौकरशाहों के भ्रष्टाचार की आए दिन आने वाली खबरें यही बताती हैं कि केंद्रीय एजेंसियां डाल-डाल हैं तो भ्रष्टता का जाल पात-पात। विडम्बना तो यह है कि नेतृत्व करने वाली ताकतें भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। लेकिन आज भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में जो माहौल बना है, वह निश्चय ही बहुत बड़ी बात है और एक शुभ संकेत है। हमें इस मौके को बर्बाद नहीं करना चाहिए। निश्चित ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का जो केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का तरीका अपनाया जा रहा है, वह सही तरीका है। पूर्व में कुछ लोग अनशन और भूख हड़ताल को इसके खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाते रहे हैं। मेरा मानना है कि यह गलत तरीका है। अनशन में मुद्दा पीछे छूट जाता है और अनशन करने वाले आदमी पर सारा ध्यान केंद्रित हो जाता है। मुद्दे को पीछे छोड़कर हम कुछ हासिल नहीं कर सकते। तमाम कोशिशों के बावजूद भ्रष्टाचार और घोटालों का घटाटोप मौसम है, ऐसा कुछ भी कह पाना भले मुश्किल हो, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई ऐसा नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे फैशन के तहत हजारों जुमलों में किसी समाज को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का भी यही समय है और मैं समझता हूं, इस पड़ताल की शुरुआत उन गलतफहमियों को उघाड़े जाने से होनी चाहिए, जो राजनीतिक दलों ने खुद के बारे में पाल रखी हैं। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर भले ही यह वातावरण बनाया जाए कि उनका राजनीतिक उपयोग किया जा रहा है, लेकिन आम जनता पर उसका असर मुश्किल से ही पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जनता इससे अच्छी तरह परिचित है कि नेताओं और नौकरशाहों के बीच भ्रष्टाचार की क्या स्थिति है? राजनीतिक दल कुछ भी कहें, केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी के दौरान नेताओं और नौकरशाहों के यहां अकूत संपदा मिलने के प्रसंग त्रासद ही कहे जा सकते हैं। निश्चित रूप से भ्रष्ट तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन वह केवल छापेमारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह ठीक नहीं कि केंद्रीय एजेंसियां जिस तत्परता से भ्रष्ट तत्वों के यहां छापेमारी करती हैं, वह आगे नहीं बढ़कर निस्तेज हो जाती है। प्रायः घपले-घोटालों की जांच इतनी लंबी खिंचती है कि लोगों की संबंधित मामले में रुचि नहीं रह जाती। इसका कोई औचित्य नहीं कि भ्रष्ट तत्वों को सजा मिलने में जरूरत से ज्यादा देर हो। फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। इसी कारण न तो भ्रष्ट तत्वों के दुस्साहस का दमन हो पा रहा है और न ही राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार में कोई कमी आती दिख रही है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की पूर्व रपट के अनुसार एशिया में सबसे अधिक भ्रष्टाचार यदि कहीं है तो वह भारत में है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को इससे गंदा प्रमाण पत्र क्या मिल सकता है? इसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि भारत में लोकतंत्र या लोकशाही नहीं, नेताशाही और नौकरशाही है? भारत में भ्रष्टाचार की ये दो ही जड़े हैं। पिछले आठ-नौ साल में नेताओं के भ्रष्टाचार की खबरें काफी कम आई हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत की राजनीतिक व्यवस्था भ्रष्टाचार मुक्त हो गई है। उसका भ्रष्टाचार मुक्त होना असंभव है। हां, सर्वोच्च नेतृत्व की कठोरता का यह असर है कि नेताओं ने भ्रष्टाचार की वैतरणी पर चादर डाल दी है। भ्रष्टाचार तो है पर दिखे ना इसकी कुचेष्टाएं हो रही हैं। राजनेताओं का भ्रष्टाचार लुके-छिपे यथावत बदस्तूर जारी है। यह एक बड़ा सच है कि यदि नेता लोग रिश्वत नहीं खायेंगे, डरा-धमकाकर पैसा वसूल नहीं करेंगे और बड़े व्यावसायिक घरानों की दलाली नहीं करेंगे तो वे चुनावों में खर्च होने वाले करोड़ों रुपया कहां से लाएंगे? उनके ऐशोआराम पर रोज खर्च होने वाले हजारों रुपयों का इंतजाम कैसे होगा? उनकी और उनके परिवार की चकाचौंधपूर्ण जिंदगी कैसे चलेगी? राजनेताओं की भ्रष्ट अनिवार्यता को ढाई हजार साल पहले आचार्य चाणक्य और यूनानी दार्शनिक प्लेटो ने अच्छी तरह समझ लिया था। इसीलिए चाणक्य ने अपने अति शुद्ध और सात्विक आचरण का उदाहरण प्रस्तुत किया और प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में दार्शनिक राजा की कल्पना की, जिसका न तो कोई निजी परिवार होता है और न ही निजी संपत्ति। लेकिन आज की राजनीति में परिवारवाद और निजी संपत्तियों के लालच ने देश की राजनीति को बर्बाद करके रख दिया है।

# कैसे रोकें भ्रष्टाचार?

> भ्रष्टाचार की मकबूलियत इस हद तक की है कि आज से लगभग आधी सदी हपले भी जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'हमारा भारत हमान' का नारा दिया था तो समाज में प्रचलित चुटकुलों में '99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा देश हमान' शामिल हो गया। हम लोग इन चुटकुलों को पढ़ते थे, हंसते थे और भुला देते थे। हमारा देश गरीब लोगों का अमीर देश है। हयां प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों की भरमार है, लेकिन लोग गरीब हैं, गरीबों और अमीरों के बीच की खाई उत्तरोत्तर बढ़ती जा हरी है। गरीबी से सताया हुआ व्यक्ति इतना विवश हो जाता है कि हव अक्सर अपना अपमान भी चुपचाप हस लेता है। इससे उसका आत्मविश्वास जाता हरता है और समाज में उसका योगदान घटने लगता है। भ्रष्टाचार पर काबू पाने के उपायों के संबंध में लोगों की राय अलग-अलग है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि हपले हमें बदलना होगा, तभी कोई सुधार संभव है। दूसरी ओर प्रशासनिक सुधारों से जुड़े हरे अनुभवी लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाने का एक ही तरीका है कि सिस्टम में सुधार किया जाए। मेरा अनुभव भी इसी की गवाही देता है।

**भ्रष्टाचार** हमारे जीवन में यूं समा गया है कि उसे अलग से देख पाना संभव ही नहीं लगता। भारतीय शासन व्यवस्था ऐसी बन गई है कि हम भ्रष्टाचार रहित जीवन की कल्पना भी नहीं कर पाते। जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार है, रोजमर्रा के हर काम में भ्रष्टाचार है। लाइन तोडने से लेकर जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार पसरा हुआ है। कई बार लगता है मानो भ्रष्टाचार कोई मुद्दा ही नहीं रहा। नेता भ्रष्ट हैं, अधिकारी भ्रष्ट हैं, व्यापारी भ्रष्ट हैं, जनता भ्रष्ट है। हमारी रग-रग में भ्रष्टाचार भर गया है। जब सभी भ्रष्ट हैं तो इसे जीवन का हिस्सा मानकर स्वीकार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किसी भ्रष्ट सरकारी अधिकारी से लडऩा 'आ बैल मुझे मार' जैसा है, अतः हम लोग चुपचाप रिश्वत देकर काम करवाना ही ठीक समझते हैं, वरना यह लगभग पक्का है कि उस भ्रष्ट अधिकारी का कुछ बिगड़े या न बिगड़े, पर हमारा काम जरूर अटक जाएगा। भ्रष्टाचार की मकबूलियत इस हद तक की है कि आज से लगभग आधी सदी पहले भी जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'हमारा भारत महान' का नारा दिया था तो समाज में प्रचलित चुटकुलों में '99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा देश महान' शामिल हो गया। हम लोग इन चुटकुलों को पढ़ते थे, हंसते थे और भुला देते थे। हमारा देश गरीब लोगों का अमीर देश है। यहां प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों की भरमार है, लेकिन लोग गरीब हैं, गरीबों और अमीरों के बीच की खाई उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। गरीबी से सताया हुआ व्यक्ति इतना विवश हो जाता है कि वह अक्सर अपना अपमान भी चुपचाप सह लेता है। इससे उसका आत्मविश्वास जाता रहता है और समाज में उसका योगदान घटने लगता है। भ्रष्टाचार पर काबू पाने के उपायों के संबंध में लोगों की राय अलग-अलग है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पहले हमें बदलना होगा, तभी कोई सुधार संभव है। दूसरी ओर प्रशासनिक सुधारों से जुड़े रहे अनुभवी लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाने का एक ही तरीका है कि सिस्टम में सुधार किया जाए। मेरा अनुभव भी इसी की गवाही देता है। लगभग दो दशक पहले जब मैं छुट्टियां मनाने इंग्लैंड गया था तो हमारे परिवार की महिलाएं खरीददारी के लिए एक बड़े मॉल में गईं। चूंकि उनकी सारी खरीददारी महिलाओं के सामान से संबंधित थी, और बाहर मौसम बहुत सुहावना था, इसलिए मैं कुछ देर के लिए मॉल से बाहर निकल कर पार्किंग में आ गया। मैंने देखा कि पार्किंग में एक जगह चमड़े की नई एक बेल्ट गिरी पड़ी थी। निश्चय ही कोई ग्राहक खरीददारी के बाद अपनी गाड़ी में बैठते समय गलती से बेल्ट वहां गिरा गया था। मैं लगभग 10 मिनट तक देखता रहा। इस बीच कई गाडियों वाले आए और गए, लेकिन किसी ने भी वह बेल्ट उठाने की कोशिश नहीं की। तभी मॉल का एक कर्मचारी बाहर पार्किंग में आया तो मैंने उसे बताया कि किसी ग्राहक की बेल्ट गिर गई है और वो उसे संभाल ले ताकि यदि ग्राहक वापिस आए तो उसे बेल्ट मिल जाए। मॉल के उस कर्मचारी ने जवाब दिया कि बेल्ट का छूट जाना उनके संज्ञान में है और जो भी व्यक्ति बेल्ट उठाएगा, वे उसका उस दिन की खरीददारी का बिल चेक करेंगे और जांच लेंगे कि क्या उसने उनके मॉल से सचमुच उस दिन बेल्ट खरीदी थी। मॉल के कर्मचारी की उस सूचना ने मेरे ज्ञान चक्षु खोल दिए। वह बेल्ट वहां दो घंटे से ज्यादा समय से पड़ी थी और पार्किंग में आने वाला हर व्यक्ति उसे देख रहा था तो भी अगर उस बेल्ट को कोई उठा नहीं रहा था तो इसका कारण यह था कि उन्हें पता था कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से इस बेल्ट पर नजर रखी जा रही है और बेल्ट उठाने वाले व्यक्ति के बिल की जांच की जाएगी। अगर ऐसा भारतवर्ष में हुआ होता तो वह बेल्ट शायद वहां 5 मिनट भी न रह पाती। हमारे देश में महापुरुषों की कमी कभी नहीं रही, हम स्वभाव से आदर्शवादी हैं, फिर भी यदि समाज में नैतिक गिरावट बढ़ती जा रही है तो इसका कारण यही है कि भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए कोई मजबूत सिस्टम उपलब्ध नहीं है। इसका प्रमाण यह है कि विदेशों में बसे भारतीय सफल भी हैं और नैतिक तथा सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार भी। यदि सचमुच भारतीय होने के कारण हम बेईमान होते तो फिर विदेशों में बसे भारतीय भी बेईमान ही होते। विभिन्न अध्ययनों से सिद्ध होता है कि देश का सिस्टम कैसा भी हो, लगभग 10 प्रतिशत लोग ईमानदार होते ही हैं, और कुछ भी कर लें तो भी 10 प्रतिशत के लगभग लोग बेईमानी से बाज़ नहीं आते, जबकि 80 प्रतिशत लोग समाज की स्थितियों के अनुसार ढल जाते हैं। यदि सिस्टम मजबूत हो, बेईमानी पर तुरंत सज़ा होती हो, तो ये लोग बेईमानी की कोशिश नहीं करते, लेकिन यदि वे यह देखें कि बेईमानी करने वाला फल-फूल रहा है, उसे कोई सज़ा नहीं मिल रही, बल्कि वह जीवन का ज्यादा आनंद ले रहा है तो ये 80 प्रतिशत लोग भी बेईमानी पर उतर आते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भ्रष्टाचार पर रोकथाम के लिए सिस्टम को मजबूत बनाना आवश्यक है। हमारे समाज की अवनति का कारण ही यह है कि हमारे देश में सत्तारूढ़ लोगों ने अपने निहित स्वार्थों की खातिर सिस्टम को मजबूत बनाने के बजाय या तो सिस्टम बनाया ही नहीं, या फिर जानबूझकर उनमें खामियां छोड़ दीं। हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया ही ऐसी है जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। हमारे देश में अक्सर 60-70 प्रतिशत मतदान होता है, यानी चुनी गई सरकार को 30 प्रतिशत जनता ने वोट नहीं दिया। जिन लोगों ने मतदान किया उनमें से भी बहुत से लोग विपक्षी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवारों को वोट देते हैं। विजयी उम्मीदवार सिर्फ इसलिए चुन लिया जाता है क्योंकि उसे सबसे ज्यादा वोट मिले। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि कोई उम्मीदवार सिर्फ एक वोट के अंतर से जीता। यानी, जिन लोगों ने विजयी उम्मीदवार के खिलाफ वोट दिया, उनके वोट बेकार चले गए क्योंकि उनके मनपसंद का उम्मीदवार विधायक नहीं बन पाया। इस प्रकार सिर्फ एक वोट ज्यादा पाने वाला व्यक्ति सभी शक्तियों का स्वामी बन जाता है और हारा हुआ उम्मीदवार एकदम अप्रासंगिक हो जाता है। परिणाम यह है कि चुनाव जीतना ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है, इसलिए उम्मीदवार जीत सुनिश्चित करने के लिए हर तरह के जायज और नाजायज़ तरीके अपनाते हैं। स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए शुरुआत हमें जड़ से करनी होगी, यानी चुनाव प्रणाली ऐसी बनानी होगी कि भ्रष्ट तरीकों से चुनाव जीतना संभव न हो सके। भारतीय आदतन भ्रष्ट नहीं हैं, हमारा सिस्टम हमें भ्रष्ट बनने के लिए विवश कर रहा है।

## नागरिक बोध

# बाइडन की यूक्रेन-यात्रा

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन-यात्रा ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। वैसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति जैसे जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप एराक और अफगानिस्तान में गए हैं लेकिन उस समय तक इन देशों में अमेरिकी फौजों का वर्चस्व कायम हो चुका था लेकिन यूक्रेन में न तो अमेरिकी फौजें हैं और न ही वहां युद्ध बंद हुआ है। वहां अभी रूसी हमला जारी है। दोनों देशों के डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक मर चुके हैं। हजारों मकान ढह चुके हैं और लाखों लोग देश छोड़कर परदेश भागे चले जा रहे हैं। यूक्रेन फिर भी रूस के सामने डटा हुआ है। आत्म-समर्पण नहीं कर रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का यूक्रेन को खुला समर्थन है। अमेरिका के समर्थन का अर्थ यही नहीं है कि अमेरिका सिर्फ डॉलर और हथियार यूक्रेन को दे रहा है, उसकी पहल पर यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी यूक्रेन की रक्षा के लिए कमर कसे हुए हैं। बाइडेन तो युद्ध शुरु होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मेक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन और ऋषि सुनाक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर वोलोदोमीर झेलेंस्की की पीठ थपथपाए हैं। राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा कि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था। इसीलिए यह यात्रा बिल्कुल गोपनीय रही लेकिन अमेरिकी शासन ने यात्रा के कुछ घंटे पहले मास्को को चेताया कि बाइडन कीव जा रहे हैं ताकि इस युद्ध को समाप्त किया जा सके। लेकिन बाइडन ने वहां जाकर क्या किया? झेलेंस्की की पीठ ठोकी और 500 मिलियन डॉलर के हथियार और सौंप दिए। इसके अलावा उन्होंने रूस और चीन को चेतावनियां दे डालीं। अमेरिकी प्रवक्ता ने चीन पर आरोप लगाया कि वह रूस को हथियार सप्लाय कर रहा है। चीन ने इस आरोप को रद्द कर दिया और अमेरिका से कहा कि वह यूक्रेन को भड़काने की बजाए समझाने का काम करे। अमेरिका के भी कुछ रिपब्लिकन नेता बाइडन की नीतियों को गलत बता चुके हैं।

## देश दुनीया से

# कचरे के डिब्बे में चयन आयोग

**विवादों** की दास्तान में अंततः कर्मचारी चयन आयोग का अस्तित्व खत्म हो गया। पच्चीस साल के अपने इतिहास में पहले अधीनस्थ सेवा बोर्ड और बाद में कर्मचारी चयन आयोग ने अगर कुछ बटोरा, तो यह अविश्वसनीयता, अनियमितता और लचर व्यवस्था ही थी जो आखिर में सूली पर चढ़ गई। तमाम अनियमितताओं और विवादित सफर की कहानी में सुक्खू सरकार द्वारा कर्मचारी चयन आयोग की प्रथा पर लिया गया साहसिक फैसला, वक्त की नजाकत को संबोधित करता है। विडंबना यह कि इसके ऊपर भी सियासत शुरू हो रही है, लेकिन प्रसन्न ऐसी महत्त्वाकांक्षा जरूर होगी जो कर्मचारी चयन की अब तक की प्रक्रियाओं और पद्धतियों में गुणात्मक सुधार लाने की गुंजाइश देखती है। कम से कम डेढ़ दर्जन मामलों में चयन आयोग की अनियमितताओं का वज्रपात जिन बेरोजगार युवाओं ने सहा है, उनसे पूछ कर नेता बयान दें कि उचित व अनुचित के राजनीतिक मुहावरे कब तक वास्तविक समस्या के निवारण से दूर करते रहेंगे। पेपर लीक होने की वजह से अभिशप्त हुआ माहौल पहले से ही चयन आयोग को आशंकित कर चुका है, तो कचरी व्यवस्था को ठिकाने लगाने और नए विकल्प पेश करने की आवश्यकता दिखाई दे रही थी। ऐसे में सुक्खू सरकार ने अपने सख्त फैसले से पूरी व्यवस्था को कड़ा संदेश दिया है। यह प्रश्न एक संस्थान को बचाने की पैरवी से कहीं अहम इसलिए है कि ऐसी परीक्षाओं में पारदर्शिता कैसे लाई जाए। पहले ही पुलिस भर्ती परीक्षा ने हिमाचल के ताने बाने में कई सांप नाथ पाल रखे थे और इस तरह की खामियों में कमोबेश हर सरकार के दौर में कोताही बरती गई। जाहिर है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर अगर कोई नई पद्धति ईजाद होती है, तो शक के दायरे टूटेंगे और कई युवाओं के प्रयास को ईमानदार व्यवस्था का विश्वास हासिल होगा। संस्थान का परिचय अगर कर्मचारी चयन आयोग बन कर भी अविश्वास के गर्त में जाना रहा, तो ऐसी तमाम शाखाएं कचरे के डिब्बे में डाल देनी चाहिएं। ऐसे फैसलों की तासीर में सुक्खू सरकार ने पुनः अपना कद और कवायद पेश की है। इसे हम व्यवस्था परिवर्तन की दृष्टि से देखें, तो कर्मचारी चयन आयोग के कई पाप सामने हैं। जहां अध्यक्षीय पारियों में लोग बदनाम हुए हों, वहां संस्थान की बदनामी हर युवा की महत्त्वाकांक्षा में चीखती है। विपक्ष को हर फैसले की आलोचना का हक है, लेकिन ऐसे संस्थान का दर्द किसी बेरोजगार के सीने में समझना होगा। ऐसी पद्धतियों की गिरफ्त में कितने बच्चों के करियर तबाह हुए, यह आज तक के भर्ती विवादों की पपड़ी उतार कर देखना होगा। ऐसे में राज्य टेस्टिंग एजेंसी या अथारिटी की दिशा में बढ़ रही सरकार से अपेक्षा रहेगी कि इस बार मरहम ही नहीं, बल्कि ऐसा समाधान सामने आएगा जो वर्षों की कालिख को साफ करके कर्मचारी चयन परीक्षाओं को ईमानदारी के फलक पर नए अवतार में पेश करेगा। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि कांग्रेस की दस गारंटियों में रोजगार की पेशकश का सफर चयन प्रक्रिया की आशंकाओं को मिटाकर शुरू होने की गारंटी दे रहा है। हम यह मूल्यांकन नहीं कर सकते कि सरकार की गारंटियां कब और किस तरह सामने आ रही हैं, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन की हर गारंटी से सुक्खू सरकार के रिपोर्ट कार्ड की ईमानदारी का ब्योरा जरूर सामने आएगा। परीक्षा तो हर संस्थान की है और वहां घर कर गई लचर संस्कृति या व्यवस्था की है।

> पेपर लीक होने की वहज से अभिशप्त हुआ माहौल हपले से ही चयन आयोग को आशंकित कर चुका है, तो कचरी व्यवस्था को ठिकाने लगाने और नए विकल्प पेश करने की आवश्यकता दिखाई दे हरी थी। ऐसे में सुक्खू सरकार ने अपने सख्त फैसले से पूरी व्यवस्था को कड़ा संदेश दिया है। हय प्रश्न एक संस्थान को बचाने की पैरवी से हकीं अहम इसलिए है कि ऐसी परीक्षाओं में पारदर्शिता कैसे लाई जाए। हपले ही पुलिस भर्ती परीक्षा ने हमिचल के ताने बाने में कई सांप नाथ पाल रखे थे और इस तहर की खामियों में कमोबेश हर सरकार के दौर में कोताही बरती गई। जाहरि है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर अगर कोई नई पद्धति ईजाद होती है, तो शक के दायरे टूटेंगे और कई युवाओं के प्रयास को ईमानदार व्यवस्था का विश्वास हासिल होगा।

संक्षिप्त खबरे

## शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की टीम ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की टीम के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान एसडीपीओ अविनाश कुमार सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली सहित पुलिस के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे एसडीपीओ मुमताज अंसारी के निर्देश पर शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर दो पहिया वाहन चेकिंग सहित सहित कार केवी कागजातों की जांच की गई। इस मौके पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था एवं चिंता की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए एसडीओ मुमताज अंसारी के निर्देश पर दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कई वाहन चालकों पर आर्थिक दंड किया गया और सभी दुपहिया चालकों नसीहत दी गयी।

# सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन



**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** सदर प्रखंड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ के वंदना सभागार में सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर भैया बहनों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा दशम सत्र 2022-23/के भैया बहनों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह का अगुवाई कक्षा नवम की भैया-बहनो के द्वारा की गई विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं दशम कक्षा का प्रतिनिधित्व करते हुए बहन रेशमी कुमारी और भैया निखिल कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समकक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवम श्वेता, अदिति और नंदिनी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बिजेंद्र शर्मा ने किया। बहन अनन्या, भैया जयदीप,बहन रिया आचार्य ओंकार नाथ सहाय के द्वारा भैया,बहनों के बीच बताए गए पिछले 10 12 वर्षो में स्कूली जीवन के अच्छी चीजों को भविष्य में व्यवहार में लाते है। आचार्य आलोक पांडे ने एक लघु कथा के माध्यम से भैया, बहनों के बीच प्रेरणा देने का कार्य किया। आचार्य लाल बहादुर ने कहा कि आपके पंखों में जो उड़ान भरा हुआ है वह अनंत ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। आचार्य विजेंद्र शर्मा ने आशीर्वचन में कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य एक अच्छा इंसान बनना है।दीदी रेनू गुप्ता ने एक गीत के द्वारा भैया बहनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीलम दीदी ने भैया - बहनों को बताया कि विद्यालय बीज बोने का काम करता है जिस प्रकार बच्चा जन्म लेता है तो उसे मां उंगली पकड़ कर चलना सिखलाती है जब बच्चा चलना सीख लेता है तो मां उसे जीवन के राह में खुद से चलने देती है। प्रधानाचार्य श्रीमान अरुण कुमार चौधरी जी ने दीक्षांत का अर्थ बताते हुए कहा कि शिक्षा का अंत नहीं ही दीक्षांत है। प्राचीन काल से ही दीक्षांत शब्द का महत्व रहा है। प्रधानाचार्य जी ने विद्या भारती में दीक्षांत समारोह की महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि बहुत बड़ी संख्या में विद्या भारती से भैया-बहने जुड़े हैं और शिक्षा पा रहे हैं ।प्रधानाचार्य ने बताया कि भैया - बहनों को वंदना का स्मरण करते रहना चाहिए। जिससे भैया बहनों में भारतीयता की भावना का विकास हो साथ ही अपनी मातृभूमि के लिए उच्च बलिदान देने की प्रेरणा मिले ।संस्कार युक्त शिक्षा पर प्रधानाचार्य जी ने बल दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य और दीदीजी को गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक आदि उपस्थित रहे गनमान्य अतिथियों के उपस्थित में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी वक्ताओं ने स्कूली छात्रों को परीक्षा में एकाग्रता से तैयारी कर अवल नंबर लाने के लिए मोटिवेशन प्रदान किया।

## पंचायत सचिवालय बंद, लाभुक परेशान



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के सलगी पंचायत भवन इन दिनों कर्मियों के नहीं रहने के कारण कई दिनों से बंद और ताला लगा है। वैसे में पंचायत के लाभुकों को काफी परेशानी झेलना पड़ता है जहां पंचायत से सम्बंधित कार्य को लेकर जा रहे लाभुकों को वैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सलगी जीर्वाखुर्द पंचायत सचिवालय हमेशा बंद पड़ा रहता है। कभी कभार कोई आता है तो खोला जाता है। वर्णा हमेशा बंद हीं रहता है। वैसे में लाभुकों को काफी परेशानी झेलना पड़ता है। आखिर इसका जिम्मेवार है कौन।

## राशन कटौती को लेकर हंगामा



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बरवाडीह ब्लॉक परिसर में राशन कार्डधारियों ने अपने हक का राशन कटौती को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया और प्रभारी एमओ का घेराव करते हुए अपने खाद्यान्न की मांग की। यह मामला प्रखंड अंतर्गत दूर्गा महिला स्वयं सहायता समूह मंगरा जन वितरण प्रणाली का है जहां राशन कार्डधारियों ने 2 किलोग्राम प्रति यूनिट की दर से राशन काटकर विक्रेता के द्वारा वितरण करने पर जमकर बवाल काटा। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एम ओ अनुज शरण ने संबंधित विक्रेता को पुरा राशन देने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि फरवरी माह के आवंटित राशन में संबंधित विक्रेता का 2021 से लेकर अबतक लगभग 1010 किलोग्राम क्लोजिंग बैलेंस का खाद्यान्न की कटौती कर दी गई है।

# अफीम के साथ तीन गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** पुलिस अधीक्षक महोदय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 23 फरवरी को गिद्धौर थाना अंतर्गत अफीम के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक अंचल के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें सूचना के आधार पर चतरा हजारीबाग रोड गिद्धौर के समीप जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के पास वाहन चेकिंग चलाया गया। जिस क्रम में फुटबॉल मैदान के पास से अफीम के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिद्धौर थाना कांड संख्या 16/23 में मामला दर्ज किया गया। बताया गया कि तीनों व्यक्ति प्रदीप गंजू उम्र 24 वर्ष पिता बिगन गंझु ग्राम चानो चलितर गंझू उम्र 26 वर्ष पिता रामखेलावन गंझू ग्राम सौरु नावाडीह राजेश कुमार भोक्ता उम्र 24 वर्ष पिता छठु गंझू ग्राम हेडुम तीनों थाना लावालोंग जिला चतरा निवासी है। तीनों युवक को पुलिस 24 फरवरी शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इन लोगों के पास से दो अलग-अलग पारदर्शी प्लास्टिक में 2.4 किलोग्राम 1.8 किलोग्राम अफीम एक मोबाइल दो मोटरसाइकिल एक फैशन प्रो जिसका नंबर जेएच 13 ई 3939 दूसरा अपाची मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच 02बी बी 2553 है। इसे लेकर डी एस पी अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। और बताया कि छापामारी टीम में शामिल थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल सुनील कुमार साव बबलू अंसारी अरविंद कुमार सिंह शामिल थे।

# हेरहंज में भाजपा मंडल कार्य समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** लातेहार जिले के हेरहंज मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल के अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा जी एवं जिले के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह जी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कहा कि बुथ कमिटी को मजबूत करना है और केंद्र की योजनाओं को बुथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं और जनता के बीच लेकर जाना है झारखंड राज्य की वर्तमान सरकार सभी जगह बिफल साबित हो रही है।वही जिला प्रभारी ने केंद्र की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की आज के कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्याम लाल गोस्वामी जी ने कि वही समाप्ति की घोषणा मंडल के महामंत्री कन्हाई प्रसाद के द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित तिवारी, जिला मंत्री संतोष यादव मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, गढ़वा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महती, जिला कार्यसमिति सदस्य विजय गुप्ता व अजय तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल उपाध्यक्ष शिव सिंह, भाजयुमो उपाध्यक्ष जीतेश यादव, जसमतिया कुंवर, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डू वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हबीब अंसारी, जितेंद्र यादव पंचायत संयोजक, ओम जायसवाल, ऋतुराज जायसवाल, रंजन प्रसाद, प्रभु जायसवाल,महेंद्र साव, नवीन कुमार, रोशन गुप्ता, अकलेश यादव, संजय यादव, रंजीत गंझु, उदय यादव, कमेश पासवान, बिहारी यादव, किसुन प्रसाद, उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ सहायता योजना शिविर का आयोजन

**बारीयातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री स्वास्थ सहायता योजना के जानकारी के लिए शिविर लगाया गया। प्रखण्ड के बिडीओ प्रतिमा कुमारी चिकित्सक सुरेन्द्र कुमार ने सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता एवं सहयोग राशि के बारे में जानकारी दी एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ सहायता प्राप्त करने के लिए एसी एसटी एवं ओबीसी के श्रेणी के लोगों के लिए चिकित्सक के इलाज के पर्ची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। चिकित्सक सुरेन्द्र कुमार ने शल्य चिकित्सा एवं गंभीर बिमारियों के लिए अनुदान राशि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी के अनुसार शिविर में 15 आवेदन पत्र जमा की गई। मौके पर स्वास्थ विभाग के एम पी डब्लू संजय गंजू, पंकज कुमार,संदिप कुमार, बलराम कुमार सहित अनेकों कर्मी उपस्थित थे।

## माता शबरी की जयंती मनाई गई



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुरी अमवाटिकर में अखिल भारतीय भुइंया समाज कल्याण समिति लातेहार प्रखंड द्वारा शुक्रवार को पहाड़पुरी आमवाटिकर मे माता शबरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र भुइंया ने किया।पूजा महोत्सव मे बतौर मुख्य अतिथि मोहन भुइंया मौजूद थे।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मोहन भुइंया ने माता शबरी जयंती पर विस्तार से प्रकाश डाला। और मौजूद लोगो को माता शबरी के विचारो को बताया गया। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र भुइंया ने भी लोगो को संबोधित कर माता शबरी के भाव को अपने जीवन मे लोगो को उतारने की जरूरत बताई।और उन्होंने बताया कि शबरी जयंती के दिन भगवान श्री राम के साथ-साथ माता शबरी की भी पूजा उपासना की जाती है धार्मिक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में फालगुन माह में कृष्ण पक्ष की सप्तमी को भगवान श्री राम की माता शबरी से मुलाकात हुई थी वहीं पूजा महोत्सव के आयोजन पर बल देते हुए इसे हर वर्ष धूमधाम से मनाने के लिए समाज के लोगो को बढ़चढ़ कर सहयोग की अपील की है। इसके पुर्व भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मनोज भुइंया, हेमलाल, विमल, चलीतर भुइंया, सहेंद्र भुइंया, मुनेश्वर राम समेत सैकड़ों लोग महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में तृतीय अभिभावक गोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में अभिभावक संघ शिक्षकों ने तृतीय गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षता विनोद कुमार दांगी एवं आज के अध्यक्ष प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह की अध्यक्षता एवं हिंदी साहित्य के शायरी लेखक शिक्षक राजीव कुमार दास के संचालन करता में बैठक का आयोजन किया गया। जहां अभिभावक एवं शिक्षकों के बीच बच्चों के भविष्य पूर्ण बेहतरीन तरीके से एवं शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतरीन तरीके से बच्चा अच्छा ज्ञान प्राप्त करें। जैसे अनेकों चर्चा की गई।जिसमें शिक्षकों ने अभिभावकों से हरसंभव मदद करने की बातें कहीं। साथ ही साथ बच्चा घर में कितनी समय पढ़ाई करता है आज्ञा का पालन करता है इन सभी अनेकों प्रकार की जानकारी अभिभावक एवं शिक्षक ने चर्चा किया। मौके पर उपस्थित शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार टिंकू गेंदों रविदास सरोज कुमार संतोष सेठ राजीव नयन प्रकाश मोहम्मद रमजान अली अंसारी शमीम अहमद किरण कुमारी शारदा शेरबाला उमेश कुमार एवं बसंत कुमार मिश्रा गौरव कुमार के साथ दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक, दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में शुक्रवार 24 फरवरी को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कीया। जहां सभी रोजगार सेवकों को कई दिशा निर्देश दिए। मनरेगा से संचालित योजनाओं में तेजी लाने की बात सबसे पहले की गई। उसके बाद मनरेगा मजदूरों को अधिक से अधिक काम देने की बातें कही गई। एवं आधार शिर्डींग यानी कि मनरेगा मजदूर को आधार कार्ड से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर कार्य में तेजी लाने की बातें कही गई। मौके पर उपस्थित बीपीओ अजय कुमार सिन्हा पंचायत सेवक महेश मिस्त्री चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार जीपीएस मिथिलेश सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक सुनील कुमार रोहित कुमार गोविंद कुमार स्वर्ण लता कुमारी उर्सिला टुटी शामिल थे।

## बीपीओ ने शिक्षकों का गैर आवासीय प्रशिक्षण दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी जूनिका हेंब्रम ने मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान (FLN) की प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। बीपीओ ने प्रभात मंत्र से कहा कि स्नरह्र की प्रशिक्षण शिक्षको को प्रखंडस्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों में मूलभूत संख्या ज्ञान को काफी सरल तरीके से विकसित करने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले स्कूली बच्चों को विशेष लाभ होगा। आपको बता दें कि स्नरह्र कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रथम बैच में कुल 40 शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रशिक्षक विकास पांडे, उमेश महतो इंद्रदेव साहू और अमित कुमार के द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार रजक बीआरसीकर्मी जितेन्द्र रजक, शिक्षक ईश्वर यादव शिवकुमार यादव संतोष यादव अमृत चंद्रवंशी शैलेश दांगी सुनील दांगी उदय यादव सुमित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## धुमधाम से मनाई गई माता शबरी की जयंती

**बारीयातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के गांव गाढ़ा स्थित ढुबा में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष लाखों भुइयां के नेतृत्व में धुमधाम से माता सबरी पुजा मनाया गया। पुजा समिति के अध्यक्ष सुकरी देवी सचीव सीता देवी कोषाध्यक्ष गीता देवी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता सबरी की पुजा की। ऐसा माना जाता है कि आज के दिन ही भगवान राम माता सबरी को दर्शन दिए और सबरी। के जुठे बेर खाए थे। इस में भक्त और भगवान दोनों के पुजा होती है। इस पावन अवसर पर प्रमुख उर्मिला देवी मुखिया सुरेश उरांव पसंस जया देवी समाज सेवी राजेश उरांव नंदु उरांव व संतोष कुमार भारती को स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर अनेको भुइयां समाज के लोगों ने भुमिका निभाई। दुसरे तरफ़ बारियातू में मंटु भुइयां, गोनिया के चुम्बा गांव में बाजों भुइयां के नेतृत्व में धुमधाम से माता सबरी पुजा मनाया गया।

दिव्यांगजनों को मिला सहायक उपकरण

# पीएम मोदी ने दिव्यांगजनों का मान बढ़ाया : ईश्वर दयाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड सभागार में एडीआईपी योजनान्तर्गत चिन्हित 25 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। केन्द्रीय अधिकारिता व न्याय मंत्रालय भारत सरकार के तहत उपायुक्त चतरा पत्रांक 175 दिनांक 7/2/23 के आलोक में प्रखंड कार्यलय सभागार में शिविर का आयेजन कर पुर्व से मूल्यांकित दिव्यांगजनों को आवाश्यक सामग्री सहायक उपकरण के रुप में दिया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो, जिला परिषद सदस्या टंडवा उतरी देवंती देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी एवम जिले से प्रतिनियुक्त कृत्रिम अंग विशेषज्ञ चंद्रमौली पांडेय उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि यह सबसे कल्याणकारी कार्य है, दिव्यांग की सहायता दुनिया का सबसे पुण्य कार्य है। प्रधानमन्त्री मोदी जी ने आज दिव्यांगजनों का सम्मान बढ़ाया है। यह सामाजिक अधिकारिता व न्याय मंत्रालय की महत्वपूर्ण कार्य योजना है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने छूटे हुए दिव्यांगों के लिए जल्द पुनः शिविर का आयेजन कर उपकरण उपलब्ध कराने की बात कहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो ने कार्यक्रम सफल हुआ इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के सभी दिव्यांग की सूची मूल्यांकन हेतु उपलब्ध कराने का अपने प्रवेक्षको को निर्देश दिया। जिन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिया गया उनमें मुख्य रुप से शोभा कुमारी, आदित्य कुमार, शान्ति देवी, कदम कुमारी, जमीला खातून, नन्द किशोर महतो व अन्य को दिया गया। मौके पर कृत्रिम अंग विशेषज्ञ चंद्रमौली पांडेय, चिरंजीवी बैरा, कौशलेश साहु, समाज कल्याण प्रवेक्षिका चंद्रावती नायक, कुमारी अंजु, अजमेरी खातून व दिव्यांग जनों के साथ आए माता, पिता, सहयोगी उपस्थित थे।

खुले आसमान में रहने को विवश अनाथ पाँच भाई

# अपने कच्चे आशियाना को बचाने में लगे हैं अनाथ बच्चे, नहीं मिल पा रही है कोई मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड क्षेत्र के बौधाड़ीह पंचायत अंतर्गत हारूल (चितवातरी) गांव में पांच अनाथ बच्चे खुले आसमान में रहने को विवश है। सबसे बड़ी विडंबना है की पांचों भाई नाबालिग है।ज्ञात हो कि लगभग एक वर्ष पूर्व इनकी माता मनिया देवी का निधन हो गया था वही माता के निधन के 3 वर्ष पूर्व इनके पिता बल्ली गंझु की मौत हो चुकी है।सबसे बड़ा भाई सरोज कुमार बताता है की किसी तरह से मेहनत मजदूरी कर अपने व अपने भाइयों के लिए भोजन का प्रबंध करता हु।ऐसे हालात में घर बनाना हमारे बस से बाहर की बात है हालांकि फिर भी सरोज अपने चारों भाईयों को छत देने के लिए जद्दोजहद कर मिट्टी का दीवाल खड़ा कर रहा है। यदि इन अनाथ बच्चों को किसी भी तरह का सरकारी स्तर पर आवास देने का प्रबंध किया जाता तो शायद इन्हें भी छत के नीचे सुकून का नींद मिल पाता। वही यदी इन्हें सामाजिक स्तर पर कोई फरिश्ते का भी सहारा मिल जाता तो इनके जीवन के दुःख से थोड़ी सहूलियत मिल जाती। लेकिन फिलहाल यह पांचों अनाथ भाई खुले आसमान में सोने को विवश है। वही संबंधित पंचायत क्षेत्र के पंचायत सेवक राजु रंजन का कहना है की अनाथ बच्चों के पिता का नाम प्रधानमंत्री आवास एसईसीसी डाटा में है परंतु सरकारी नियमानुसार 18 वर्ष के बाद ही किसी सदस्य के नाम से प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति दिया जा सकता है। जबकी अनाथ भाई में सबसे बड़ा भाई सरोज का उम्र भी 18 वर्ष से कम है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार ने बताया की बाल संरक्षण कार्यालय को फाईल भेज दी गई है स्वीकृति मिलते ही सहायता प्रदान की जाएगी।

## मजाक बना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर, नहीं पहुंचे लाभुक

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लगाए गए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना शिविर प्रचार-प्रसार के अभाव में लाभुक नहीं पहुंचे। तीन प्रखंडों में लगभग डेढ़ लाख की आबादी में मात्र दो आवेदन ही प्राप्त हुआ। जिससे स्वास्थ्य विभाग के लाभकारी योजनाओं पर प्रश्न खड़ा होता नजर आ रहा है। यह शिविर महज मजाक बनकर रह गया शुक्रवार को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का शिविर लगाया गया था। जिसमे महज दो आवेदन प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की लाभ व जानकारी देने को लेकर इस शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम के अध्यक्षता में किया गया था।जिसमे भीड़ नही थी। जबकि स्वास्थ्य विभाग में सैकड़ों स्वास्थ्य सहिया,एएनएम,जीएनएम एमपीडब्ल्यू कार्यरत है। उसके बावजूद शिविर विफल होना स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के विफलता को दर्शाता है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के साथ-साथ लाभ के बारे मे विशेष जानकारी दी गयी। वही इस सबंध में डॉक्टर सुरेश राम से पूछे जाने पर कहा अभी यह शिविर अगले दो दिन तक चलेगा। इसको लेकर प्रचार किया जाएगा।

## दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग, में मनाया गया दसवां वार्षिक उत्सव

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गाड़ी लौंग में संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दसवीं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल का आधार लिंकिंग ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में

**हजारीबाग :** पीडब्ल्यूडी चौक स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय में मोबाइल से आधार लिंक कराया जा रहा है। आधार लिंक कराने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंच रहे हैं ।लिंक से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भरने में मदद होगी।जो विद्यार्थी अपना मोबाइल से आधार लिंक नहीं कराए हैं वह विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचकर लिंक करा सकते हैं।आधार लिंकिंग दिनांक 25 फरवरी को हजारीबाग पोस्ट ऑफिस से भी किया जा सकता है।

### महाधिवेशन में शामिल होने रायपुर पहुंची राज्य कांग्रेस की टीम

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय कांग्रेस के दिनांक 24 से 26 फरवरी तक चलने वाले 85 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश के प्रतिनिधि भाग लेने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे।महाधिवेशन में भाग लेने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल निरज खलखो प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश सिंह,शशि मोहन सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. प्रकाश कुमार, कुमारी बाखला, कैलाश पति देव, शारदा रंजन दुबे, संतोष कुमार देव आदि शामिल हैं ।

### शत-प्रतिशत उठाव नहीं हो पाने की स्थिति में पैक्स के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य खाद्य निगम मुख्यालय,रांची के द्वारा सूचित किया गया है कि खरीफ विपणन मौसम 2021-22 में मनेया पैक्स के द्वारा कुल 1705.06 क्विंटल धान चन्द्रावती राईस मिल प्रा0 लि0, मोरांगी, हजारीबाग को उपलब्ध नहीं कराया गया है। मिल में उपलब्ध नहीं कराये गये धान के समतुल्य राशि प्रति क्विंटल 2050 की दर से 34,95,373,00 (चौतीस लाख पन्चानवे हजार तीन सौ तिहत्तर रूपये) मात्र होता है जिसके विरुद्ध पैक्स के द्वारा दो लाख रुपये दिनांक 18 अक्तूबर 2022 को एवं छ लाख पैतीस हजार रूपये दिनांक 19 नवंबर 2022 को निगम मुख्यालय के खाता संख्या 5 0 1 0 0 2 9 1 6 1 3 1 9 5 में जमा किया गया है।

### सीसीएल सिरका के पुराने पिट ऑफिस डंपिंग क्षेत्र में लग रही है झाड़ियों में आग

**सिरका :** सीसीएल सिरका कोलयरी क्षेत्र के पुराने पिट ऑफिस के सामने डंपिंग इलाके में बीते तीन दिनों से लगातार अगलगी के कारण यहां मौजूद झाड़ियां झुलस कर काले पड़ गए हैं। लोगों ने गुरुवार को बताया कि शरारती तत्वों के द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं। छोटी सी चिंगारी जंगली क्षेत्र में भी पहुंच जा रही हैं। जिससे आग का धुआं का गुब्बारा पूरे क्षेत्र में फैल रहा हैं। इससे कोलयरी क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं।

### समाजसेवी मो. असलम अंसारी के निधन से शोक की लहर

**बरही :** समाजसेवी सह रसोइया धमना के पूर्व मुखिया लसकरी गांव निवासी रशीदा खातून के पुत्र मो. असलम अंसारी का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे रसोईया धमना पंचायत में शोक की लहर फैल गई। वहीं शुक्रवार को अंतिम संस्कार रसोईया धमना में स्थित ईदगाह में किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुवे। बता देगी मृतक मो. असलम एक अच्छे समाजसेवी के साथ साथ रसोइया धमना मदरसा अजिजिया जेयाउल ऊलूम के सेक्रेट्री के पद पर थे। एक वर्ष पूर्व ही इनके पिता मो. अब्दुल जलील साहब का निधन हो था। मौके पर बड़े भाई मो. तस्लीम अंसारी, समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की डीसी के साथ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण अयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्य रूचि कुजुर और मिन्हाजुल हक ने उपायुक्त के साथ बैठक समाहरणालय में किया। इस अवसर पर जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता, बी ई ओ नागेश्वर सिंह, डोमन मोची, एल पी ओ राकेश कुमार सिंह, सी डब्लु सी सदस्य मुन्ना कु पांडेय, डॉ भारती नयन, सविता सिन्हा, पायल सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे। कल विद्यालयों के निरिक्षण में पाए गई समस्याओं के कारण पर चर्चा हुई तत्पश्चात उनके निराकरण पर विचार हुआ। ज़िला बाल संरक्षण कार्यलय के लिए, सीआरएस फण्ड से एक वाहन देने की बात हुई जिससे रिसेक्यु किये बच्चों को लाने ले जाने में सुरक्षित रहें।जिस विद्यालय में बाउंड्री वाल और शौचालय नही है उसे उपायुक्त ने कहा की डीएमएफटी फण्ड से अविलम्ब बना लिया जायेगा। बड़कागाँव रोड चौक अवस्थित छोटे बच्चों के प्राथमिक विद्यायक की बाउंड्री वाल डीएमएफटी फण्ड से चयनित कर लिया गया है ज़िसे अविलम्ब बना लिया जायेगा। सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में गर्ल छात्रवास को अविलम्ब अलग कर दिया जायेगा, विद्यालय संचालन में अक्षम शिक्षक स्थातरित किया जाए ऐसा उपायुक्त ने शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया। सभी विद्यालय का प्रदर्शन के आधार पर कार्यों का आकलन किया जायेगा। पीने का शुद्ध पानी, खेल का मैदान और सामग्री देने की बात हुई। सरकार द्वारा किताब,कॉपी अन्य शिक्षण सामग्री के गुणवत्ता का ध्यान रखा जायेगा साथ में नियमित रूप से वितरण पर ध्यान रखने की बात हुई।उपायुक्त ने आश्वासन दिया की आने वाले समय में बाल अधिकार और संरक्षण के लिए पूरा सहयोग मिलेगा।

# पतरातू में जी 20 सम्मिट का होना गौरव की बात : योगेंद्र साव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** लबगा जिंदल रोड स्थित माही रेस्टोरेंट में शुक्रवार को हेयर स्पा का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री योगेंद्र साव ने किया। इस मौके पर योगेंद्र साव ने कहा कि इस तरह के हेयर स्पा होने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्पा के मालिक राजेंद्र कुमार रौशन ने बताया कि इस स्पा में लोगों को सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। स्पा की सुविधाओं का लाभ लोगों को उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। हेयर स्पा के मालिक राजेंद्र कुमार रोशन से आगे बात करने पर उन्होंने कहा कि क्योंकि हमारा क्षेत्र एक इंडस्ट्रियल हब के रूप में जाना जा रहा है और यहां हमारे देश के अन्य राज्यों से भी लोग पहुंच रहे हैं। बीआईपी वर्ग के लोगों के आगमन से क्षेत्र गुलजार हो रहा है। कहीं ना कहीं उन्हें उनके मन मुताबिक हेयर स्पा नहीं मिलने से उन्हें कठिनाई हो रही थी।

# स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा उनके उनके क्षेत्रों में मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई वही मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सभी से आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

# माता शबरी जयंती को सफल बनाने के लिए संपर्क अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** शुक्रवार को झारखंड भूईया समाज विकास समिति द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। पतरातू प्रखंड अंतर्गत सांकुल बरवाटोला तालाटांड सोलिया भूईया टोला शाहकॉलोनी पीटीपीएस में जिला अध्यक्ष आजाद भूईया जिला सचिव गोविंद राम महिला जिला सचिव रीना देवी द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर आगामी 28 फरवरी को माता सबरी जयंती समारोह में शामिल होने की अपील किए। ज्ञातव्य हो कि सांकुल पंचायत ऊपर टांड में माता सबरी जयंती 28 फरवरी को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है द्व इधर समिति जिला अध्यक्ष ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि धनबाद के नेता सुखदेव विद्रोही होंगे।

# गोलीबारी चिंता का विषय, व्यापारी वर्ग में भय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** चुनावी माहौल में भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान और चुनावी सभाओं के माध्यम से स्थानीय जनता को झारखंड की जमीनी हकीकत याद दिलाते हुए एनडीए प्रत्यासी के सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करने को प्रोत्साहित कर रहें हैं जिससे झारखंड में लूट और खौफ के माहौल खत्म हो सके। उपचुनाव प्रभारी के रूप में रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में चाय पर चर्चा और जनसंपर्क के माध्यम से भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने स्थानीय नागरिकों सहित व्यवसायों,गृहणियों,मजदूरों के बीच जाकर एनडीए कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और पिछले तीन सालों में महागठबंधन की लुटेरी सरकार के बीच का अंतर बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने रामगढ़ जिले में बढ़ते अपराध,हत्या और भ्रष्टाचार चिंता जाहिर करते हुए सभी से इस भ्रष्ट सरकार को उपचुनाव में करारी हार का



झटका देने की अपील किया है। शुक्रवार को साहू का जनसंपर्क अभियान वार्ड नंबर पांच और छः में चला जहां ज्यादातर व्यवसाई और गृहणियों ने रामगढ़ में व्यवसायों पर गोलीबारी और गरीबों को राशन नही मिलने संबंधी समस्याएं बताई। साहू ने कहा की रामगढ़ के बिजुलिया,भुरकुंडा सहित अन्य जगहों पर व्यवसाई वर्गो रंगदारी न देने पर हुई गोलीबारी से रामगढ़ में दहशत का माहौल है लेकिन सरकार चुप हैं क्योंकि रंगदारी का एक बड़ा हिस्सा पुलिस और इनके नेताओं को भी मिलता है।

# मतगणना सहायकों व मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों के लिए हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शुक्रवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा उपस्थित सभी मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों से संबंधित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। मौके पर सभी को मतगणना के दिन भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी गई।

# बनासो में सड़क दुर्घटना,तीन युवक समेत दो बच्चे घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ गोमियां मार्ग बनासो में कोनार होटल के आगे दो मोटरसाइकिल की आपस मे भिड़ंत हो गई जिससे तीन युवक समेत दो बच्चों को काफी चोट आई ।घटना की जानकारी देते हुए बनासो पंसस प्रतिनिधि राजू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बगोदर डीह के तीन युवक संजय कुमार राणा,अशोक कुमार ठाकुर एवं मुकेश कुमार राणा विष्णुगढ की तरफ से अपनी मोटरसाइकिल जेएच11एके 5788 में सवार



होकर जा रहे थे,बनासो कोनार होटल के आगे सामने से आ रही, मोटरसाइकिल जेएच 01 सीएक्स7585 में सवार जो गोमियां से इलाज कराकर जेरुआडीह अपने घर वापस जाने के क्रम में सबारत अंसारी ,पत्नी दो बच्चो समेत मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई । जिसमे संजय कुमार राणा,अशोक कुमार ठाकुर,मुकेश कुमार राणा को पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट आई है तथा दोनों बच्चों की आँख पर भी चोट लगी है ।मौके पर 108 सेवा की एम्बुलेंस पहुँचकर घायलों उचित इलाज के लिए विष्णुगढ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।समाचार लिखे जाने तक कोई अप्रिय सूचना प्राप्त नही हुई है।

# उपचुनाव रामगढ़ में लोगो से बहुमूल्य मत देकर जीत दिलाने का किया आह्वान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी में शुक्रवार को झारखंड पार्टी के उपचुनाव रामगढ़ प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने मतदाताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। सभी से वोट देने का आह्वान किया। अवसर पर सभा में झापा के कार्यकारिणी अध्यक्ष सह पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार, पूर्व राज्यमंत्री सह पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय प्रवक्ता आनंद पोल तिर्की आदि उपस्थित हुए। सभा का संचालन झापा युवा नेता आकाश करमाली ने किया। लोगो से झापा कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहां कि प्रदेश में सरकार लूट, खसोट, अवैध खनन, गरीबों के अधिकारों का हनन करने का कार्य कर रही हैं। जीते हुए जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं।

# एचजेडबी आरोग्यम में गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजी विशेषज्ञ देंगे ओपीडी सेवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जन और कैथ लैब सेवा शुरू होने के बाद हॉस्पिटल प्रबंधन महानगरों की तर्ज पर अन्य स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने को लेकर तत्पर है। इसी कड़ी में जल्द ही रांची के सुप्रिद्ध हॉस्पिटल पारस हॉस्पिटल के गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक हजारीबाग के आरोग्यम हॉस्पिटल में अपनी ओपीडी सेवाएं देंगे। इस सुविधा के शुरू होने से अब पाचन तंत्र, और पित्ताशय की थैली, यकृत, पित्त नलिका, अग्नाशय सहित अन्य अंगों से संबंधित रोगों का समुचित इलाज गेस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं रक्त और रक्त वाहिकाओं से संबंधित रोगों के इलाज की समुचित सुविधा हेमेटोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

# कस्तूरबा स्कूल पतरातू में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसके तहत टीबी अवर्णेश प्रोग्राम कराया गया।जिसके मुख्य अतिथि सदर अस्पताल रामगढ़ के डीएस डॉश उदय श्रीवास्तव द्वारा टीबी बीमारी जागरुकता पर जानकारी दी गई। साथ ही साथ ज़िला यक्ष्मा रोग पदाधिकरी डॉश स्वराज के द्वारा बच्चो के बीच टीबी बीमारी फैलने एवम उसके उपचार संबंधित जानकारी विस्तार से बताया गया।वहीं स्कूल के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 11वी छात्रा राधा कुमारी द्वितीय स्थान पर नौवीं कि आकांक्षा गिरी एवं तृतीय स्थान पर 11वी कि स्वाति कुमारी रहीं। बच्चों के बीच पारितोषिक वितरण भी किया गया।

### यूपीए प्रत्याशी बजरंग माहतो के पक्ष में सभा का आयोजन

# गठबंधन कि सरकार है हर व्यक्ति को न्याय मिले : राजेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** युपीए महागठबंधन के द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को सभा का आयोजन किया गया। सभा कि अध्यक्षता विनोद किसकू व संचालन विनोद महतो ने किया। वही सभा को बरही विधायक उमाशंकर अकेला अनुप सिंह सरफराज अहमद योगेंद्र महतो फागु बेसरा सैलेनदर महतो खीरु महतो भुनेश्वर प्रसाद मेहता राजेश ठाकुर पूर्व विधायक शंकर चौधरी आदि ने सम्बोधित किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होता है। गठबंधन कि सरकार है हर व्यक्ति को न्याय मिले । ममता देवी को 5 वर्ष के लिए चुना था। मां का दुध पिया है तो सामने आव। बजरंग को भारी मतों से पच्चास हजार वोटों से जितने जा रहा है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उपचुनाव हो रहा है बजरंग महतो के लिए



अपील करने आए हैं।हर समाज के लोग जानते हैं 27 को वोट देकर बजरंग महत्तो को विजयश्री बनाने का काम करें। महागठबंधन द्वारा आयोजित यूपीए प्रत्याशी बजरंग माहतो के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार को गिराने में लगे हैं सपना देखते तीन साल हो गये अमित साह बोलते हैं कि सरकार को गिरा दो ।

# गोविंददेव मंदिर का सत्संग भवन आकर्षक व अद्भुत : चंद्र प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जयपुर राजस्थान पहुंचे।तदोपरांत छोटी काशी के नाम से विख्यात जयपुर नगरी के गोविंद देव जी का दर्शन कर शहरवासियों की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की।इस प्रसिद्ध मंदिर मे एक सत्संग भवन बनाया गया है। सत्संग भवन के बीच मे एक भी पिलर नही दिया गया है। इस सत्संग भवन की लंबाई 119 फीट, चौड़ाई 124 फीट वही इसकी ऊंचाई 24 फीट है। इस अद्भुत निर्माण पर गिनीज बुक में इसका नाम दर्ज किया गया है। जैन ने कहा कि मंदिर में स्थित सत्संग भवन काफी आकर्षक एवं अद्भुत है।

# कलश स्थापना के साथ ही शक्तिपीठ भगवती मंदिर बरही में शतचंडी महायज्ञ शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शक्तिपीठ भगवती मंदिर में श्री श्री 108 श्री शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने नो कन्याओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। जल यात्रा में शामिल कन्याएं एवं महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर यज्ञ स्थल की परिक्रमा भी की गई। परिक्रमा करने के उपरांत पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से यज्ञ स्थल के पास कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पुरुष भक्त भी शामिल हुए। इस दौरान महिला पुरुष भक्तों द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव, दुर्गा माता की जय, बजरंगबली की जय, आदि नारे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ से वातावरण में शुद्धता आती है और आसपास सकारात्मक ऊर्जा की उत्पत्ति होती है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, सुरेंद्र रजक,पंचमाधव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, संतोष रजवार,सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बिरबीर में धूमधाम से मना शबरी जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने बिरबिर में शबरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि दुलाल भुईयां राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री झारखंड एवं एवं सदर विधायक प्रतिनिधि इंदर सिंह राठौड़ राजेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे। समिति के जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहारी ने कहा कि माता शबरी के जूठे बेर खाकर भगवान राम ने दुनिया को समता भाईचारा और बंधुत्व का संदेश दिया . ग्रंथों के अनुसार माता शबरी भगवान श्री राम की परम भक्त थी. शबरी का असली नाम श्रमणा था।उनके विवाह पर परंपरा के अनुसार सैकड़ों पशुओं की बलि दी जाने वाली थी,यह सब वो सहन न कर सकीं और एक दिन पूर्व अपना घर त्याग कर दंडकारण्य वन में पहुंच गई. दंडकारण्य में मातंग ऋषि तपस्या किया करते थे।

### गर्मी की शुरुवाती दस्तक के साथ ही पानी के लिए हाहाकार

# बड़कागांव में अधूरे पड़े हैं जल मीनार, सरकार का 18 करोड़ हुआ बेकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** गर्मी के शुरुवाती दस्तक के साथ ही पानी के लिए हाहाकार मचने लगी है। 2022 में घर- घर जल नल योजना पूरी होने वाली थी, लेकिन आज तक पूरी नहीं हो पाई । बड़कागांव प्रखंड के 3 पंचायतों में जल एवं स्वच्छता विभाग से 18 करोड़ के 3 जल मीनार बनाया गया है। उक्त जल मीनारों का निर्माण कार्य का शुभारंभ अलग-अलग अवधि में किया गया था। कई बार समय सीमा समाप्त होने के बाद इसे सितंबर 2022 में चालू करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन अभी भी कार्य अधूरा पड़ा है। लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं होने से इलाके के लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। जे ई प्रदीप तिर्की ने बताया था कि 1 महीने के अंदर जल मीनार काम पूरा हो जाएगा। हालांकि यह आश्वासन 1 वर्ष पूर्व से ही दिया जा रहा है लेकिन कार्य जस का तस है।

**2016 में शुरू हुआ प्रखंड मुख्यालय का जल मीनार अब तक है अधूरा**

बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ आवास के समीप 6 वर्ष पूर्व 2016 में जल मीनार का कार्य प्रारंभ हुआ था। जिसका काम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। इसके कई काम अधूरे पड़े हैं। कार्य की रफ्तार को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि काम पूरा होने में अभी 2 वर्षों का समय और लगेगा। इस जल मीनार में लगभग 10,000 से अधिक लोगों को पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**नया टाँड़ जल मीनार जमीन विवाद के कारण नहीं हुआ पूर्ण**

नयाटाड बाजार के समीप 2018 में जल मीनार का काम शुरू कराया गया था। लेकिन जमीन विवाद के कारण काम को बंद करवा दिया गया। हालांकि निर्माण कार्य में हो रहे विलंब को लेकर मुखिया लीलावती कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम ने कहा है कि संवेदक एवं ग्रामीणों की आपसी सामंजस्य के बाद जल्द से जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

**बुढ़वा महादेव जल मीनार से 25 हजार ग्रामीण होंगे लाभान्वित**

कांडतरी पंचायत के बुढ़वा महादेव में 2019 में जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। शुरू में इसके निर्माण में भी विवाद हुआ था। लेकिन उसे निपटा लिया गया। अब यह लगभग बनकर तैयार है, लेकिन चालू नहीं किया गया हैं। इस योजना के तहत करीब 25,000 ग्रामीणों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

**गर्मी आने से पहले होगी जलापूर्ति शुरू - प्रदीप तिर्की**

जेई प्रदीप तिर्की का कहना है कि बड़कागांव ब्लॉक का जल मीनार धीमी गति में है। इसके लिए कॉन्टैक्टर को चिट्ठी लिखी गई है। बुढ़वा महादेव एवं नया टाँड़ का जल मीनार बनकर तैयार है। बिजली जैसे ही जुड़ जाता है गर्मी आने से पहले जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# बूथ मजबूत तो देश मजबूत और देश मजबूत तो हम सब मजबूत : जेपी भाई पटेल

## माण्डू विधायक की उपस्थिति में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल बूथ सशक्तिकरण की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ पश्चिमी मंडल की कामकाजी बूथ सशक्तिकरण की बैठक मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में की गई,बैठक का संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया ।बूथ सशक्तिकरण की बैठक में बतौर मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में की गई ।कामकाजी बैठक के प्रारंभ के पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वृत्तचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधानसभा के वर्तमान विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कामकाजी बैठक का शुभारंभ किया ।बैठक में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक बूथ में कम से कम पचास सक्रिय कार्यकर्ता महिला-पुरषो के साथ बूथ कमिटी बनाने की बात कही गई । पन्ना प्रमुख के चयन एवं की वोटर के बारे में कार्यकर्ताओं को काफी बारीकी से समझाते हुए बूथ कमिटि के निर्माण की बात कही गई ।कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए



माण्डू विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी माँ के समान है,और इस पार्टी की जी जान से सेवा करना हमारा परम् कर्तव्य है ।अतः आप सब पार्टी के दिये हुए कार्य को पूरे मन एवं समर्पित भाव से करेंगे तभी हम केंद्र में मोदी सरकार को पुनः स्थापित कर पायेंगे और हमारा भारत फिर से पूरे विश्व मे अपना परचम लहरायेगा । चुनावी बिगुल बज चुका है। पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से अपील है,कि प्रधानमंत्री के द्वारा किये गये कार्यो एवं उनकी सुनीति की चर्चा लोगो के बीच जरूर करें ।अंत मे मेरा सिर्फ यही कहना है,बूथ मजबूत तो देश मजबूत और देश मजबूत तो हम सब मजबूत ।इस मौके पर मुख्य रूप से कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पूर्व सांसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,जिला भाजयुमों उपाध्यक्ष हिरामन महतो,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,उमा देवी, पिंकी देवी, पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद स्वर्णकार,र ाकेश प्रसाद बर्णवाल,मंत्री राजेश सोनी, हरि यादव, संजू देवी,सोमर महतो, सुरेश राम, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम,गायत्री देवी, सुमन देवी, टिंकी देवी, सबिता देवी, कन्हाई यादव, महेंद्र राम, दीपक रजक, सुखदेव मंडल, राजू महतो,राजू यादव, भीखन रविदास, संजय कुमार महतोसमेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# बगोदर विधानसभा में पड़ने वाले मडमो व अलपिटो में मिली सड़क की स्वीकृति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड के कुछ गांव अलपिटो,मडमो के हिस्से बगोदर विधानसभा में पड़ते है जिसकी वजह से विष्णुगढ प्रखण्ड के मध्य जिप सदस्य सह बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब के प्रयास के फलस्वरूप बगोदर विधायक विनोद सिंह के द्वारा विकास की सोच रखते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विष्णुगढ प्रखण्ड में अलपिटो(चौथा) में एनएच 100 से जमुनियां नदी तक और मडमो में मडमो से बेलियाटांड तक करीब दो किलोमीटर तक सड़क की स्वीकृति कराई गई। वही अलपिटो की सड़क भी करीब दो किलोमीटर की ही है ।इस जिप सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क काफी जर्जर अवस्था मे थी।

# धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने 11 टीबी मरीजों को अनुमंडलीय अस्पताल में सौंपी द्वितीय किस्त की पोषण सामग्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए हर दिन नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इसी के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में प्रखंड के धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने 11 टीवी मरीजों को गोद लेकर द्वितीय किस्त का पोषण सामग्री का वितरण किया। द्वितीय किस्त के पोषण सामग्री मुखिया राजेन्द्र प्रसाद द्वारा द्रौपदी देवी, कलवा देवी, आरती देवी, बिशुन पंडित, वासुदेव सिंह, लक्ष्मी कुमारी, शांति देवी, टिंकू भुइयां, कैलाश भुइयां, निशा कुमारी, विजय मेहता को वितरण किया गया। इस दौरान



नि-क्षय पोषण योजना के लाभ के साथ भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो का एक किग्रा का पैकेट भी दिया गया। वही कुछ टीबी मरीजों ने इलाज से संबंधित अपने अनुभव भी साझा किए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ऐसे मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन हम जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं से टीबी रोगियों का हौंसला बढ़ जाता है, जब उन्हें यह पता लगता है कि परिवार के अलावा भी ऐसे लोग समाज में हैं जो उनकी परवाह करते हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता करते हैं और वह नियमित रूप से दवा खा रहे हैं या नहीं, इस बारे में पूछते हैं। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि सरकार नि-क्षय मित्र बनने का मौका दे रही है या कहें कोई भी व्यक्ति टीबी रोगी को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण की सेवा लेकर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उन्होंने अपील किया है कि बरही के लोग, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाएं नि-क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लें।

# कलश स्थापना के साथ ही शक्तिपीठ भगवती मंदिर बरही में शतचंडी महायज्ञ शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शक्तिपीठ भगवती मंदिर में श्री श्री 108 श्री शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने नो कन्याओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। जल यात्रा में शामिल कन्याएं एवं महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर यज्ञ स्थल की परिक्रमा भी की गई। परिक्रमा करने के उपरांत पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से यज्ञ



स्थल के पास कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पुरुष भक्त भी शामिल हुए। इस दौरान महिला पुरुष भक्तों द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव, दुर्गा माता की जय, बजरंगबली की जय, आदि नारे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ से वातावरण में शुद्धता आती है और आसपास सकारात्मक ऊर्जा की उत्पत्ति होती है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, सुरेंद्र रजक,पंचमाधव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, आकाश कुमार, नागेश्वर रजक,मनोज कुमार यादव, बब्लू साहू, संतोष रजवार,सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बिरबीर में धूमधाम से मनी शबरी जयंती

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने बिरबिर में शबरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि दुलाल भुईयां राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री झारखंड एवं एवं सदर विधायक प्रतिनिधि इंदर सिंह राठौड़ राजेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे। समिति के जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहारी ने कहा कि माता शबरी के जूठे बेर खाकर भगवान राम ने दुनिया को समता भाईचारा और बंधुत्व का संदेश दिया . ग्रंथों के अनुसार माता शबरी भगवान श्री राम की परम भक्त थी. शबरी का असली नाम ÷श्रमणा÷ था।उनके विवाह पर परंपरा के अनुसार सैकड़ों पशुओं की बलि दी जाने वाली थी,यह सब वो सहन न कर सकीं और एक दिन पूर्व अपना घर त्याग कर दंडकारण्य वन में पहुंच गई. दंडकारण्य में मातंग ऋषि तपस्या किया करते थे, भील जाति की होने के कारण वह प्रत्यक्ष ऋषि की सेवा तो नहीं कर सकीं लेकिन वे चुपचाप प्रातः जल्दी उठकर आश्रम से नदी तक के मार्ग के सारे कंकड़ और कांटो को चुनकर पूरे रास्ते को भलिभांति साफ कर दिया करती थी और रास्ते में बालू बिछा देती थी. शबरी के इसी भक्ति के कारण भगवान राम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ माता सीता को खोजते हुए वहां पहुंचे और शबरी से वहीं पर मुलाकात हुई।

# निशांत आशीष ने की बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान से मुलाकात, कहा शैल ने किया सपना पूरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शैल लुब्रिकेंट्स ने आज मैकेनिक समुदाय के प्रति अनूठे अंदाज़ में आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान का जश्न मनाया। इस सिलसिले में, शैल ने हाल में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर मूवी पठान के साथ एक आउट-फिल्म साझेदारी की और इसके नायक तथा बॉलीवुड बादशाह शाहरुख़ ख़ान की मुलाकात कुछ चुनींदा मैकेनिक्स से करायी। ऐसे ही एक भाग्यशाली मैकेनिक हैं रांची, झारखंड के निशांत आशीष जिन्हें बॉलीवुड मैगास्टार से रूबरू होने का मौका मिला। इस बारे में निशांत आशीष का कहना है, मैं शैल के साथ पिछले कई वर्षों से जुड़ा हूं, और शैल का आभारी हूं जिनकी बदौलत मुझे शाहरुख़ ख़ान से मिलने का मौका मिला है। मैं शैल टीम का भी शुक्रगुज़ार हूं और आने वाले कई



सालों तक इस मुलाकात को याद रखूंगा। मेरे दोस्त और परिवार के लोग मुझे फोटो में बॉलीवुड बादशाह के साथ खड़े हुए देखकर बेहद खुश हैं। इससे मुझे एक बार फिर यह विश्वास हो गया है कि शैल ऐसा ब्रैंड है जो सही मायने में अपने पार्टनर्स को महत्व देता है और हमारी उन्नति में सहयोग देने के साथ-साथ हमारे सपनों को सच करने में भी मदद करता है।

# गर्मी शुरु होते ही जलाशयों में जल स्तर गिरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत हर साल लगातार जल स्तर घट रहा है । जिसका असर क्षेत्र के कुआं और डोभा तक पड़ रहा हैं। इधर क्षेत्र के कई ग्रामीणों इलाकों में पानी की कमी साफ़ दिखने लगी हैं। कई पंचायत ऐसे हैं जंहा ग्रामीणों को पानी की समस्या को दूर करने के लिए डीएमएफटी मद द्वारा सोलर आधारित हजारों लीटर क्षमता वाली लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत पेयजल की व्यवस्था और सीसीएल सीएसआर के तहत कई पंचायतो में जल मीनार बनाए गए हैं। जो



लगभग सभी खराब हो चुके हैं जिन्हें मरम्मत की जरूरत है । वहीं ग्रामीणों का कहना है कि फरवरी माह में कुंआ तालाब डोभा में जलस्तर घट जाने और जल मीनार से जलापूर्ति नहीं होने से समस्याए बढ़ गई हैं। साथ ही साथ कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां ग्रामीणों को शादी-व्याह के मौके पर पानी की समस्या सताने लगी है। इसके अलावे क्षेत्र के कई किसान ऐसे हैं जो खेतीबाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं जिन्हें सिचाई में दिक्कत होती हैं। बताते चलें कि फरवरी माह में ही पतरातू डेम और दामोदर नदी जैसे जलाशयों का जल स्तर घटा हैं। जिसका प्रमुख कारण कम बारिश बताया जाता है।


## झारखण्ड सरकार
## परिवहन विभाग
## (लीड एजेन्सी, सड़क सुरक्षा)

**सूचना**

ज्ञापांकः– SLD–24/2022–स०सु० 81 दिनांक–23/02/2023

सड़क सुरक्षा के दृश्टिकोण से यथानिर्धारित व्यवसायिक वाहनों में गति नियंत्रण उपकरण (SLD) के अधिश्ठापन की सुनिश्चितता के निमित्त Superme Court Committee on Road Safety से प्राप्त निदेशों के अनुपालनार्थ SLD निर्मात्ता कंपनियों को झारखण्ड राज्य के VAHAN-4 पोर्टल से इंटीग्रेट करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

2. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों से सूचीबद्ध वैध एवं अद्यतन कन्फर्मिटी ऑफ प्रोडक्शन (CoP) धारी गति नियंत्रक निर्मात्ता (Original Equipment Manufacturer) लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, झारखण्ड में उक्त हेतु प्रस्ताव समर्पित कर सकते है।

ह०/–
संयुक्त परिवहन आयुक्त
(सड़क सुरक्षा), लीड एजेन्सी, सड़क सुरक्षा,
परिवहन विभाग, झारखण्ड।

PR.NO.291114 Transport(22-23):D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–रिया कुमारी, उम्र–18 वर्ष
रंग–साँवली, उँचाई–5 फिट,
पहनावा–साडी पहनी हुयी है।

उपरोक्त लापता महिला रिया कुमारी, पे0–मधु गंझु, सा0–हेसल, थाना–अनगड़ा, जिला–राँची जो दिनांक–26.01.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना सनहा संख्या–11/23 दिनांक–27.01.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। – 9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 291171 Police(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## एन०आर०ई०पी०, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/09/2022-23 दिनांक–23.02.2023

1. मद का नामः राज्य योजना अनावद्ध के अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | चतरा | चतरा | फांसी तालाब में कांक्रीट बेंच, डेस्क एवं पेबर ब्लॉक पथ निर्माण का कार्य। | 24,87,300.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.03.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 14.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 15.03.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 18.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 291108 NREP(22-23).D

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
## पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सुभाष मार्केट स्थित सभी दुकानें **अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा के ज्ञापांक– 09, दिनांक– 30.09.2016** के द्वारा नगर परिषद्, चतरा को हस्तांतरित किया गया था तथा उक्त पत्र के द्वारा सभी दुकानों के लिए **14.00 रू0 प्रति वर्गफीट** किराया निर्धारित किया गया था।

हस्तांतरण के उपरान्त से उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों के द्वारा न तो नगर परिषद्, चतरा के साथ किसी प्रकार का एकरारनामा किया गया है और ना ही नगर परिषद् को कभी किराये की राशि का भुगतान किया गया है।

विदित हो कि उक्त मार्केट में स्थित सभी दुकानें 30 वर्षो से अधिक पुरानी हैं तथा मरम्मती के अभाव में सभी दुकानें जर्जर हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यहाँ ध्यात्वय हो कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, चतरा के द्वारा सभी दुकानों को कंडम घोषित किय जा चुका है।

नगर परिषद्, चतरा के द्वारा उक्त स्थल पर नया मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार कर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा गया था, जिस पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं इसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संवेदक को कार्यादेश भी निर्गत किया जा चुका है। वर्त्तमान में उक्त स्थल पर स्थित सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर नव निर्माण शुरू किया जाना है।

अतः तदालोक में उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि उक्त दुकान हेतु उनके ऊपर बकाया किराया (अक्टुबर–2016 से जनवरी–2023 तक) जमा कर धारित स्थल को खाली करें ताकि उन्हें नव निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स में दुकान आवंटन में प्राथमिकता दी जा सके। इस आदेश का अनुपालन नही करने की स्थिति में भविष्य में उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों का कोई भी दावा मान्य नही होगा तथा इनके विरूद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR 291105 Urban Development(22-23)#D

## कार्यालय नगर परिषद्, विश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम-सूचना**

नगर परिशद बिश्रामपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP(Self Employment Program) घटक के तहत् कुल 23 ऋण लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 2051 दिनांक 10.10.2022 के आलोक में कुल 53,130/– रूपये प्रशिक्षण हेतू व्यय किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि 04.03.2023 को कार्यालय अवधि तक नगर परिशद, बिश्रामपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

शर्तः–
1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. Entrepreneurship Development Training /Training इत्यादि का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण–पत्र/Training Certificate देय होगा।
4. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत Trainner को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर परिशद, बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए Class Room ( हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चाटपेपर, स्केचपेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को एक बैच में सभी 23 प्रशिक्षणार्थिया को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी/एन0जी0ओ0 का PPT Presentation दिनांक 04.03.2023 को किया जायेगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 291125 District (22-23)_D

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**आवश्यक सूचना**

**जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचना :–**

विभागीय संकल्प संख्या/ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित **Teacher Transfer Portal** के वेबसाईट **teachertransfer.jharkhand.gov.in** में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा इस संबंध में सरकार के अवर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के विज्ञप्ति संख्या PR-291069/2022-23 के द्वारा तत्संबंधी आपत्ति 03.03.2023 तक दर्ज करने का निदेश है, तदनुसार संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है।

जिले में कार्यरत सभी शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार की त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित **दिनांक 03.03.2023 तक** विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये **Email ID- teachertransferranchi@gmail.com** में भेज सकते है।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपति मान्य नहीं होगा।

जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रकाशित सूची में से अपने–अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो दिये गये ईमेल के माध्यम से ऑनलाईन निर्धारित अवधि के अंदर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन ईमेल के माध्यम से दिया जा सकेगा।

| आपत्ति कर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का साक्ष्य सहित विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्त्ता शिक्षक/शिक्षिका का हस्ताक्षर

नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR291121 (Human Resource Developement)22-23*D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## जंगली हाथियों से बचाव को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को नगर भवन में जंगली हाथियों से बचाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिले में हाथियों से हुई मृत्यु के लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मियों को बताया कि बिछड़ा हाथी लोहरदगा, रांची होते हुए निकला है। बिछड़े हाथी के समूह शेष कही लातेहार या अन्य जगह है। हाथी आते देख युवा आगे आते हैं जिसके देखा देखी बुजुर्ग/ बच्चे भी आ जाते है। उपायुक्त ने कहा कि हाथी की गति 30 किमी/ घंटा की रफ्तार होती है, ऐसी स्थिति में हाथी से दूरी बनाकर रहना चाहिये। यदि हाथी आक्रामक हो जाय तो युवा तो दौड़ जाते किन्तु वुजूर्ग चपेट में आ जाते हैं। अकेला हाथी ज्यादा आक्रामक होता है उससे कोसों दूर रहना चाहिए। हाथी किसी भी घर की ओर आता है तो सिर्फ खाना के लिए आता है। वैसी स्तिथि में संपति बचाने के चक्कर में छेड़ छाड़ नही करना चाहिए। उपायुक्त ने कार्यशाला में कहा की गांव के समाज सेवी,जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी, कर्मी अपने -अपने क्षेत्र में वर्क शॉप कर जानकारी दें। सब लोग सुरक्षित रहे और दूसरे को भी सुरक्षित रहने में मदद करे। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि इस कार्यशाला में जो जानकारी प्राप्त हो रही है। उसे गांव में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाए। यह एक आपदा है फॉरेस्ट, पुलिस, प्रशासन, पब्लिक सभी का टीम वर्क करने की जरूरत है। टीम वर्क में तुरंत सूचना दिया जाना चाहिए। प्रिवेंटिव एक्शन लेने में सुविधा होती है। हाथी अपने आप में डरता है। इसके बाद भी उसे छेड़ छाड़ करते है तो वह आक्रामक हो जाता है। हाथी कुछ पौधों से दूर रहता है, वैसे पौधों को घर के आस पास लगाएं।उप विकास आयुक्त -समीरा एस ने कहा कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की भूमिका, पुलिस डिपार्टमेंट की भूमिका, तथा जनता की भूमिका क्या होनी चाहिये, हाथी आने पर हमें क्या करना है, क्या नहीं करना है,इसकी जानकारी दी जा रही है।कार्यशाला में दिए गए जानकारी अपने क्षेत्र,गांव से जन जन तक जानकारी पहुंचे। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार ने कहा कि आजकल हमारे क्षेत्र में हाथी आ रहे हैं, हाथी हमारे घर नहीं आ रहा है बल्कि हाथी के क्षेत्र में हमने घर/रास्ता बना लिया है। हाथी बरसों पूर्व विचरण किया करते थे, किंतु आज भी आते हैं तो उसे छेड़छाड़ ना करें ,विचरण करते गुजर जाएंगे। हाथी के आने पर आपको जानकारी मिले तो आसपास के सभी लोगों को बताएं तथा उसके नजदीक ना जाएं।फसल की खेत में प्रवेश करें तो भगाने की सोच के साथ उसके नजदीक नहीं जाए ,जो भी उपाय करना हो दूर से करें। भीड़ ना बनाएं भीड़ बनाने पर कोई ढेला मारता है तो कोई पटाखा छोड़ देता है,तो वह उग्र हो जाता है,वह भी अपनी जान को खतरा समझकर आक्रामण मूड हो जाता है। वह रात में चलता है और दिन में स्थिर रहना पसंद करता है। पत्थर/पटाखा दिन में नहीं मारना चाहिए।

## जय श्री राम समिति ने नव वर्ष विक्रम संवत एवं होली मिलन समारोह को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति की बैठक पवारगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू, पूर्व अध्यक्ष संजय नायक उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत एवं होली को लेकर खास चर्चा हुई। बैठक में जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से इस बार भव्य शोभा यात्रा निकालने पर जोड़ दिया नववर्ष के उपलक्ष पर इस बार की शोभायात्रा में मुख्य रूप से झांकी आकर्षक का केंद्र होगा। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा नव वर्ष विक्रम संवत सनातन धर्मलंबियो के लिए विशेष महत्व रखता है इस दिन सुबह से ही सभी मंदिरों में पूजा पाठ होती है घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनाने की परंपरा रही है साथ ही शोभायात्रा में अत्यधिक संख्या में लोग शामिल होते हैं तत्पश्चात संध्या में सभी घरों के बाहर दीप जला कर उत्सव मनाते हैं आगे कहा सभी सनातन धर्मलंबियो को शोभायात्रा में शामिल होनी चाहिए एवं होली को भी लेकर सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा होली धूमधाम से मनाएं परंतु नशा पान से दूर रहे और लोगों को दूर रहने का सलाह दें पंचायत अध्यक्ष बंधन भगत एवं राम लखन लोहरा ने कहा इस बार शोभा यात्रा में जनजातीय समाज की भागीदारी अधिक से अधिक होगी, साथ ही सनातन एकता का प्रतीक शोभायात्रा में दिखेगी। मौके पर जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी समेत पूर्व पदाधिकारी मौजूद थे।

## अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में सेन्हा पुलिस मेढो कोयल नदी से बिना नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। अग्रतर कारवाई हेतु खनन व परिवहन सेन्हा थाना क्षेत्र के मेढो कोयल नदी एवं डांडु कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन बड़े पैमाने पर जारी है। जिसका गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को मिल रहा था। सूचना के आलोक में सत्यता की जाँच के लिये उनके निर्देश पर अहले सुबह छापेमारी दल को भेज एक ट्रैक्टर बिना रजिस्टेशन नम्बर को जप्त कर थाना लाया गया वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि अवैध बालू का उत्खनन चार पांच ट्रैक्टर द्वारा किए जाने की बात बताई जा रही है। साथ ही बताया गया कि पुलिस वाहन पर नजर पड़ते ही बाकी ट्रैक्टर भाग निकला लेकिन एक ट्रैक्टर को सेन्हा पुलिस जप्त कर थाना लाई। और अग्रतर कारवाई हेतु थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान एवं अंचलाधिकारी विजय कुमार के द्वारा खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। जप्त ट्रैक्टर को थाना में सुरक्षित रखते हुए क्षेत्र में छापेमारी अभियान जारी है।

## संयोजक कमलेश कुजूर की मां के निधन पर सामाजिक विचार मंच ने किया शोक प्रकट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक विचार मंच के सँयोजक रघु टोली निवासी कमलेश कुजूर की माता जी का देहांत हो गया। इनके अकास्मिक निधन पर सामाजिक विचार मंच शोक व्यक्त करती है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करती है। तथा भगवान दुख की इस घड़ी में उनके परिवार वालो को धैर्य प्रदान करें। इनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, सागर वर्मा, संदीप भगत, रिंकू महेंद्रु, प्रमोद वर्मा, एजाज मलिक, राजेश वर्मा, राजेश कुमार उर्फ चुँदन, अजय पंकज, पँकज टोप्पो, कमल केसरी, सत्येंद्र शर्मा, सुबोध साहू, राजू यादव, पवन शराफ, सँतोष केरकेट्टा, पवन सोनी, रोहित साहू, रंजन सिंह, तापस कुमार राय, मोनू सराफ, विकास गुप्ता, दिगम्बर साहू, ज्ञानप्रकाश साहू, मोहम्मद अमानुल्लाह, राजेश कुमार महतो, मोहम्मद मिंटू, ब्रज सिंह, जुम्मन रजा,संजय विश्वकर्मा, रिपुसूदन साहू, विक्रम कुमार, सोहन साहू, मोहम्मद बबलू, सँजीव शर्मा, एन कुजुर, मनोज गुप्ता, विनोद सिंह, राहुल कुमार, गोपाल गोयल, छोटू वर्मा, रोहित प्रजापति, प्रेम किशोर प्रजापति, राजेश शर्मा, धर्मेन्द्र भगत, रिँकू वर्मा, रामगति प्रसाद गुप्ता, पवन सोनी, उदय दता, कैलाश दसोंधी, राकेश राय, रमेश कुँवर, अभिषेक मिश्रा, अनिल साहू, शंकर साहू, अनिल वर्मा, राजकुमार यादव, चंदन सिंह, नरेंद्र दसोंधी, सुरेश ठाकुर, सुरेंद्र पासवान, राहुल कुमार साहू, रोहित दसोंधी, कमलेश उरांव, गुडुस गुप्ता आदि शामिल है।

## रंगों का जीवन मे महत्वपूर्ण स्थान, बिना रंगों के जीवन व्यर्थ : थाना प्रभारी

### शांतिपूर्ण रूप से मनाएं होली का त्यौहार : अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई थाना परिसर में होली एवं शबे बारात त्योहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने कहा की केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने का रहा है आप सभी सदस्य इस पर खरा उतरे और रंगों का त्योहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाएं,ताकि केरसई की जो छवि है वो कायम रहे। वही केरसई थाना प्रभारी अंशु कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा की होली का त्यौहार एक महत्वपूर्ण त्यौहार है यह हमें संदेश देता है की जीवन में रंगों का अलग स्थान है बिना रंगों का जीवन व्यर्थ है होली में हम सभी एक दूसरे से मनमुटाव भुला कर इस त्योहार को मनाते हैं। अगर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर होली में हुड़दंग करता है तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला परिषद प्रेमा बाड़ा सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता सहायक थाना प्रभारी राजीव जी विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद एवं सुरेंद्र प्रसाद,मुखिया सत्या देवी मुखिया मुन्स खेस मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार मुखिया राहुल तिग्गा जगरानी कुजूर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जेफ्रीन एक्का मनोहर प्रसाद गौतम कुमार दयानंद रोहित बसंत साहू दिवाकर प्रसाद राधेश्याम प्रसाद डॉक्टर शंभू नाथ मिश्रा बिष्णु प्रसाद बशारत अंसारी जमाल खान जावेद अंसारी सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें छात्र : जोसिमा खाखा

## धूमधाम से मना लिटिल फ्लावर स्कूल का वार्षिकोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल तामड़ा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संदेश में जोसिमा खाखा ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए जीवन में एक लक्ष्य बनाएं। लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। साथ ही उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन-रात पुरी इमानदारी के साथ मेहनत करें। उन्होंने कहा कि अपने मां-पापा का आदर करें और उनकी सेवा करें। अपने से बड़ों का भी आदर करें। विधायक भूषण बाड़ा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विधानसभा सत्र के माध्यम लगातार मांग कर रहे हैं। विधायक के पहल पर शिक्षा व्यवस्था पहले की अपेक्षा काफी दुरुस्त भी हुई है। आने वाले दिनों में और भी मजबूत होगी। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की एचएम एचएम सि मार्थेला, पंसस संदीप तिग्गा, उप मुखिया अशोक गुप्ता, पूर्व मुखिया हीरा राम, फा जेबियर केरकेट्टा, तामड़ा की सुप्रियर सि सरीता, पंसस प्रतिमा कुजूर, सभानेत्री कर्मेला, सभापति किशोर, सि शोफी, सि ज्योति, सि क्रिस्टो मारिया, सि आगाथा, सि माला, सि किरण, विद्या, कई अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

## कैरो थाना पुलिस पदाधिकारी ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 24 फरवरी शुक्रवार को कैरो थाना के पूलिस अवर निरीक्षक ऋषिकान्त कुमार ने कैरो थाना काण्ड के फरार अभियुक्त कैरो गजनी निवासी टबरेज अंसारी पिता हबीब अंसारी, इरशाद अंसारी पिता सामुद्दीन अंसारी दोनो गजनी ग्राम निवासी के घर जाकर दीवाल पर चिपकाया इश्तेहार, घर वालो से अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय मे उपस्थित होने का दिया निर्देश। इस अवसर पर कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार ने बताया की कैरो थाना के काण्ड संख्या 29/17 भा0द0वि0 461, 379, 411 के तहत अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार निर्गत हूई थी, जिसे अभियुक्तों के घर जाकर दीवाल पर इश्तेहार चिपकाकर घर वालों से दोनो अभियुक्तों को शीघ्र न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर कैरो थाना के ए0एस0आई0 धर्मेंद्र कुमार एवं कैरो थाना के सदल बल उपस्थित थे।

## पीएलवी की हुई मासिक बैठक, शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में 24 फरवरी को प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में फरवरी माह में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी माह में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से पूरा करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। सभी पीएलवी डालसा के महत्वपूर्ण अंग है। सभी की सहभागिता विशेष महत्व रखता है। बैठक में यह तय किया गया कि आगामी 03 मार्च को मोटर वाहन अधिनियम एवं क्लेम सेटलमेंट को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाना है। 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 15 मार्च को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस एवं 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही महीने में कम से कम में दो दिन प्रत्येक पीएलवी को लिगल लिटरेसी क्लासेस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। पीएलवी शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पोस्को एक्ट, भारतीय दंड संहिता में बलात्कार संबंधी दंड के प्रावधान, उपभोक्ता फोरम, जल संरक्षण आदि विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर रोहित तमेडा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, गौतम लेनिन, सुनेश्वर उरांव, पुन्नु देवी, दुखिंता मिंज, छाया देवी, आशीष वर्मा, सीमा कुमारी, अफान खान, रवि लोहारा, देवमणि कुमारी, प्रियांशु यादव, जितेंद्र राम उपस्थित थे।

## सांसद सुदर्शन भगत ने अवैध वन कटाई को लेकर केंद्रीय मंत्री को कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में हो रहे बड़ी जोरों से अवैध वन कटाई को लेकर माननीय सांसद सुदर्शन भगत ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव,वन एवं पर्यावरण विभाग भारत सरकार को कराया अवगत। कहा कि झारखण्ड राज्य अपने समृद्ध वन सम्पदा के लिए जाना जाता है। घने वन और वन आधारित जीवनशैली यहाँ की पहचान है और यहाँ की अर्थव्यवस्था की धुरी भी है। घने वन झारखण्ड को देश के सभी राज्यों से अलग पहचान बनाते हैं। वनों के संरक्षण हेतु राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा अनेकों नियम भी बनाये गए हैं। वनों के संवर्धन हेतु अब समाज भी जागरूक हुआ है। किन्तु पिछले कुछ दिनों से झारखण्ड राज्य, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र के लोहरदगा जिले के पेशरार प्रखंड एवं आसपास के प्रखंडों में बड़े पैमाने पर वनों की अवैध कटाई की जा रही है। जनसंपर्क के समय स्थानीय लोगों द्वारा एवं आये दिन समाचार पत्रों के माध्यम से



जानकारी प्राप्त होती रहती है ढ्ढ स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहता है। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार भी उदासीन है। यही स्थिति गुमला जिले में हैं। आदरणीय महोदय, उपरोक्त मामला अत्यंत गंभीर होता जा रहा है। इसलिए यह पत्र आपको लिख रहा हूँ ढ्ढ जिससे कि झारखण्ड के गुमला, लोहरदगा जिले में चल रही वनों की अवैध कटाई बंद हो सके। वनों को अवैध रूप से कटाई करने वालों एवं इससे जुड़े अवैध व्यवसायियों के विरुद्ध विधि संवत कार्यवाही की जा सके ढ्ढ अतः मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है, कृपया लोहरदगा एवं गुमला जिले में गत 5 वर्षों में लगातार घटते वनों का पुनः सर्वेक्षण करवाने का कष्ट करें।

## उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने स्वास्थ्य विभाग के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव में किस्को, कुडू एवं सेन्हा प्रखंड के प्रतिशत कम उपलब्धि के कारणों की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि बिना निगरानी कितना प्रसव घरो में हुआ। पूर्ण संस्थागत प्रसव होने का प्रमाण एम ओ आई सी देंगे।जिले में टी बी मरीजों की पहचान तथा उनके सफल चिकित्सा की जानकारी ली गई तथा टीबी मरीजो के प्रवास स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदेश दी गई।विभाग के वितीय समीक्षा हेतु विन्दुवार उपयुक्त फॉर्मेट में प्रस्तुत करने हेतु अगली तिथि दी गई। आज की बैठक में प्रभारी सी एस, सभी एम ओ आई सी, डी पी एम, एच एम सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुजम्मिल अहमद ने कुडू में हाई मास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते कुछ दिनों में कुडू प्रखंड क्षेत्र में बढ़ी अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की। उन्होंने उपायुक्त को बढ़ती घटना को लेकर कुडू प्रखण्ड क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरा एवं हाईमास्ट लाईट लगाने को लेकर आवेदन सौंपा और अविलंब लगाने की मांग की है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि आये दिन कुडू में अपराधियों के द्वारा आसानी से किसी भी घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जो काफी दुखद बात है। जिससे आम जनता के बीच भय का माहौल व्याप्त हो गया है। जिसे देखते हुए कुडू के हर चौक-चौराहे एवं गलियों में सीसी टीवी कैमरा एवं हाईमास्ट लाईट लगवाया जाए। जिससे अपराधियों में डर पैदा हो तथा किसी तरह की बड़ी घटना होने से आसानी से पकड़ा जा सके। यह कार्य होने से आम जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी गोलीकांड जैसे कई घटनाएं घट चुकी है। जिससे कुडू प्रखंड वासियों सहित व्यवसायिक वर्ग में रोष व्याप्त है। आवेदन प्राप्त कर उपायुक्त ने भी इस दिशा में जल्द सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया है। जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी दूरभाष पर बात कर लगातार हो रही घटनाओं से अवगत कराया। साथ ही इस पर रोक लगाने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया है।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार की अध्यक्षता में व्यापारियों की हुई बैठक, कहा-


## 5 मार्च को कुंजलाल भवन में वर्षो बाद धूम-धाम से व्यावसायी मनायेंगे एक साथ होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** न्यू रोड अवस्थित होटल सिटी एवेन्यू के सभागार में लोहरदगा के व्यापारियों की एक बैठक लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे उपस्थित व्यापारियों ने व्यापारीहित व जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि व्यापार को स्वच्छन्दता के साथ चलाने हेतु चैंबर प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से मिलकर लिखित अनुरोध करेगी कि छोटे छोटे नियमों का हवाला देकर व्यापारियों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारी परेशान न करें। तथा शिविर लगाकर एवं सेमिनार द्वारा व्यापारियों को जागरूक करे इसके लिये चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रशासन के साथ मिलकर हर सम्भव मदद करेगी। जबकि नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यपालक पदाधिकारी से भी चैंबर प्रतिनिधिमंडलमिलकर अपनी बात रखेगी तथा निवेदन करेगी कि होल्डिंग टैक्स व अन्य प्रभारों में रियायत दे तथा किसी भी प्रकार की वसूली चालू वर्ष के बकाये के हिसाब से करे, अतिरिक्त बोझ ना दे। पुराने बकाया का हवाला देकर राशियों की भारी भरकम वसूली हेतु जिद्द ना करे,मानवता को ध्यान में रखकर व्यापारियों के साथ व्यवहार करे। वहीं लोहरदगा का व्यापारियों के भलाई के लिये कुछ नियमों को शिथिलता भी आवश्यक है। लोहरदगा जैसे छोटे ज़िले में व्यापरिवर्ग दिन रात मेहनत कर किसी तरह अपने व परिवार का कर रहे है जीवन यापन। उन्हें नियमो का हवाला देकर जबरदस्ती फाइन लगाना तथा डरा धमकाकर अवैध वसूली इत्यादि मनोबल को तोड़ रही है। ऐसे में जिला का सम्पूर्ण व्यापार प्रभावित हो रहा है। ज़िला के व्यापारियों को स्वछंदता के साथ व्यापार करने हेतु कुछ नियमों शिथिलता अति आवश्यक है। हम व्यापारीवर्ग भी क़ानूनसम्मत कार्य करने का सम्पूर्ण प्रयास करेंगे। वहीं व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि कृषि उपज एवं पशुधन विपणन कानून यदि लागू की जाती है तथा 2 प्रतिशत करारोपण की जाती है तो इसका पहले से भी ज्यादा ताकत से एकजुटता के साथ विरोध किया जायेगा। जबकि रंगों के त्योहार होली को भी धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया तथा व्यापारियों का होली मिलन समारोह 5 मार्च को कुंजलाल भवन में ज़िला के सभी व्यापारी एक साथ रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली त्योहार मनायेंगे। वर्षो बाद एक साथ होली त्योहार मनाने का व्यापारियों को मौका मिलेगा। बैठक में फेडरेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार, पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, कार्यकरिणी सदस्य विजय कुमार खत्री, चन्दन गोयल, उत्तम कुमार, लोकेश प्रसाद, सुमित राय, पूर्व वरीय उपाध्यक्ष अनूप कुमार दास, सदस्य भोला अग्रवाल, गुणा साहू, भोला कुमार, राहुल अग्रवाल, भानु प्रताप, अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आशीष कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, फैज मोहम्मद, बबलू खान, रंजीत कुमार मुखर्जी, तनय गुप्ता, संजय गुप्ता, संतोष प्रसाद, मंटू अग्रवाल, बसंत कुमार अग्रवाल, मनीष अग्रवाल समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहें।

## पथ निर्माण कार्य में नकाबपोश अपराधियों ने बोला धावा, पांच मजदूरों से मोबाइल लूट दिया चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** ग्रामीण विकास विभाग के तत्वधान में संवेदक द्वारा घाटा से पतलो तक करोड़ो की लागत से पीसीसी व कालीकरण पथ निर्माण कार्य मे अपराधियों ने बोला धावा 5 मोबाइल लूट दिया चेतावनी। सेन्हा थाना क्षेत्र के घाटा से पाली तक सड़क निर्माण कार्य संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। इस दरमियान कजरहट नदी के समीप गुरुवार देर शाम पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कि तीन नकाबपोसी अपराधी एक बाइक पर सवार हो कार्यस्थल पहुंच सभी मजदूर को एक स्थान पर हथियार के बल से खड़ा कर कार्य बंद करने की धमकी देते हुए पांच मजदूर का मोबाइल लूट लिया। मजदूर अलग अलग राज्य व जिला से काम करने आये थे। जिसमें बिहार शरीफ सुरतपुर निवासी गणेश पासवान के पुत्र पिंटू पासवान, अरौत थाना बेना जिला नालंदा निवासी लक्ष्मी मांझी के पुत्र प्रदीप मांझी, स्वर्गीय कृष्णबल्लभ प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार, चंद्रवंशी एवं जेसीबी चालक चैनपुर निवासी गोवर्धन बड़ाइक, उपचालक डुमरी थाना क्षेत्र के लोहड़ा निवासी असमु उराँव के पुत्र भदेस उराँव का मोबाइल लूट हथियार चमकाते हुए भाग निकले। बताया जाता है कि ग्रामीण विकास विभाग (आरईओ) लोहरदगा के द्वारा संवेदक रामबालक कुमार के द्वारा 2 करोड़ 48 लाख की लागत से घाटा से पाली तक पीसीसी एवं काली करण पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान गुरुवार देर शाम एक बाइक पर सवार हो तीन नकाबपोश अपराधी हथियार से लैस हो कर कार्यस्थल पहुंच मजदूरों को धमकाते हुए एक स्थान पर खड़ा करवा कर पांच मजदूर का मोबाइल लूट लिया और धमकी देते हुए कहा कि जब तक संवेदक बात नही करता है तब तक कार्य आरम्भ किया तो अंजाम बुरा होगा मजदूरों ने बताया सभी अपराधी नकाबपोश एवं बाइक का नम्बर प्लेट में कपड़ा बांधे हुए थे। वहीं इस घटना की सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा दलबल के साथ देर रात घटना स्थल पहुंच जेसीबी को सुरक्षित थाना लाया गया। वही सत्यता की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड हाई कोर्ट में छह और सात मार्च को रहेगा अवकाश

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में छह और सात मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि छह और सात मार्च को होने वाले अवकाश के बदले में 19 अगस्त और 16 सितंबर को हाई कोर्ट का कार्य दिवस रहेगा। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। हालांकि जारी अधिसूचना में छह और सात मार्च को किन कारणों से हाई कोर्ट में अवकाश रहेगा,इसके विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### पांकी दंगे में निर्दोष बच्चों को भेजा जा रहा जेल : मंजूलता दुबे

**रांची** : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजूलता दुबे ने 15 फरवरी को पांकी में हुए दंगे के लिये राज्य सरकार की नीतियों को जिम्मेवार ठहराया है । मंजूलता ने कहा पांकी में हिंसा के बाद लगातार प्रशासन एक पक्षीय कार्यवाई कर रही है । बाहर पढ़ रहे छात्रों का नाम , वैसे लोग जो शादियों में गये हुये थे 14, 15 साल के बच्चों को पकड़ना ,रात के अंधेरे में दरवाजा तोड़कर पकड़ कर ले जाना पुलिस के द्वारा ,कहीं से न्यायसंगत नहीं है । प्रशासन और राज्य सरकार का ये तुगलकी फरमान और कार्यवाई निंदनीय है । उन्होंने कहा राज्य में अराजकता का आलम है । मंजूलता ने राज्य सरकार और पलामू उपायुक्त, एवम पलामू अधीक्षक से गुहार लगाई है कि निर्दोषों को जेल भेजना बंद करें जो लोग निर्दोष हैं उनके नामों को सूची से हटाया जाये ।

### शनिदेव महाराज मंदिर का वार्षिकोत्सव 26 को

**रांची** : श्री 1008 शनि देव महाराज नामकुम मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव 26 फरवरी को मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे कलशयात्रा, 10 बजे वेदीपूजन, 11 बजे महाआरती, दोपहर एक बजे से भंडारा होगा। शनि मंदिर महोत्सव में लगभग 15,000 भक्तों के आने की संभावना हैं। यह जानकारी मंदिर के पुजारी मुकुल पाठक ने दी।

### हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा : नेहा

**रांची।** बीते 13 फरवरी 2023 को सदर अस्पताल के चौथे तल्ले में नर्स टेरेसा,दीप्ति टोप्पो और वेब पोर्टल से जुड़ी नेहा से मारपीट की घटना के बाद नर्स टेरेसा व तृप्ति के द्वारा लोअर बाजार थाना में नेहा ,जयंती और जमील के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में तीनों को जेल हो गई थी। तीनों का 23 फरवरी को न्यायालय से बेल मिल गई है 24 फरवरी को तीनों जेल से बाहर आ गए हैं। जेल से बाहर आने के बाद नेहा ने कहा कि मारपीट की घटना के पीछे जो कारण था वह एक मरीज लक्ष्मी देवी नामक महिला जिसका प्रसव हुआ था वह सदर अस्पताल में भर्ती थी। उसके पति से 2000 मांगा जा रहा था, जिसकी जानकारी हमें मिली थी और इसी बात को लेकर रिपोर्टिंग करने के लिए पहुंचे थे और पूछताछ करने की पहल किये थे, कि नर्स से बहस शुरू हो गई और मारपीट में बदल गई । इस संबंध में मैंने भी लोअर बाजार थाना में नर्स टेरेसा और दीप्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस सिर्फ एक पक्ष को जेल भेजी है। मुझे अपने संविधान और न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है कि जिस ने मिलकर मारपीट की है उस पर भी कानूनी कार्रवाई होगी।

**भीषण गर्मी की संभावना को देखते हुए सरकार अलर्ट**

# पेयजल आपूर्ति में कोताही बर्दाश्त नहीं : विनय चौबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गर्मी में पेयजल की कमी न हो इसके लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें और एक सप्ताह में एक्शन प्लान बनाकर उसे क्रियान्वित करें। जिन शहरों में पाइप लाइन वाटर सप्लाई स्किम पूरी हो गई हैं, वहां अधिक से अधिक घरों में वाटर कनेक्शन दिया जाये। सभी निकायों में खराब और बंद पड़े चापानलों को अविलंब दुरुस्त किया जाये। जहां पाइपलाइन से जलापूर्ति संभव नही है वहां टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्चित हो। शहरों में बंद पड़े एचवाईडीटी बोरिंग को दुरुस्त कराएं। संसाधनों को दुरुस्त करने के लिए जरूरी उपलब्ध टीमों की संख्या बढ़ाएं। सभी नगर निकाय एक टॉल फ्री नंबर जारी करें। सभी नगर निकाय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये, जो जलापूर्ति को लेकर जवाबदेह होगा। उक्त निर्देश नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए सभी नगर निगम के नगर आयुक्तों,नगर परिषद और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों और जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी के विशेष पदाधिकारी को दिया ।



**राज्य सरकार बुनियादी जरुरतों की पूर्ति के लिए संवेदनशील:** सचिव विनय कुमार चौबे ने कहा कि राज्य सरकार जनता की बुनियादी जरुरतों की पूर्ति के लिए बेहद संवेदनशील है, इसलिए खासकर पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही होगी। हर नागरिक को पर्याप्त पीने का पानी मिले, इसे सुनिश्चित करें ।

**जरूरी संसाधन खरीद का निर्देश:** जलापूर्ति को लेकर विभागीय सचिव के निर्देश के बाद सभी निकायों की ओर से कुछ अतिरिक्त संसाधनों जैसे टैंकर, हैंडपंप और नई बोरिंग की आवश्यक्ता बतायी गयी, जिसपर राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक श्री अमित कुमार ने कहा कि त्वरित गति से निविदा निकालकर संसाधन की खरीद कर लें, पर जलापूर्ति में कोई कोताही नहीं होनी चाहिये । उन्होंने तकनीकी कोषांग और जुडको को सहयोग करने का निर्देश दिया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा:** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने प्रदेश के शहरों में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना वर्टिकल 1 और वर्टिकल 3 की स्वीकृत योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बेघरों को घर देनें की योजनाओं को लेकर भी उतनी ही संवेदनशील है और इसलिए आप कोशिश करें कि जरुरतमंदों को ससमय गुणवतायुक्त आवास का लाभ मिले।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी:** बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के उप निदेशक श्री कृष्ण कुमार,नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक श्री शैलेश प्रियदर्शी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि नगर विकास विभाग के तकनीकी कोषांग की टीम,जुडको के कई पदाधिकारी और सभी नगर निगम के नगर आयुक्त,सभी नगर परिषद और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी आनलाईन जुड़े थे।

## शिक्षा सचिव और कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न समस्याओं का शीघ्र निदान करने के लिए निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से दुमका के सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सोनाझरिया मिंज और चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गंगाधर पांडा ने राज भवन में भेंट कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

## एक्साइड नियो थ्री व्हीलर रिक्शा का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू एक्साइड ई रिक्शा यूनिट ऑफ सत्यम सेल्स के द्वारा मोदीनगर पलामू के अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजेश शाह के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन व शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा बैटरी वाहन का ही जमाना होगा। यह जनता व पलामू वासियों के लिए शुरू किया गया सेवा है। प्रोपराइटर सत्यम आर्य ने कहा की एक साइड भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। विश्व की सबसे बड़ी कंपनी होने के कारण ई-रिक्शा का निर्माण किया है। मजबूत स्टील बॉडी बढ़ीया




परफॉर्मेंस में शानदार टेक्नोलॉजी फिचर्स और जो बेरोजगार युवक है। स्वरोजगार के लिए ऑटो खरीद कर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं। इस अवसर पर झारखंड जन क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान, सलाहकार एलके, महासचिव कृष्णा चौधरी, विकास कुमार,शंभू पासवान,वीरेंद्र मांझी, अनिल कुमार, विनय कुमार सैकड़ों लोग उद्घाटन के अवसर पर गवाह बने।

## राज्य में टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य हो: राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य में टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य हो। सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रहें। अधिकारी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें । राधाकृष्णन शुक्रवार को राज भवन में 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम की समीक्षा में बोल रहे थे। उन्होंने टीबी उन्मूलन की दिशा में सीएसआर के तहत सक्रियता से कार्य करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि टीबी के मरीजों के उपचार के बाद उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि अतिरिक्त पोषाहार, स्वच्छता आदि के क्षेत्र में ध्यान देकर एवं लोगों को जागरूक कर टीबी का उन्मूलन निर्धारित लक्ष्य के पूर्व किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से कहा कि टीम भावना से योजना का क्रियान्वन इस प्रकार प्रभावी रूप से करें कि झारखंड राज्य सर्वप्रथम टीबी मुक्त राज्य बने। राज्यपाल ने कहा कि वे चाहते हैं कि झारखंड राज्य हर क्षेत्र में अग्रणी बने। राज्यपाल की ओर से इस अवसर पर क्यूआर कोड अंकित 'नि-क्षय मित्र' बैज का विमोचन किया गया। यह अन्य को भी नि-क्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करेगा। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य में लगभग 1800 नि-क्षय मित्र हैं और 30 हजार से अधिक टीबी रोगी हैं। इस बार विश्व टीबी दिवस का थीम यस वी केन इंड टीबी है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ0 नितिन कुलकर्णी, डॉ डी धर्मा राव, राष्ट्रीय परामर्शी, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान डॉ आदित्य सूद, सीईओ विहारा इनोवेशन नेटवर्क, दिल्ली, विवेक सरकार, टाटा स्टील फाउंडेशन, डॉ0 अनुज भटनागर, डॉ रंजीत प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



**राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा**

### जेपीएससी के पदाधिकारियों की सूची जारी

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग में सभी पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है।
आधिकारिक पद पर चेयरमैन मैरी नीलिमा केरकट्टा हैं, वहीं सदस्यों में अजीता भट्टाचार्य,डॉ अनीता हादसा, डॉ जमाल अहमद,
एग्जाम कंट्रोलर असीम किस्पोट्टा, ज्वाइंट सेक्रेट्री नीरज कुमारी,ज्वाइंट सेक्रेट्री मनीषा जोसेफ तिग्गा,डिप्टी सेक्रेटरी-रीता खलखो,डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन अनुराग लकड़ा।
राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, संयुक्त सचिव, अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित रवि रंजन मिश्रा को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक झारखंड लोक सेवा आयोग रांची के सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है।

## रांची में महिला पुलिसकर्मी सहित दो घरों का ताला तोड़कर 30 लाख की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर दो स्थित सीडी क्वार्टर नंबर 105 और सीडी 107 का ताला तोड़कर लगभग 30 लाख की चोरी हो गई। 107 क्वार्टर रांची के कोतवाली थाना के मानव तस्कर विंग में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी निशा कुमारी का बताया जा रहा है। सभी एक शादी समारोह में पटना गये हुए है। घटना की जानकारी गुरुवार देर रात पड़ोसी ने फोन पर दी थी। महिला पुलिसकर्मी के जेठ संदीप कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि बहुत आवाज हो रही है। लगता है चोरी हो रही है। इसके बाद घटना को लेकर संदीप ने जगरनाथपुर थाने और 100 डायल पर फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। शुक्रवार सुबह वह पटना से निकले और रांची पहुंचे। संदीप ने बताया कि चोर उनके घर से चार वीडियो कैमरा (15 लाख का),



सोना-चांदी के आभूषण, नकदी 20 हजार और टीवी सहित कुल 30 लाख के समान लेकर फरार हो गये हैं। चोर सात ताला को तोड़कर घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दूसरी ओर 105 क्वार्टर के संचालक एसएस सरकार बताये जा रहे हैं। वह फिलहाल कोलकाता में इलाज कराने गये हैं। उनके रिश्तेदार के विशाल सहित अन्य लोग वहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि शनिवार को क्वार्टर के मालिक के आने के बाद ही चोरी किये गये सामान के बारे में बता पाएंगे थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### वन एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए सीसीएलए ने किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) सतत एवं धारणीय विकास तथा वन एवं वन्य जीव संरक्षण के दिशा में आगे बढ़ते हुए शुक्रवार को दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। दोनों समझौते सीसीएल ने क्रमश॰ होप एंड एनिमल ट्रस्ट एवं आयुष्मति एजुकेशन एंड सोशल सोसायटी के साथ किया। प्रथम समझौता ज्ञापन में घायल जानवरों के बचाव एवं उपचार के लिए 24म7 एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त भी घायल जानवरों के पुनर्वास तथा लोगों के बीच रेबीज रोग से बचाव संबंधित जागरूकता फैलाई जाएगी। इस पूरे अभियान में सीसीएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 37.44 लाख व्यय किया जाएगा। दूसरे समझौता ज्ञापन में सीसीएल द्वारा संचालन क्षेत्र में 51 लाख रुपये की लागत से रुग्ण वृक्षों के उपचार के लिए ट्री एंबुलेंस की शुरुआत की जाएगी। सीसीएल न सिर्फ कोयला का उत्पादन कर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है बल्कि प्रकृति को बचाने एवं पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने की दिशा में भी हमेशा प्रयासरत है।

## झारखंड कैबिनेट की 27 फरवरी को होने वाली बैठक स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 27 फरवरी को नहीं होगी। बैठक को स्थगित कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने शुक्रवार को इस बाबत एक सूचना जारी कर दी है। पहले 27 फरवरी को कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे निर्धारित की गई थी।

## डेंटल कॉलेज गढ़वा में धूमधाम से सम्पन्न हुआ 51 बेटियों का विवाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत नव संचालित बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, फरठिया, गढ़वा के तत्वाधान में कार्यकर्म के मुख्य अतिथि परमपूज्य सुधीर भैया के आशीर्वाद एवं नेतृत्व में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन राम सामूहिक विवाह 2023 में सम्मलित सभी 51 बेटियो का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी वर वधुओ को विवाह मंडप पर ले जाया गया, जहा उनका विवाह पुरे रीतिरिवाज से प्रकांड पंडितो द्वारा संपन्न कराया गया। सभी वधुओ का कन्यादान परमपूज्य भैया जी तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस विवाह में वैसे वर व वधुओ का चुनाव किया गया था, जो शादी तो करना चाहते है पर दहेज देने और विवाह का खर्च उठाने में असमर्थ थे। वैसे असहाय, गरीब तथा अशक्त बेटियों का विवाह का पूर्ण खर्च वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गढ़वा द्वारा उठाया गया। सामूहिक विवाह में 5 हजार लोगो ने हिस्सा लिया। विवाह के मद्देनजर परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर, जगह जगह पर पानी का नल, आये हुए सभी वर वधुओ उनके अभिभावक, रिश्तेदार तथा समिति के सभी सदस्यों का सुबह का नास्ता तथा अन्नपूर्ण क्षेत्र में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। लगभग दोपहर 2 बजे शादी संपन्न के पश्चात पूज्य भैया जी द्वारा सभी नवविवाहित वर वधुओ को उपहार स्वरुप मुलभुत आवश्यक सामन भेंट किया गया, जिसमे पलंग, गद्दा, तकिया, कुर्सी, टेबल, साइकिल, बर्तन सेट जिसमे 114 प्रकार के सामान, हाथ घडी वर वधु, जूता, चप्पल, वैनिटी बॉक्स, ट्रंक, पंखा, चटाई, साड़ी, शर्ट पेंट, अटैची, बाल्टी, मग, एयर बैग, बक्सा, रजाई, प्रेसर कुकर, राशन ड्रम, दीवाल घडी, लेडीज पर्स, आयरन, टी सेट तथा सगुन के तौर पर लिफाफा तथा इत्यादि भेंट स्वरुप सभी नवविवाहित जोड़ो को दिया गया। सभी जोड़ो को 5-5किलो लड्डू व गाजा (मीठा) देकर नम



आँखों से विदाई दी गयी।

**ट्रस्ट द्वारा अभी तक 751 बेटियों का हो चुका है कन्यादान:** वर्ष 2011 से अब तक ट्रस्ट द्वारा 751 बेटियों का कन्यादान किया जा चूका है और वे सभी अपना खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे है। इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष जाड़े में गरीबो तथा असहयो के बीच कम्बल वितरण, छठ व्रतियो के बीच पूजन सामग्री का वितरण, बुजुर्गो तथा बच्चो के बीच सर्दियों में गर्म कपडा, जूता व चप्पल दिया जाता रहा है। इस सामूहिक विवाह का मुख्या उद्देश्य समाज में फैल रहे दहेज प्रथा को रोकना तथा जड़ से समाप्त करना है, पैसे के आभाव में अब किसी भी बहन या बेटी का विवाह नहीं रुकेगा, इसके लिए हर वर्ष ट्रस्ट वैसे अभावग्रस्त बहन बेटियों का चुनाव कर उनके विवाह कि पूर्ण जिम्मेवारी लेती है। इसके अलावा ट्रस्ट हर वर्ष 5000 गरीबो सा बीच कम्बल का वितरण, छठ पूजा में छठव्रतियो के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण, जाड़े के दिनों में बच्चो, माताओं तथा बुजुर्गो को गर्म कपडा व जूता चप्पल वितरण किया जाता है, उपरोक्त सभी कार्य सुधीर भैया के प्रेरणा तथा आशीर्वाद से संपन्न कराया जाता है, जिसमे ट्रस्ट अभी तक सफलीभूत होते आया है।

**विवाह समारोह में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान:** इस सामूहिक विवाह में समिति में प्रेरणा परमार्थ प्रयागराज, कानपुर तथा मुंबई से प्रमार्थियो ने सिरकत किया। इसके अलावा विवाह समिति के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव पवन कुमार तथा सदस्य श्री रंधीर सिंह, धीरज कुमार सिंह, मृतुन्जय सिंह, कृपा शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रवीन कुमार, राकेश कुमार, डॉ अजित कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार, मीना सिंह, रामप्रवेश सिंह,उपेन्द्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, शम्भू राम, डॉ अरविन्द सिंह, सुश्री दिब्य तिरु, मरिअम्मा जकारिया,हरेन्द्र सिंह,अजय कुमार, राज सिंह,अलोक सिंह, शिव कुमार ओझा ट्रस्ट के पूर्व प्रशाशनिक पदाधिकारी श्री रविन्द्र नाथ सिंह भोपाल से चलकर आये। साथ साथ सभी महाविद्यालयों के प्रध्यापकगन, छात्र - छात्राये ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस मौके पर भाजपा नेता अलख नाथ पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती अनिता दत्त, कंचन जयसवाल, फरठिया मुखिया सहंसाह आलम, पूर्व मुखिया फरठिया शमसुल होदा, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमित कुमार सिंह, सदर अश्पताल के डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ विकाश कुमार, प्रयागराज के डॉ अमृत लाल पटेल, डॉ असगर अंसारी, गढ़वा, रास्ट्रीय स्वयं संघ के आशीष वैद्य तथा आस पास गांवो के अन्य सम्मानित वियाक्तियों ने उपस्थित होकर नवविवाहितो को अपना आशीर्वाद दिया।